सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 08 अक्टूबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 272, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 137 अंकों की उछाल

प्रमुख बैंकों के शेयरों में खरीदारी आने और घरेलू संस्थागत निवेशकों का समर्थन मिलने से सेंसेक्स 137 अंक बढ़कर 81,926.75 अंक पर बंद हुआ। } 12


## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों ने किया एकजुटता का प्रदर्शन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एकजुटता और रणनीतिक दूरदर्शिता की ताकत का प्रदर्शन किया। } 12



## जॉन क्लार्क, माइकल एच डेवोरेट व जॉन एम मार्टिनिस को भौतिकी का नोबेल

एजेंसी




स्टॉकहोम। जॉन क्लार्क, माइकल एच डेवोरेट और जॉन एम मार्टिनिस को डिजिटल प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने वाली क्वांटम टनलिंग पर शोध के लिए भौतिकी का नोबेल पुरस्कार दिये जाने की मंगलवार को घोषणा की गई।

क्लार्क (83) ने अपना शोध कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले में किया। वहीं, मार्टिनिस ने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा में तथा डेवोरेट ने येल में और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा में भी अपना शोध किया। क्लार्क ने नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की घोषणा के बाद फोन पर पत्रकारों से कहा सीधे शब्दों में कहें तो यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा आश्चर्य है। उन्होंने अन्य दो पुरस्कार विजेताओं के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए कहा कि उनका योगदान शानदार है। क्लार्क ने कहा हमारी खोज कुछ मायनों में क्वांटम कंप्यूटिंग का आधार है। इस समय, यह कहां फिट बैठता है, यह मेरे लिए पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। हालांकि, अपने मोबाइल फोन से बात करते हुए, क्लार्क ने कहा, मोबाइल फोन के काम करने का एक मूल कारण यह सारा काम है। तीनों को 10 दिसंबर को आयोजित समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। नोबेल समिति ने कहा कि 1980 के दशक में पुरस्कार विजेताओं का काम क्वांटम क्रिप्टोग्राफी, क्वांटम कंप्यूटर और क्वांटम सेंसर सहित क्वांटम प्रौद्योगिकी की अगली पीढ़ी के विकास के अवसर प्रदान करता रहा है। भौतिकी के लिए नोबेल ...शेष पृष्ठ 10 पर

## हिमाचल में बस की छत पर गिरा भूस्खलन का मलबा, 15 की मौत

❍ बस में सवार थे 35 यात्री ❍ तीन बच्चों को सुरक्षित निकाला ❍ राहत व बचाव कार्य जारी

एजेंसी



हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में मरोतन से घुमारवीं जा रही संतोषी निजी बस पर शुक्र खड्ड के किनारे बरठीं में भल्लू पुल के पास पहाड़ी से भूस्खलन का मलबा गिर गया। मलबा गिरने से बस की छत उड़कर खड्ड के किनारे जा पहुंची। वहीं सारा मलबा बस पर आ गया। जिससे बस पूरी तरह मलबे की चपेट में आ गई। खबर लिखे जाने तक बस के अंदर से अभी तक 15 शव निकाले गए हैं। दो बच्चियों और एक बच्चे को सुरक्षित निकाला गया है। इनमें से एक बच्ची की मां दुर्घटना में मारी गई है। बेटियों का प्रारंभिक उपचार बरठीं अस्पताल में चला हुआ है। बताया जा रहा है कि करीब 35 लोग बस में सवार थे। घटना करीब साढ़े छह बजे हुई है। बस में मरोतन बरठीं, घुमारवीं और बीच के स्टेशनों के लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि बस में 35 के करीब सवारियां थी। चालक और परिचालक की मौत हो चुकी है। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। दुर्घटनाग्रस्त पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री निरंतर जिला प्रशासन के संपर्क में हैं और उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि घायलों को तुरंत उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया जाए और उनके इलाज की पूरी व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री शिमला से पूरे हालात की लगातार निगरानी कर रहे हैं। बस हादसे की सूचना मिलने के बाद उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री कुल्लू दशहरा के कार्यक्रम को छोड़ हादसा स्थल के लिए निकले।

## सफाईकर्मियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता : योगी

❍ स्वच्छता कर्मचारी के साथ अप्रिय घटना पर मिलेंगे 40 लाख ❍ महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाल्मीकि समाज के लोगों से कहा कि आपकी सुरक्षा समाज की सुरक्षा है। आपका सम्मान भगवान वाल्मीकि की विरासत का सम्मान है। सीएम ने इस दौरान उन्हें खुशखबरी भी दी और कहा कि अभी बड़ा कार्य करने जा रहे हैं। सफाई, संविदा कर्मचारी को अब आउटसोर्सिंग कंपनी नहीं, बल्कि सरकार का कॉरपोरेशन सीधे अकाउंट में पैसा देगा। स्वच्छता कर्मियों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा का कवर भी देंगे। जब अकाउंट में कॉरपोरेशन से पैसा आएगा तो यह व्यवस्था करेंगे कि दुर्भाग्य से किसी सफाई कर्मचारी के साथ घटना-दुर्घटना हुई या वह आपदा की चपेट में आ गया तो बैंक से बात करेंगे कि बैंक के माध्यम से 35-40 लाख रुपये देने की व्यवस्था की जानी चाहिए। यूपी के 80 हजार होमगार्ड को यह कवर दे दिया गया है। अब सफाई कर्मचारियों को इस व्यवस्था से जोड़ने जा रहे हैं। सीएम योगी मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह में शामिल हुए। सीएम ने भगवान वाल्मीकि की जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। कार्यक्रम में लघु फिल्म भी दिखाई गई।

सीएम योगी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारत के महापुरुषों की परंपरा के भाग्य विधाता हैं। तप और साधना से तपे हुए ऋषि को जब लेखनी चलानी थी, तब लोककल्याण व मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने और नई कृति की रचना के लिए उन्होंने हजारों वर्ष पहले देवर्षि नारद से प्रश्न किया कि चरित्र से युक्त कौन ऐसा व्यक्ति है, जिसके बारे में मैं कुछ लिख सकूं, क्योंकि महर्षि वाल्मीकि जानते थे कि चरित्र से युक्त व्यक्ति ही लोककल्याण व राष्ट्र कल्याण का माध्यम बन सकता है। स्वामी विवेकानंद जब शिकागो की धर्मसभा में गए तो उनकी वेशभूषा देख विदेशी हंस रहे थे। तब उन्होंने कहा कि तुम्हारी पहचान पहनावे से बनती है, लेकिन हमारे देश और हमारी पहचान चरित्र से बनती है। हमारे लिए चरित्र महान है। सीएम योगी ने कहा कि वाल्मीकि रामायण लिखते समय उन्होंने पूरी कथा को राम पर आधारित किया। उन्होंने यह भी बताया कि राम को क्यों आधार बनाया, क्योंकि राम ही साक्षात धर्म हैं। मानव समाज भगवान वाल्मीकि का कृतज्ञ है। जब भी किसी भारतीय के मन में संदेह पैदा होता है तो महर्षि ...शेष पृष्ठ 10 पर

### नारी सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है मिशन शक्ति

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पूर्व विधायक स्वर्गीय डी.पी. बोरा की 85वीं जयंती के अवसर पर मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत मातृशक्ति वंदन और 15 सेवा शक्ति केंद्रों (सिलाई प्रशिक्षण केंद्र) का शुभारंभ किया। इसी दौरान उन्होंने स्व. डी.पी. बोरा की प्रतिमा का वर्चुअल अनावरण किया और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाली मातृशक्तियों का सम्मान भी किया। सीएम योगी ने नारी सशक्तीकरण और सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए स्वर्गीय डी.पी. बोरा के संघर्षों और समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हिए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महर्षि वाल्मीकि और परम कृष्ण भक्त मीराबाई की जयंती का दिन भी है। उन्होंने कहा कि आज का दिन उत्तर प्रदेश के लिए विशेष महत्व रखता ...शेष पृष्ठ 10 पर

### चार रेल परियोजनाओं को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने करीब 24,634 करोड़ रुपये की लागत वाली चार मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ के 18 जिलों से गुजरने वाली इन चार परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 894 किलोमीटर की वृद्धि होगी। इससे लोगों, माल और सेवा की आवाजाही और सुलभ होगी। बयान के मुताबिक, मंत्रिमंडल ने जिन परियोजनाओं को हरी झंडी दी है, ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

#### संभल में तालाब की जमीन पर बनी मस्जिद की जायेगी ध्वस्त

संभल। जिले के अधिकारियों ने सदर तहसील के हातिम सराय इलाके में तालाब की जमीन पर कथित तौर पर अवैध रूप से बनी एक मस्जिद और लगभग 80 मकानों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को बताया कि यह कार्रवाई इस खुलासे के बाद की गई है कि भू-माफियाओं ने तालाब की जमीन पर अवैध रूप से प्लॉटिंग की थी और बेखबर खरीदारों को प्लॉट बेच दिए थे। सभी संबंधित पक्षों को 15 दिन का नोटिस जारी किया गया है। अगर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है, तो जरूरत पड़ने पर मस्जिद सहित सभी अवैध निर्माणों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया जाएगा। तहसीलदार सिंह ने बताया कि तालाब की जमीन पर लगभग 12-13 साल पहले एक बड़ी मस्जिद बनाई गई थी। जब हमारी राजस्व टीम ने घटनास्थल का दौरा किया, तो निर्माण की जिम्मेदारी लेने या उसका कार्यवाहक बनने के लिए कोई आगे नहीं आया।

#### सुरेंद्र सिंह फिर बने मुख्यमंत्री के सचिव

लखनऊ। नई दिल्ली से प्रतिनियुक्ति से वापस लौटने के बाद आईएएस सुरेंद्र सिंह को फिर से मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है। वह इसके पहले मुख्यमंत्री योगी के विशेष सचिव व सचिव रह चुके हैं। सुरेंद्र सिंह वर्ष 2005 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वाराणसी के डीएम के बाद उन्हें विशेष सचिव मुख्यमंत्री बनाया गया था। पदोन्नति पाने के बाद वह सचिव मुख्यमंत्री बन गए। यहां से मेरठ के मंडलायुक्त बनाकर भेजे गए। वह 29 सितंबर 2022 को नई दिल्ली प्रतिनियुक्ति पर गए थे। वहां से 6 अक्टूबर को वापस लौटे हैं। इसके बाद उन्हें मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी का एक बार फिर से सचिव बनाया गया है। अमित सिंह और सूर्यपाल गंगवार पहले से मुख्यमंत्री के सचिव हैं।

## 1,20,000 करोड़ के स्वदेशी सैन्य उपकरण खरीदे

आत्मनिर्भरता को मजबूत करने पर लगातार ध्यान : राजनाथ सिंह

एजेंसी



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत ने 2024-25 के अंत तक घरेलू स्रोतों से 1,20,000 करोड़ रुपये मूल्य के सैन्य उपकरण और हथियार खरीदे हैं। उन्होंने बताया कि भारत राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए आत्मनिर्भरता को मजबूत करने पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रहा है।

सिंह ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षा में आत्मनिर्भरता केवल उत्पादन या अर्थव्यवस्था का मामला नहीं है, बल्कि यह पहली और सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता है क्योंकि यह भारत की सामरिक स्वायत्तता के साथ-साथ संप्रभुता से भी जुड़ी है। उन्होंने एक सम्मेलन में कहा रक्षा और सुरक्षा पूरे राष्ट्र की सामूहिक जिम्मेदारी है और रक्षा क्षेत्र को मजबूत करना केवल एक संस्थान या सरकार का कर्तव्य नहीं है, बल्कि सभी भारतीयों का साझा संकल्प है। रक्षामंत्री ने इस अवसर पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एक मजबूत, वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में सक्रिय भागीदार बनने का आह्वान किया। सिंह ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ...शेष पृष्ठ 10 पर

### छिंदवाड़ा में कफ सिरप से अब तक 16 की मौत

छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में दूषित कफ सिरप पीने से गुर्दे (किडनी) में संक्रमण से पीड़ित दो और बच्चों की नागपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही जिले में अब तक कुल 16 बच्चों की मौत हो चुकी है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार छिंदवाड़ा के इन बच्चों की मौत किडनी के संदिग्ध रूप से फेल होने के कारण हुई है, जो विषाक्त कोल्ड्रिफ कफ सिरप के सेवन से जुड़ी है। छिंदवाड़ा के अपर जिलाधिकारी धीरेंद्र सिंह ने कहा, आज एक और बच्ची की मौत की सूचना मिली है। अभी तक हमारे छिंदवाड़ा जिले में 16 बच्चों की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि दो वर्षीय मृतक बच्ची जयुषा यदुवंशी जिले के जुन्नारदेव की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## डेमोग्राफिक चेंज पर धामी सरकार सख्त

देवभूमि की सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा सरकार का प्रथम दायित्व : सीएम

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड में तेजी से बदलते डेमोग्राफिक प्रोफाइल ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। बाहरी राज्यों से आकर यहां बसने वाले लोगों के सत्यापन में लापरवाही और फर्जी दस्तावेजों के जरिए सरकारी लाभ लेने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर गृह विभाग ने इस दिशा में सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर एकीकृत डेटाबेस अपडेट रखने के लिए विशेष मोबाइल ऐप तैयार किया जा रहा है।

राज्य सरकार अब सत्यापन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी प्रणाली में बदलने जा रही है। इसके लिए गृह विभाग को एक विशेष मोबाइल ऐप विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह ऐप उत्तराखंड में आने वाले बाहरी लोगों का केंद्रीकृत डिजिटल डेटाबेस तैयार करेगा, जिसमें उनकी पहचान, पता, कार्यक्षेत्र और पृष्ठभूमि संबंधी जानकारी सुरक्षित रूप से दर्ज होगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि देवभूमि की सांस्कृतिक अस्मिता और सामाजिक संतुलन की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह ऐप न केवल सत्यापन प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाएगा, बल्कि अवैध रूप से रह रहे व्यक्तियों की पहचान भी समय पर हो सकेगी। अब तक यह प्रक्रिया पुलिस थानों और चौकियों में कागजी रजिस्टरों तक सीमित थी, जिससे कोई स्थायी रिकॉर्ड नहीं बन पाता था। इस कारण कई मामलों में सत्यापन अधूरा रह जाता था। नई डिजिटल प्रणाली लागू होने के बाद यह पूरा डेटा केंद्रीय सर्वर पर सुरक्षित रहेगा, जिसे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी रीयल-टाइम में एक्सेस कर सकेंगे। सूत्रों के अनुसार, ऐप के विकास कार्य में राज्य पुलिस मुख्यालय और आईटी विभाग मिलकर काम ...शेष पृष्ठ 10 पर



### आज का मौसम

अधिकतम : 32.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

### भीतर पढ़ें

❍ जैविक खेती से बढ़ रही किसानों की आय (पृष्ठ-02)
❍ साढ़े आठ लाख वाहनों को किया चेक (पृष्ठ-02)
❍ डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे टूटकर 88.78 (पृष्ठ-10)
❍ देश का कोयला निर्यात 23 प्रतिशत बढ़ा (पृष्ठ-10)
❍ सोना 700 रुपये उछलकर नए शिखर पर (पृष्ठ-10)

विशेष खबर — प्रधानमंत्री ने साझा कीं गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री बनने तक की झलकियां

## सरकार के मुखिया के रूप में पीएम मोदी का 25वां वर्ष

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को सरकार के मुखिया के रूप में अपने 25वें वर्ष की शुरुआत करते हुए कहा कि लोगों के जीवन में सुधार लाना और इस महान राष्ट्र की प्रगति में योगदान देना उनका निरंतर प्रयास रहा है। मोदी ने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट कर कहा कि उन्होंने 2001 में आज ही के दिन पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने उन बदलावों पर जोर दिया जो पहले उनके गृह राज्य में और फिर उनके कार्यकाल में पूरे देश में आए।

उन्होंने कहा अपने साथी भारतीयों के निरंतर आशीर्वाद से मैं सरकार के मुखिया के रूप में अपनी सेवा के 25वें वर्ष में प्रवेश कर रहा हूं। भारत की जनता के प्रति मैं आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा इन सभी वर्षों के दौरान मेरा निरंतर प्रयास रहा है कि हम अपने लोगों के जीवन को बेहतर बनाएं तथा इस महान राष्ट्र की प्रगति में योगदान दें, जिसने हम सभी का पालन-पोषण किया है। मोदी ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और नीतिगत पक्षाघात के सबसे बुरे रूप से ग्रस्त भारत अब दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का देश है। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान नवाचार कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि राष्ट्र आत्मनिर्भर हो, जबकि सरकार ने व्यापक सुधार किए हैं और लोकप्रिय भावना देश को सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाने की है, जो गर्व से कहो, ये स्वदेशी है, के आह्वान में परिलक्षित होती है।

उन्होंने कहा बीते 11 वर्षों में हम भारत के लोगों ने परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए निर्णायक कदम उठाते हुए देश में अनेक ऐतिहासिक परिवर्तन किए। समाज का हर वर्ग सशक्त हुआ। हमारे युवाओं, हमारी नारीशक्ति और अन्नदाताओं के लिए विशेष प्रयास किए गए। देश के 25 करोड़ से अधिक लोगों ने गरीबी को परास्त करके दिखाया। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं के बीच आशा की किरण के रूप में दिखायी दे रहा है। मोदी ने कहा कि जब भाजपा ने 2013 में उन्हें 2014 के लोकसभा चुनावों के लिए प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार चुना था, तब देश विश्वास और शासन के संकट से गुजर रहा था। उन्होंने कहा तत्कालीन संप्रग सरकार भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और नीतिगत निष्क्रियता के सबसे बुरे रूप का पर्याय थी। भारत को वैश्विक व्यवस्था में एक कमज़ोर कड़ी के रूप में देखा जाता था। लेकिन, भारत की जनता के विवेक ने हमारे गठबंधन को भारी बहुमत दिलाया और यह भी सुनिश्चित किया कि हमारी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कोर्ट ने मांगा मतदाता सूची से हटाये गये 3.66 लाख वोटरों का विवरण

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग से कहा कि वह बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद तैयार अंतिम मतदाता सूची से बाहर किये गए 3.66 लाख मतदाताओं का विवरण उसे उपलब्ध कराए।

निर्वाचन आयोग ने न्यायालय को सूचित किया कि 30 अगस्त को मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशित होने के बाद जोड़े गए ज्यादातर नाम नए मतदाताओं के हैं और अब तक सूची से बाहर किये गए किसी भी मतदाता ने कोई शिकायत या अपील दायर नहीं की है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह निर्देश तब पारित किया, जब राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) जैसे विपक्षी दलों के नेताओं सहित कुछ याचिकाकर्ताओं ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने अंतिम सूची से मतदाताओं को हटाए जाने को लेकर कोई नोटिस या कारण नहीं बताया है। पीठ चुनावी राज्य बिहार में एसआईआर कराने के निर्वाचन आयोग के 24 जून के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। उसने कहा कि निर्वाचन आयोग बाहर रखे गए मतदाताओं के बारे में उपलब्ध सभी जानकारी बृहस्पतिवार (9 अक्टूबर) तक अदालत ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# यूपी में केमिकल की जांच कर सकेंगे औषधि निरीक्षक

## मिलावटी व नकली दवा मिलने पर फर्म के खिलाफ करायेंगे एफआईआर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में अब दवा एवं सिरप बनाने में प्रयोग होने वाले केमिकल की जांच औषधि निरीक्षक कर सकेंगे। मिलावटी व नकली दवा मिलने पर औषधि निरीक्षक तत्काल संबंधित फर्म के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करा सकेंगे। अभी तक यह व्यवस्था नहीं थी। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त डा. रोशन जैकब ने सभी औषधि निरीक्षकों को निर्देश दिया है। मध्य प्रदेश एवं राजस्थान में कफ सिरप से बच्चों की मौत मामले के बाद उत्तर प्रदेश में अलर्ट घोषित किया गया है। सोमवार से सभी औषधि निरीक्षकों को कफ सिरप की जांच के आदेश दिए गए हैं। मंगलवार को विभाग की आयुक्त डा. रोशन जैकब ने सभी औषधि निरीक्षकों निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि सभी निरीक्षक निरंतर जांच करते रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कहा गया है कि पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए कफ सिरप का उपयोग अनुशंसित नहीं है। ऐसे में यह सुनिश्चित कराया जाए कि पांच साल से कम उम्र के बच्चों को सिरप न दिया जाए। मेडिकल स्टोर संचालक बिना डॉक्टर के पर्चे के कोई भी कफ सिरप नहीं बेचेंगे। बिना पर्चे के कफ सिरप बेचने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए।



आयुक्त डा. रोशन जैकब ने यह भी निर्देश दिया है कि विभिन्न औषधि फामूर्लेशन में सक्रिय अवयव के अलावा अन्य घटकों का भी प्रयोग किया जाता है, जिनमें अपमिश्रण होने के कारण भी संबंधित औषधि हानिकारक हो सकती है। ऐसे में कफ सिरप में प्रयोग होने वाले सक्रिय अवयवों (एक्टिव इनग्रेडिएंट) की भी जांच की जाए। जहां पर कफ सिरप अथवा दवाएं बन रही हैं, उन निर्माणशालाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए। औषधियों बनाने में प्रयोग होने वाले केमिकल के भी नमूने लिया जाए और उनका परीक्षण कराया जाए। इन केमिकल के क्रय अभिलेखों का भी परीक्षण किया जाए। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिया है कि किसी व्यक्ति अथवा फर्म द्वारा औषधियों में मिलावट अथवा नकली नाम व पता आदि से दवा की खरीद व बिक्री करता है तो उसके खिलाफ तत्काल रिपोर्ट दर्ज कराई जाए। कोई भी एक्सपायरी दवा की बिक्री न होने पाए।

## लखनऊ के तीन फर्मों पर छापा, कप सिरप के लिए नमूने

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। दूसरे प्रदेशों में कप सिरप में कमी पाये जाने पर जांच हुई जिसमें दवा के अन्दर मिलावट मिला है जिसको लेकर लखनऊ के कई दूकानो पर भी छापे मारे गये जिसमें नमूने लेकर जांच कि लिए भेज दिया गया है। प्रतिबंधित कफ सिरप की धरपकड़ के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मंगलवार को भी छापेमारी अभियान चलाया।

कफ सिरप बनाने वाली तीन फर्मों में छापेमारी की। दो फर्मों से कफ सिरप की जांच के नमूने एकत्र किए गए हैं। लखनऊ में मेसर्स श्रेसन फार्मास्यूटिकल की कोल्ड्रिफ कफ सिरप के सेवन से राजस्थान और मध्य प्रदेश में कई बच्चों की मृत्यु हो गई है। इसके बाद जांच में लखनऊ जिलाधिकारी ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए जांच का निर्देश दिया। इसके बाद सहायक आयुक्त ब्रजेश कुमार के निर्देश पर ड्रग इस्पेक्टर संदेश मौर्या दूसरे दिन भी छापेमारी का अभियान चलाया।

नमूने जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि नमूनों की जांच में यदि मानक के विपरित अवयव पाये जाते हैं, तो सम्बन्धित के विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जायेगी। सहायक आयुक्त ने बताया कि प्रतिबंधित कंपनी का कफ सिरप अभी तक किसी भी मेडिकल स्टोर व फर्म में नहीं मिला है। किसी भी सरकारी अस्पताल में प्रतिबंधित कंपनी का कफ सिरप नहीं मंगाया गया है।



● दो कफ सिरप के नमूने एकत्र किए गए

लाइसेंस के बाद कफ सिरप का निर्माण बंद सहायक आयुक्त ब्रजेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को कफ सिरप व दूसरी दवाओं का निर्माण करने वाली तीन फर्मों में छापेमारी की। इसमें सरोजनीनगर स्थित मेसर्स स्टैडमेड प्राइवेट लिमिटेड, कृष्णानगर की मेसर्स न्यूरोकेम लेबोरट्रीस और ऐशबाग की आरपिक प्राइवेट लिमिटेड है। सहायक आयुक्त ने बताया कि जांच व छापेमारी के दौरान मेसर्स न्यूरोकेम लेबोरट्रीस के अधिकारियों ने बताया कि वे अब कफ सिरप का निर्माण व भंडारण नहीं करते हैं। फर्म के अधिकारियों ने बताया कि कफ सिरप का लाइसेंस जरूर है लेकिन लागत के मुकाबले व्यय अधिक थे। मांग भी कम थी। लिहाजा कफ सिरप का निर्माण बंद कर दिया गया। जांच के लिए कफ सिरप के नमूने लिए ड्रग इंस्पेक्टर संदेश मौर्या ने बताया कि मेसर्स स्टैडमेड प्राइवेट लिमिटेड व आरपिक प्राइवेट लिमिटेड से दो कफ सिरप के नमूने जांच के लिए एकत्र किए गए हैं।



## महर्षि ने रामायण को घर-घर पहुंचने का किया कार्य

लखनऊ। महाकाव्य रामायण के रचनाकार आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, सांसद अनूप वाल्मीकि, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल सहित बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोग हजरतगंज परिवर्तन चौक स्थित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया और आयोजित हवन, पूजन एवं माल्यार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर हवन पूजन किया। बृजेश पाठक ने कहा कि उनकी जयंती के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि को नमन करता हूं। महर्षि ने हमारी सांस्कृतिक विरासत को रामायण के माध्यम से घर-घर पहुंचने का कार्य किया। आज हम घर-घर भगवान श्री राम जी के चरित्र को पूजते हैं। महापुरुष महर्षि वाल्मीकि को उत्तर प्रदेश के 25 करोड़ लोगों की ओर से हृदय की गहराइयों से श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। भाजपा वाल्मीकि समाज को अपने परिवार का सदस्य मानती है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा रामायण के रचनाकार आदि महाकवि जी की जयंती के अवसर पर नमन करता हूं। रामायण के माध्यम से देश के 140 करोड़ को राम के जीवन से परिचित कराया कि व्यक्ति का अतीत कितना भी संघर्षमय हो, भक्ति और तपस्या से वह मुक्ति प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम में एमएलसी मुकेश शर्मा, पूर्व सांसद अशोक वाजपेयी, कमल वाल्मीकि, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि, उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि, संतोष वाल्मीकि, रिषी कुमार, वाल्मीकि वीर सिंह, रवि वाल्मीकि, करन दीवान एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## प्रदेश भर में कांग्रेसियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया अजय राय का जन्मदिन

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का जन्मदिन प्रदेशभर में कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर अजय राय ने केक काटा और कांग्रेस के महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने अजय राय को केक खिलाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। अजय राय ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कार्यरत बाल्मीकि समाज के कर्मचारियों को अंगवस्त्र एवं मिष्ठान वितरित कर उन्हें सम्मानित किया। अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सबका स्नेह और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है।

कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता मेरे परिवार का हिस्सा है। हम सभी को मिलकर प्रदेश में प्रेम, भाईचारे और न्याय की राजनीति करके प्रदेश में नफरत और विघटन की राजनीति के खिलाफ लड़ाई लड़नी है।



## जैविक खेती से बढ़ रही किसानों की आय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। देश में परंपरागत कृषि विकास योजना ने किसानों की आय बढ़ाई है। उत्तर प्रदेश में 1.71 लाख हेक्टेयर क्षेत्र जैविक खेती के अंतर्गत केंद्र की व्यापक पहल से किसानों को तीन वर्षों में 31,500 रुपए प्रति हेक्टेयर की सहायता मिली है। राष्ट्रीय मिशन से प्राकृतिक खेती को नए आयाम मिले हैं। परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) को देशभर में जैविक खेती का व्यापक आधार देने, किसानों की आय बढ़ाने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लागू किया गया था। 2015 से अब तक पूरे देश में इस योजना के जरिए लगभग 15 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को जैविक खेती के तहत लाया गया और कुल 25.30 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। इस दौरान केंद्र सरकार की ओर से 2,170.30 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं, जबकि वर्ष 2024-25 के लिए राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (आरकेवीवाई) के अंतर्गत 205.46 करोड़ रुपये का आवंटन भी किया गया है।

पीकेवीवाई योजना के तहत किसानों को न्यूनतम लागत में रसायन मुक्त खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे मृदा स्वास्थ्य तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण संभव हो सके। किसानों को तीन वर्षों में प्रति हेक्टेयर 31,500 रुपये की सहायता मिलती है, जिसमें जैविक इनपुट, मार्केटिंग, ब्रांडिंग, प्रमाणन और प्रशिक्षण की धनराशि शामिल है।

योजना का क्रियान्वयन क्लस्टर-आधारित मॉडल पर किया जाता है, जिसमें 20-20 हेक्टेयर के समूह बनाकर प्रशिक्षण, इनपुट वितरण और बाजार से जोड़ने तक सभी स्तरों पर समर्थन मिलता है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में योजना के क्रियान्वयन के प्रमुख आंकड़ों को देखें तो प्रदेश में अब तक कुल 1,71,184.80 हेक्टेयर क्षेत्र को जैविक खेती के तहत लाया जा चुका है। इससे राज्य के लगभग 2,73,672 किसान लाभांवित हो चुके हैं और ?213.54 करोड़ का अनुदान उत्तर प्रदेश को जारी हुआ है, जिससे क्लस्टर मॉडल के तहत किसानों को प्रशिक्षण और जैविक इनपुट की समग्र सहायता मिली है। देशभर में प्रमाणन और ब्रांडिंग के लिए दोहरी प्रमाणन (एनपीओपी व पीजीएस-इंडिया), वृहद क्षेत्र प्रमाणन, डिजिटल पोर्टल और एफपीओ के सशक्तिकरण जैसी पहलें हुई हैं। दिसंबर 2024 तक जैविक कृषि पोर्टल पर 6.23 लाख किसान, 19,016 स्थानीय समूह, 89 इनपुट आपूर्तिकर्ता और 8,676 खरीदार पंजीकृत हैं। सिक्किम और लक्षद्वीप जैसे क्षेत्रों में 100% प्रमाणित जैविक खेती तथा अंडमान-निकोबार के 14,491 हेक्टेयर सहित पूरे देश में जैविक दायरे का तेजी से विस्तार हुआ है। अब राष्ट्रीय मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग में 1 करोड़ किसानों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे जैविक खेती को और सशक्त बनाया जा सकेगा। पीकेवीवाई के ढांचे, डिजिटल प्लेटफॉर्म और प्रशिक्षण-प्रमाणन सहायता से भारत जैविक कृषि के वैश्विक नक्शे पर मजबूती से उभर रहा है।

## प्रबंधक यूपीसीडा को किया गया बर्खास्त

विशेष संवाददाता (vol)

● लोक सेवा आयोग ने प्रदान की गई बर्खास्तगी की सहमति

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) में प्रबंधक विद्युत यांत्रिक के पद पर तैनात रहे हेमेंद्र प्रताप सिंह के नियमों की अनदेखी करते हुए मनमानी करना उन्हें भारी पड़ गया।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी द्वारा प्रबंधक विद्युत यांत्रिक हेमेंद्र प्रताप सिंह की बर्खास्तगी के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। 27 नवंबर 2020 को शासन की ओर से ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण से हेमेंद्र प्रताप सिंह का यूपीसीडा में स्थानांतरण आदेश जारी किया गया था। इसके बाद 1 दिसंबर 2020 को ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास विभाग से उन्हें कार्यमुक्त भी कर दिया गया लेकिन यूपीसीडा में तत्काल कार्यभार सम्भालने के बजाय प्रबंधक विद्युत यांत्रिक हेमेंद्र प्रताप सिंह 18 अप्रैल 2020 तक अनुपस्थित रहे। अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, चिकित्सा अवकाश के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत न करने, पर्याप्त आधार एवं संतोषप्रद स्पष्टीकरण के बिना अवकाश स्वीकृत कराए बगैर सेवा से विरत रहने के आरोप लगाए गए थे। साथ ही उन्हें उच्चादेशों की प्रत्यक्ष अवहेलना का भी दोषी पाया गया था। आरोपों के सम्बंध में एसीईओ की ओर से जांच की गई।

एसीईओ यूपीसीडा की जांच आख्या में भी प्रबंधक हेमेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ लगाए गए आरोप सिद्ध पाए गए। जिसके आधार पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने प्रबंधक विद्युत-यांत्रिक हमेंद्र प्रताप सिंह के विरूद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक नियम के अंतर्गत सेवा समाप्ति के प्रस्ताव को अनुमति प्रदान कर दी।

## सपाइयों ने मनायी महर्षि वाल्मीकी जयंती

लखनऊ। सपा के राज्य मुख्यालय, लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि की जयंती उत्साहपूर्वक मनायी गयी। प्रदेश कार्यालय में महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से माल्यार्पण कर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने नमन किया। लालबाग स्थित नूरमंजिल के पास स्थित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर भी श्याम लाल पाल ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। सांसद आरके चौधरी ने परिवर्तन चौक स्थित वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। अखिलेश यादव ने कहा है कि महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर समाज में भेदभाव, ऊंचनीच की भावना तथा नफरत खत्म करने का संकल्प लेना चाहिए।

## ब्रजेश पाठक ने जीएसटी के नये प्रावधानों की दी जानकारी

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कैंट विधानसभा क्षेत्र, लखनऊ में जीएसटी के नवीन प्रावधानों पर केंद्रित व्यापारी सम्मेलन में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और व्यापारियों के साथ सम्मिलित हुए। बृजेश पाठक ने व्यापारी बंधुओं को जीएसटी के नवीन प्रावधानों से होने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बृजेश पाठक ने कहा कि नेक्टस जेन जीएसटी से प्रदेश के आम नागरिकों के दैनिक जीवन की आवश्यक वस्तुओं के आर्थिक बोझ में कमी होने के साथ ही व्यापार जगत में व्यापक प्रगति भी हो रही है। जिससे देश एवं प्रदेश की समृद्धि के साथ-साथ व्यापार में अभूतपूर्व वृद्धि और नए आयाम स्थापित होंगे। आत्मनिर्भर भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत की दिशा में नेक्सट जेन जीएसटी मील का पत्थर साबित होगी।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन से की शिष्टाचार भेंट।

## कैंसर पीड़ित पत्रकार की मदद को बढ़ाया हाथ

लखनऊ। समाजसेवा और जनहित के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने वाले उद्योगपति विश्वास स्वरूप अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के पत्रकार अजय कुमार पाण्डेय के कैंसर उपचार के लिए 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। उनके इस सहयोग से वाराणसी स्थित टाटा इंस्टीट्यूट में अजय का सफल ऑपरेशन संभव हो सका। इसके पहले उन्होंने केजीएमयू के ब्लड बैंक के लिए 70 लाख रुपये की सहायता दी थी, जिससे गंभीर मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने में काफी मदद मिली। अयोध्या धाम के मिल्कीपुर क्षेत्र में उन्होंने 8 लाख रुपये की लागत से 25 सोलर लाइटें लगवाईं, जिससे अब वहां की गलियां रोशनी से जगमगा रही हैं और अंधेरे में होने वाले अपराधों पर भी रोक लगी है। इसी क्रम में हाल ही में उन्होंने लोकबंधु हॉस्पिटल को इको 2डी मशीन के लिए 10 लाख रुपये की सहायता दी है।



# सीएम आवास के घेराव के लिए किसानों ने किया कूच, एलडीए ने दिया आश्वासन

विशेष संवाददाता (vol)



- पुलिस ने रास्ते में रोक, वीसी से फोन पर की बात
- किसानों की चेतावनी, जल्द नहीं हुई सुनवाई तो होगा विशाल आंदोलन

**आलमबाग।** आशियाना इलाके में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (अरा) लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह लोधी के नेतृत्व में उनके क्षेत्रीय कार्यालय पर किसानों ने सैकड़ों की संख्या में एकत्र हो एक समान मुआवजे की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए कूच किया।

इस दौरान पुलिस ने उन्हें बीच रास्ते में रोक एलडीए अधिकारियों सहित एलडीए उपाध्यक्ष से फोन पर किसानों की बात कराई। जिसके बाद किसानों ने शांतिपूर्वक आंदोलन समाप्त कर दिया। भारतीय किसान यूनियन (अरा) लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह लोधी ने बताया कि एलडीए की कानपुर रोड योजना में आने वाले बरिगंवा, पिपरौली, उसरी, बंगला बाजार, कासिमपुर पकड़ी, औरंगाबाद सहित करीब 25 गांवों की भूमि अधिग्रहीत की गई थी, लेकिन किसानों को अब तक उचित मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि एलडीए ने एक ही योजना में अलग-अलग लोगों को अलग दरों पर मुआवजा दिया।

जस्टिस यू.के. धवन के परिवार को 14 रुपये प्रति वर्गफुट के हिसाब से भुगतान हुआ, जबकि किसानों को आधी दर भी नहीं दी गई।

किसानों के कूच की सूचना आशियाना पहुंचे एलडीए एसडीएम प्रभाकर सिंह व एलडीए नायब तहसीलदार गोवर्धन शुक्ला ने अपने ऊंच अधिकारियों से वार्ता कर एक सप्ताह में किसानों के एक प्रतिनिधि मंडल का एलडीए वीसी से वार्ता कराने का आश्वासन दे किसानों को शांत करा उनके प्रदर्शन को समाप्त करवाया।

वही किसानों का कहना था कि ग्राम समाज की भूमि, तालाब, चारागाह और श्मशान घाट जैसी सार्वजनिक भूमि पर दबंगों का कब्जा है, जिसकी पहचान और सौंदर्यीकरण एलडीए नहीं कर रहा। जिन गांवों की जमीन अधिग्रहीत की गई, वहां आज भी बिजली, पानी, सीवर और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। किसानों ने मांग की कि उन्हें समान दर से मुआवजा दिया जाए और अधिग्रहीत गांवों की सुविधाओं का विकास कराया जाए। मौके पर एसीपी कैंट अभय प्रताप मल्ल, आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह सहित आसपास के थानों की पुलिस और पीएसी बल मौके पर मौजूद रहा।

# पर्वों के पहले और बाद में ट्रेनों में कंफर्म सीटें

## यात्रियों को नहीं होगी परेशानी, आसानी से मिलेंगी विशेष ट्रेनों में कंफर्म सीटें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी दीपावली एवं छठ त्यौहारों पर यात्रियों की सुविधा हेतु अनेक विशेष गाड़ियों का संचलन किया जा रहा है। इन विशेष गाड़ियों में माह अक्टूबर के लिये 07 अक्टूबर को सायं बर्थ/सीट की उपलब्ध है।

छपरा से चलने वाली 05049 छपरा-अमृतसर पूजा विशेष गाड़ी में 10 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 686 बर्थ तथा 17 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 773 बर्थ उपलब्ध है। छपरा से चलने वाली 05305 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल पूजा विशेष गाड़ी में 09 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 817 एवं शयनयान श्रेणी में 165 बर्थ, 13 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 821 एवं शयनयान श्रेणी में 134 बर्थ तथा 16 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 808 एवं शयनयान श्रेणी में 193 बर्थ उपलब्ध है। लालकुआं से चलने वाली 05060 लालकुआँ-कोलकाता पूजा विशेष गाड़ी में 09 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 50, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 206 एवं शयनयान श्रेणी में 71 बर्थ तथा 16 अक्टूबर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 27 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 61 उपलब्ध है। छपरा से चलने वाली 04607 छपरा-अमृतसर पूजा विशेष गाड़ी में 13 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 497 बर्थ तथा 20 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 536 एवं शयनयान श्रेणी में 324 बर्थ तथा 27 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 491 एवं शयनयान श्रेणी में 242 बर्थ उपलब्ध है।

गोरखपुर से चलने वाली 05634 गोरखपुर-नारंगी पूजा विशेष गाड़ी में 17 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 40 एवं शयनयान श्रेणी में 822 बर्थ तथा 24 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 03 एवं शयनयान श्रेणी में 828 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से चलने वाली 05301 मऊ-अम्बाला कैंट पूजा विशेष गाड़ी में 09 अक्टूबर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 102, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 314 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 105 बर्थ, 16 अक्टूबर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 100, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 328, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 124 एवं शयनयान श्रेणी में 231 बर्थ, 23 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 73, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 300 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 101 बर्थ तथा 30 अक्टूबर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 01 एवं वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 12 बर्थ उपलब्ध है। बढ़नी से चलने वाली 05005 बढ़नी-अमृतसर पूजा विशेष गाड़ी में 15 अक्टूबर को शयनयान श्रेणी में 363 बर्थ, 22 अक्टूबर को शयनयान श्रेणी में 329 बर्थ तथा 29 अक्टूबर को शयनयान श्रेणी में 366 बर्थ उपलब्ध है।

# जुर्माना भरने के बाद फिर सड़क पर डग्गामार वाहन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डग्गामर वाहनो को पकड़ने के लिए आरटीओं के अधिकारी सख्त कार्यवाही कर रहे है। लेकिन डग्गामार वाहन स्वामी फिर जुर्माना भर कर सड़को पर धड़ल्ले से चल रहे है। ऐसे में फिर से सड़को पर डग्गामार वाहनो की संख्या बढ़ गयी है। सड़क पर चल रहे डग्गामार वाहनो को पकड़ने के लिए पुलिस की तरह आलमबाग, सरोजनीनगर, इन्दिरानगर, चिनहट जैसे भीड़ वाले चौराहो पर आरटीओं के अधिकारी और कर्मचारी डग्गामार वाहनो की चेकिंग करेगें। जांच के बाद वाहन को सीज करने की कार्यवाही किया जायेंगा। एआरटीओं पीके सिंह ने बताया कि डग्गामार वाहनो के वजह से सड़क पर दुर्घटनाये बढ़ रही है। इसलिए चौराहे पर आरटीओं के अधिकारी खड़े होकर चेकिंग करेगें। सबसे ज्यादा टैम्पों, और बस अवैध तरीके से चल रहे है। बसों में क्षमता से अधिक सवारी भरकर यात्रा कराते है जिससे बड़ी दुर्घटना हो जाती है। शहर में इस समय डग्गामार वाहन धड़ल्ले से चल रहे हैं। चालक वाहनों में ओवरलोड सवारियां भर कर बेधड़क फरार्टा भरते हैं। इसके अलावा कुछ जुगाड़ गाड़ियां भी सड़कों पर ओवरलोड सामान लेकर इधर उधर दौड़ती देखी जातीं हैं। डग्गामार वाहनों में पायदान का प्रचलन फिर शुरू हो गया है। चालक खुद की सीट पर भी कई सवारियां बिठाकर ऑटो चलाते हैं। प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद डग्गामार वाहनों पर अंकुश नही लग रहा है। शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर डग्गामार वाहन सवारियों भरते देखे जा सकते हैं। कुछ समय पहले डग्गामार वाहनों से घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन ने गाड़ियों के पीछे अलग से लगाए जाने वाले पायदान पर रोक लगा दी थी। पुलिस के डर से वाहन चालकों ने खुद ही अपने पायदान हटा लिए थे। लेकिन पुलिस की लापरवाही के चलते डग्गामार चालक अपने वाहनों में फिर से पायदान लगवाने लगे हैं। जिन पर यात्री लटक कर यात्रा करते हैं। ओवर लोड सवारियां होने के चलते दुर्घटना की संभावना अधिक रहती है। आटो चालक भी इपनी सीट पर तीन या चार सवारियां बिठाने में जरा भी संकोच नहीं करते हैं। चाहे ऑटो चलाने में उन्हें कितनी भी पेशानी झोलनी पड़े। जिसके चलते कई बार बड़े हादसे हो जाते हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। इस समय जुगाड़ गाड़ियां भी बड़ी संख्या में शहर में देखी जा सकती हैं। कई बार इन जुगाड़ गाड़ियों से टकराकर लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। कई डग्गामार वाहन तो रोडवेज बस स्टेशन के सामने ही सवारियां भरते हैं।



# उत्कृष्ट संरक्षा सेवाओं के लिए दो रेलकर्मी सम्मानित

**लखनऊ।** मंगलवार को उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा संरक्षा से जुड़े कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 2 रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी समर्थ गुप्ता की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सम्मानित किए गए रेलकर्मी विनोद कुमार, स्टेशन मास्टर/बीरापट्टी एवं विक्रम कुमार वर्मा, प्वाइंट्समैन/सराय हरखू, लखनऊ मंडल के परिचालन विभाग से संबंधित हैं, जिन्होंने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में संरक्षित एवं सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने में सराहनीय भूमिका निभाई है। इनके सतर्क प्रयासों से मंडल में संरक्षा मानकों में निरंतर सुधार हुआ है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि रेलवे में संरक्षा सर्वोपरि है, और हमारे रेलकर्मी हर परिस्थिति में अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, सजगता और समर्पण के साथ करते हैं। ऐसे कर्मठ कर्मचारियों का सम्मान न केवल उन्हें प्रोत्साहित करता है, बल्कि अन्य साथियों को भी प्रेरणा देता है। उन्होंने सम्मानित कर्मचारियों की सराहना करते हुए अन्य रेलकर्मियों को भी उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

# पांच किसानों व 2 प्रॉपर्टी डीलरों पर लगाया 1.26 करोड़ के धोखाधड़ी का आरोप

विशेष संवाददाता (vol)

- कल्याणी इंफ्रा के निदेशक के आरोप पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी

**लखनऊ।** रियल एस्टेट कंपनी कल्याणी इंफ्रा के निदेशक ने पांच किसान व दो प्रॉपर्टी डीलर पर 1.26 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। आरोप है कि सौदा कर आरोपियों ने रुपये लिए, लेकिन जमीन दूसरे को रजिस्ट्री कर दी। रुपये वापस मांगने पर धमकाया। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के आदेश पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

अर्जुनगंज के शाहखेड़ा निवासी आलोक कुमार यादव कल्याणी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में प्रॉपर्टी का काम करने वाले अजीत सिंह व संजय सिंह से मुलाकात हुई। बातचीत में आरोपियों ने बताया कि ग्राम सोनई कजेरा में कुछ लोग अपनी जमीन बेचना चाहते हैं। आरोपियों ने उन्हें जमीन दिखायी। पसंद आने पर पीड़ित ने किसान रीता देवी को 15 लाख, बराती लाल को 36 लाख, अरविंद रावत को 6 लाख, राजकुमारी पुत्री रामसागर को 40 लाख, राजकुमारी पत्नी अमर सिंह को 40 लाख रुपये दिए। इसके साथ ही अजीत व संजय को 39.50 लाख रुपये और दिए। इसके बाद से आरोपियों ने रजिस्ट्री के नाम पर टालमटोल शुरू कर दी। लगातार आनाकानी देख पीड़ित आलोक ने रुपये वापस मांगे। छानबीन की तो पता चला कि अजीत सिंह व संजय सिंह ने बराती लाल, अरविंद रावत व राजकुमारी पुत्री रामसागर के साथ मिलकर जमीन किसी पंकज कुमार यादव को बेच दी। रुपये वापसी का दबाव बनाने पर आरोपियों ने 50 लाख वापस किए। शेष 1,26,50,000 रुपये हड़प लिए। रुपय मांगने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर धमकाया। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने बराती लाल, अरविंद रावत, राजकुमारी, रीता देवी, राजकुमारी पत्नी अमर सिंह, अजीत सिंह और संजय सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## वर्कशाप में तैयारी बस निकलने से पहले होगी पुख्ता जांच

**लखनऊ।** परिवहन विभाग में सुरक्षा को लेकर सावधानी रखने के लिए प्रबंधन ने बसो को जांच के लिए टीम बनाने का फैसला किया है। रोडवेज बस में सफर करने वाले यात्रियों की सुरक्षा के लिए नए सिरे से बसों की जांच करने के आदेश एमडी ने दिए हैं। एमडी ने सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को आदेश दिया है कि बस डिपो से निकलने के दौरान 17 बिंदुओं पर बसों की जांच जरूरी है, ताकि बस और यात्री दोनों सुरक्षित रहें। बसों की जांच में साफ-सफाई, स्पीड लिमिट डिवाइस, टायर, लाइट, वाइपर, रिफ्लेक्टर, खिड़कियों पर शीशा आदि की जांच के बाद बाद ही बसें डिपो से मार्ग पर रवाना होंगी। इस संबंध में परिवहन निगम के अपर प्रबंध निदेशक अन्नपूर्णा गर्ग ने क्षेत्रीय प्रबंधक, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक और डिपो के फोरमैन को सप्ताह में अलग-अलग दिन बसों के जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी है। गर्ग ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

## सरकारी एवं निजी संस्थान भी ले सकेंगे नेट मीटरिंग का लाभ

**लखनऊ।** नेट मीटरिंग व्यवस्था अब घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं के अतिरिक्त निम्नलिखित सरकारी एवं निजी संस्थान के उपभोक्ता श्रेणियों के लिए भी उपलब्ध होगी। सार्वजनिक, सरकारी संस्थान दर अनुसूची की एचवी 1 उपभोक्ता श्रेणी के अंतर्गत आते हैं जैसे सरकारी अस्पताल, सरकारी कार्यालय, सरकारी शैक्षिक संस्थान, अनुसंधान, हॉस्टल, लाइब्रेरीज, धार्मिक स्थल, चेरिटेबल ट्रस्ट, रेलवे स्टेशन, गेस्टहाउस एवं अन्य सरकारी संस्थान। निजी अनुसंधान संस्थान, और स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक संस्थान एलएमवी-4 बी एवं एचवी 1 के तहत निजी संस्थानों के तहत आते हैं। पॉवर कार्पोरेशन द्वारा घरेलू, कृषि, सरकारी एवं निजी संस्थान के अतिरिक अन्य श्रेणियों जैसे वाणिज्यिक, औद्योगिक एवं अन्य के लिए पूर्व से ही नेट बिलिंग की प्रणाली लागू है जिसमें उपभोक्ताओ को पॉवर कार्पोरेशन को आपूर्तित विद्युत के अनुसार रुपए 3.58 प्रति यूनिट के हिसाब से बिल में धनराशि समायोजित कर दी जाती है जबकि नेट मीटरिंग प्रणाली में उपभोग की गई यूनिट में कॉरपोरेशन को आपूर्ति की गई यूनिट को घटाकर नेट यूनिट का बिल उपभोक्ता को देय होता है। नियामक आयोग के द्वारा जारी किए गए आदेश से लाखो सरकारी एवं निजी संस्थानों को नेट मीटरिंग का लाभ मिल सकेगा। जिससे ग्रीन एनर्जी को भी बढ़ावा मिलेगा एवं नेट कार्बन एमिशन घटाने लक्ष्यों की भी प्राप्ति संभव होगी।

## जनेश्वर मिश्र पार्क के रखरखाव में लापरवाही, एजेंसी को नोटिस

**लखनऊ।** जनेश्वर मिश्र पार्क के रखरखाव में लापरवाही बरती जा रही है। यहां झाड़ियों की कटाई छंटाई नहीं की जा रही है। सफाई में भी लापरवाही की जा रही है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निरीक्षण के दौरान पार्क में गदंगी मिली है। पार्क के रखरखाव के लिए करीब पौने 7 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी पार्क बदहाल हो रहा है। उपाध्यक्ष ने मुख्य अभियंता को फौरन कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए। चार नोटिस और जुर्माने के बाद भी एजेंसी के काम में कोई सुधार नहीं है। पार्क की सफाई और रखरखाव का जिम्मा विमला एसोसिएट्स के पास है। एजेंसी पिछले कई महीनों से लगातार लापरवाही कर रही है। उन्होंने देखरेख करने वाली एजेंसी के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है। इंजीनियरों और उद्यान विभाग के अधिकारियों से भी जवाब तलब किया है। झाड़ियां और खरपतवार, धूल से सुंदरता धूमिल निरीक्षण के दौरान वीसी ने पाया कि ट्रैक और पाथवे पर कीचड़ जमा है, घास और खरपतवार ने पूरे क्षेत्र को ढक लिया है, कई हिस्सों में फूलों की क्यारियां खरपतवार में गुम हैं और पार्क के ग्रिलों तक पर जंगली पौधे उग आए हैं। एलडीए के उद्यान अधिकारी ने पूर्व में भी 4 बार नोटिस दी। जुर्माना लगाने के बाद भी एजेंसी ने सुधार नहीं किया। गेट नंबर 2 से 6 तक के मीडियन की सफाई नहीं हुई, पार्किंग अस्त-व्यस्त है।

# हरिओम वाल्मीकि को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ऊंचाहार, रायबरेली में फतेहपुर निवासी हरिओम वाल्मीकि की गुंडों द्वारा पीट-पीट कर हत्या कर दिये जाने पर उनकी आत्मा की शांति एवं परिवारजनों को न्याय दिलाने के लिए महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों में मंगलवार को कैंडल मार्च निकाला गया।

राजधानी में कांग्रेस के महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय की उपस्थिति और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में तथा प्रदेश के सह प्रभारी, राष्ट्रीय सचिव सत्य नारायण पटेल की उपस्थिति में हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या के विरोध में गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए लखनऊ जिलाध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बब्लू एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण अमित श्रीवास्तव त्यागी एवं डॉ. शहजाद आलम के संयुक्त तत्वावधान में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने हाथों में जलती मोमबत्तियां लेकर दलितों के सम्मान में कांग्रेस मैदान में, हरिओम बाल्मीकि को न्याय दो नारों के साथ कूच करते हुए न्याय की मांग करते हुए लखनऊ की सड़कों को गुंजायमान कर दिया। इस मौके पर अविनाश पाण्डेय ने कहा कि हरिओम वाल्मीकि की हत्या न केवल एक व्यक्ति पर हमला है, बल्कि एक वर्ग विशेष के प्रति असमानता और अन्याय के प्रति गंभीर संकेत है। कांग्रेस ऐसी घटनाओं की कड़ी निंदा करती है। इसके खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तक शांत नहीं बैठेगी। अजय राय ने कहा कि इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा एवं किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान किया जाए। घटना के विरोध में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल के सदस्य (अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन, सांसद तनुज पुनिया एवं तेलंगाना सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ विवेक वेंकट स्वामी आज मृतक हरिओम वाल्मीकि के आवास जनपद फतेहपुर पहुंचे जहां उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी तथा घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी ली।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सभी जिलों के मंदिरों में हो रहा अखंड रामायण पाठ

विशेष संवाददाता (vol)

- महर्षि वाल्मीकि के आदर्श आज भी समाज के लिए पथ प्रदर्शक – जयवीर सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की ओर से महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मंगलवार को प्रदेश के सभी 75 जिलों में जिला प्रशासन के सहयोग से भक्ति, आस्था और संस्कृति के संगम स्वरूप विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजधानी में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अलीगंज स्थित नया हनुमान मंदिर में आयोजित महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण के अखंड पाठ का शुभारंभ किया। जिसके बाद प्रदेश भर के मंदिरों में अखंड रामायण पाठ की शुरूआत हुई। कार्यक्रम के उपरांत मंत्री मड़ियांव स्थित गौतम बुद्ध विहार कॉलोनी के मलिन बस्ती पहुंचे और लोगों को वाल्मीकि सम्मान दिया। इस दौरान राज्यसभा सांसद बृजलाल भी मंत्री

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा, महर्षि वाल्मीकि महर्षि वाल्मीकि से संबंधित स्थलों पर रामचरित मानस पाठ, अखण्ड रामायण पाठ, वाल्मीकि रामायण पाठ, सुन्दर काण्ड, भजन-कीर्तन, दीप प्रज्ज्वलन और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ऐसे आयोजन प्रदेश की संस्कृति और आस्था से जुड़ी हमारी परंपरा और लोक आस्था को सशक्त बनाते हैं।

मंत्री ने कहा, 'पर्यटन विभाग की ओर से महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली लालापुर चित्रकूट में पर्यटन विकास कार्य एवं वाल्मीकि की भव्य प्रतिमा की स्थापना के साथ ही अखंड रामायण पाठ किया जा रहा है। वृहद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, महर्षि वाल्मीकि से संबंधित स्थलों के विकास और प्रचार-प्रसार पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु और पर्यटक इन स्थलों से जुड़ सकें।' नागरिकों से आह्वान किया कि वे महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज में सद्भाव और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करें।

# सिविल इंजीनियरिंग में एमटेक स्ट्रक्चरल के पाठ्यक्रम को दिया गया अनुमोदन

## ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की बैठक सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की बैठक विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक सभागार में कुलपति प्रो अजय तनेजा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, अनुसंधान और प्रशासनिक विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया और कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक की शुरूआत में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने विश्वविद्यालय की हालिया उपलब्धियों और नई शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्या परिषद विश्वविद्यालय के बौद्धिक और नीतिगत विकास की धुरी है और इसके निर्णय भविष्य की दिशा तय करते हैं। बैठक में दो नए पदक समाजशास्त्र स्नातक में श्री डोरी लाल सागर मेमोरियल स्वर्ण पदक और इतिहास परास्नातक में राम पति देवी स्वर्ण पदक का अनुमोदन किया गया। 14 वें दीक्षांत समारोह में 31 शोधार्थियों को डिग्री दी जायेगी। सिविल इंजीनियरिंग में एमटेक स्ट्रक्चरल के पाठ्यक्रम को अनुमोदन दिया गया। विधि संकाय के डॉ बीआर अम्बेडकर मेमोरियल मूटकोर्ट हॉल का नामकरण किया गया। अरबी विभाग के विभागीय पुस्तकालय का नाम डॉ अनीश अंसारी के नाम पर सहमति दी गई। डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सेज के टॉपर्स को सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन देने पर अनुमोदन दिया गया। सभी भाषाओं के टॉपर्स को ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती स्वर्ण पदक दिये जाने पर अनुमोदन दिया गया। भूगोल विभाग के अंतर्गत एक वर्षीय डिप्लोमा (स्ववित्तपोषित) पर सहमति दी गयी। कॉमर्स विभाग के वैल्यू एडेड कोर्सेज (स्वयं) के माध्यम से स्वीकृत किया गया। अवधी शोधपीठ के परामर्श समिति के गठन को भी अनुमोदित किया गया।

इन सबके अलावा नई पाठ्यक्रम संरचनाओं, एनईपी 2020 के अनुरूप विषयों के अद्यतन, शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहन जैसे प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। विद्या परिषद के सदस्यों ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए अपने सुझाव रखे, जिनका स्वागत कुलपति ने करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर बहुभाषिकता, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में अग्रसर है। अंत में रजिस्ट्रार डॉ. महेश कुमार ने विद्या परिषद के सभी सदस्यों का उनके रचनात्मक सुझावों और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्या परिषद की इस बैठक में विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, विभागाध्यक्षों, तथा बाह्य विशेषज्ञों सहित विद्या परिषद के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# साढ़े आठ लाख वाहनों को किया चेक 9 हजार वाहनों से हटायी काली फिल्म

विशेष संवाददाता (vol)

- 18,215 वाहनों का चालान किया, 2,817 हूटर और 1,087 बत्तियां वाहनों से हटाई गई
- अपर पुलिस महानिदेशक से लेकर थाना प्रभारियों ने की फूट पैट्रोलिंग

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिलाओं और बेटियों को सुरक्षित माहौल देने के लिए गाड़ियों की काली फिल्म हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। यह अभियान 22 सितंबर से प्रदेशभर में चलाया गया, जो वर्तमान में भी चल रहा है। वहीं 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक साढ़े आठ लाख से अधिक वाहनों की चेकिंग की गयी। इसके साथ ही उच्च अधिकारियों अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिदेशक, उप महानिरीक्षक, पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी द्वारा अपनी टीम के साथ फुट पैट्रोलिंग की गयी।

मिशन शक्ति 5.0 अभियान की नोडल अधिकारी एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों द्वारा सड़क पर गाड़ियों की जांच की गयी। इस दौरान गाड़ियों की काली फिल्म को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इस दौरान 71,473 स्थानों की 24,457 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा 8,50,182 वाहनों की चेकिंग की गयी। अब तक 9,488 काली फिल्में हटाई जा चुकी हैं। इसके अलावा 2,817 हूटर और 1,087 बत्तियां भी हटाई गई हैं। यह कदम सड़क पर अपराधों को रोकने और महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। इसके साथ ही, गलत स्थान पर पार्क किए गए वाहनों के खिलाफ 18,215 चालान भी किए गए हैं, ताकि ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके और सड़क पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से वाहन पर शासकीय और जाति सूचक शब्दों के इस्तेमाल पर भी कड़ी कार्रवाई की गई है और 14,504 ऐसे मामले सामने आए हैं। अभियान के दौरान 3,38,305 व्यक्तियों को चेतावनी दी गयी। एडीजी ने बताया कि वाहन नियमों का उल्लंघन करने पर 1,93,829 वाहनों का चालान किया गया है, जबकि 3,654 वाहनों को सीज भी किया गया है। कुल 251 पंजीकृत अभियोगों के साथ-साथ 450 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है, जो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। इसके अलावा स्टंटबाजों के लिखाफ भी कड़ी कार्रवाई की गयी। इस दौरान 55,832 स्थानों की 21,324 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा 5,26,184 वाहनों की चेकिंग की गयी। अभियान के दौरान 770 स्टंटबाजी के मुकदमे दर्ज किये गये जबकि 263 स्टंटबाजों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 31,609 वाहनों का चालान और 1,388 वाहनों को सीज किया गया। वहीं, मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत पुलिस विभाग द्वारा फुट पैट्रोलिंग भी की गयी ताकि सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित किया जा सके। इस पहल से पुलिस विभाग ने महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराने के लिए अपनी तैनाती सुनिश्चित की है। प्रदेश के 57,265 स्थानों पर फुट पैट्रोलिंग की गयी। इसमें अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिदेशक, उप महानिरीक्षक द्वारा 239 स्थानों, पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक द्वारा 1,670 स्थानों, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी द्वारा 9,616 और थाना प्रभारी द्वारा अपनी टीम के साथ 45,837 स्थानों पर फुट पैट्रोलिंग की गयी।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# मॉर्निंग वॉक से लौट रहे भाई-बहन की हादसे में मौत




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में एक दर्दनाक सड़क हादसे में मॉर्निंग वॉक से लौट रहे भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी मोटरसाइकिल में इतनी जोरदार टक्कर मारी कि दोनों उछलकर करीब 20 फीट दूर जा गिरे। हादसे के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर वाहन छोड़कर फरार हो गया।

यह घटना 7 अक्टूबर को ठाकुरगंज इलाके के न्यू हैदरगंज में हुई। लोगों ने बताया कि टक्कर के बाद दीवार से टकराया सिर। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई को करने में लगी हुई है। मृतकों की पहचान न्यू हैदरगंज निवासी अतुल कुमार (21) और उनकी बड़ी बहन श्वेता (23) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, श्वेता मॉर्निंग वॉक से लौट रही थीं और अपने भाई अतुल के साथ बाइक (यूपी32 पीडब्ल्यू2073) पर सवार होकर घर जा रही थीं। जैसे ही वे न्यू हैदरगंज चोर घाटी के पास पहुंचे, सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर (यूपी32 ईएफ0439) ने उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों हवा में उछलकर दूर जा गिरे। टक्कर के कारण अतुल का सिर एक दीवार से टकरा गया, जिससे वह बुरी तरह फट गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**बी-फार्मा की छात्रा थी श्वेता:** अतुल और श्वेता मूल रूप से मलिहाबाद मेन मार्केट के रहने वाले थे, लेकिन पढ़ाई के लिए न्यू हैदरगंज बताशे वाली गली में अपने नाना ईश्वरदीन के घर पर रह रहे थे। श्वेता बी-फार्मा की छात्रा थीं, जबकि अतुल ने 10वीं पास की थी। उनके पिता सतीश एक प्रापर्टी डीलर हैं और मां सुनीता गृहिणी हैं। इस हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**ट्रैक्टर जब्त, ड्राइवर की तलाश जारी:** हादसे के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर और बाइक को कब्जे में ले लिया है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि ड्राइवर की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और ट्रैक्टर मालिक के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## जमीन विवाद में खूनी झड़प, युवक पर बांके से जानलेवा हमला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जमीन की पुरानी रंजिश के चलते मंगलवार सुबह संतनगर गांव में एक युवक पर बांके (धारदार हथियार) से जानलेवा हमला कर दिया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद भाग रहे हमलावर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह भी घायल हो गया। पुलिस ने दोनों घायल पक्षों को अस्पताल पहुंचाया है और दोनों ओर से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर के पास हुआ था हमला। पुलिस के मुताबिक, रहीमाबाद के संतनगर निवासी रविंद्र मंगलवार की सुबह मंदिर के पास बैठे थे। तभी खडौहां गांव निवासी किशन लाल बांका लेकर वहां पहुंचा। पुरानी जमीन रंजिश को लेकर किशन लाल ने रविंद्र पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे रविंद्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

**ग्रामीणों ने पकड़कर की पिटाई:** हमला करने के बाद किशन लाल मौके से भागने की कोशिश कर रहा था। तभी संतनगर गांव के ज्ञानेंद्र, आजाद और विनोद समेत अन्य ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और गुस्से में उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे हमलावर किशन लाल भी घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायल व्यक्तियों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, मुकदमा दर्ज

- ग्रामीणों ने बरामद करायी अन्य वस्तुएं
- बिजनौर कोतवाली क्षेत्र की घटना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजनौर कोतवाली क्षेत्र के चंद्रावल का मजरा लक्ष्मण खेड़ा में बेखौफ चोरों ने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए कीमत के गहने-नगदी और घर में रखे सामान चोरी कर लिए। चंद्रावल गांव का मजरा लक्ष्मण खेड़ा निवासी बाबू अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहकर मजदूरी का काम करता है। बाबू का कहना है कि वह बीते 3अक्टूबर को पुत्री सोनाक्षी की तबीयत खराब होने की वजह से बिजनौर की गढ़ी मोहल्ला गये हुए थे। पीड़ित का कहना है कि मंगलवार सुबह करीब 6बजे जब वह मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को अपने फोन से चेक किया तो वहां पर कुछ दिख नहीं रहा था, मौके पर पहुंच कर देखा तो गेट का ताला टूटा पड़ा था और कमरे के अंदर का भी ताला तोड़कर अलमारी व बक्स का भी ताला टूटा पड़ा था और पास में ही सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। यह देखकर पीड़ित ने बिजनौर पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर वापस चली गई। पीड़ित का कहना है कि उसके बहनोई मेहीलाल कैधी निवासी ने गांव वालों के साथ जंगल की झाड़ियां में जब तलाश किये तो सड़क के किनारे झाड़ियां में बोरी दिखाई पडी, यह देखकर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सामान को निकलवाया तो वहां से दो साउंड ,दो बटुआ, दो बैटरा, सौर ऊर्जा इन्वर्टर, बडी ड्रिल मशीन, गैस सिलेंडर, हेलमेट, मिक्सी मशीन, इनवर्टर यूपीएस पडा मिला। पीड़ित का कहना है कि वह घर में 40000 हजार रुपये नगद, दो तोले सोने का हार, एक झुमकी सोने की, चेन सोने की, अंगूठी सोने की, चांदी के पाजेब, करधनी, पायल, चांदी के ब्रेसलेट पड़े हुए थे जिसको चोर अपने साथ उठा ले गये। पीड़ित ने इसकी शिकायत बिजनौर कोतवाली में दर्ज कराई है।

## युवती के साथ हुई छेड़छाड़ का नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जहां एक और प्रदेश सरकार के फरमान पर पुलिस महकमा मिशन शक्ति के तहत बच्चियों को कभी थाना प्रभारी कभी क्षेत्राधिकारी के पद से नवाज उसे एक रोज के लिए सांकेतिक रूप से पद के दायित्व का निर्वहन करने अभियान चला रहा है। उसके विपरीत आज भी महिला शोषण का शिकार हो रही है।

मसला तब और भी गंभीर हो जाता जब पुलिस महकमा हीं मसले में अभियोग पंजीकृत करने की बजाये पीड़ित पर दबाव बना मसले का निस्तारण करने का प्रयास करती है । बेहद गंभीर मामला प्रदेश मुख्यालय से चंद दूरी बीकेटी थाने का है जहां छेड़छाड़ के एक शिकायती पत्र पर लगभग 48घंटे बाद भी शिकायती पत्र पर अभियोग पंजीकृत नहीं किया । जबकि पीड़िता के कथनानुसार अभियोग पंजीकृत करने की बजाये कठवारा चौकी इंचार्ज द्वारा पीड़िता पर शिकायती पत्र वापस लेने का दबाव बना रही है। साथ ही वापस न लेने पर आरोपी की बजाये पीड़िता को किसी मुकदमे मे फंसा देने की धमकी दी जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बक्शी का तालाब थाने के अतर्गत पड़ने वाले ग्राम रैथा निवासी एक युवती ने 3अक्टूबर को थाने मे दिए शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि उसी के गांव का निवासी सूरज पुत्र जगदीश उसके घर आकर उसके साथ छेड़खानी करने लगा, साथ हीं मुंह हाथ से दबा उसे अंधेरी गली मे ले जाने लगा। इसी दौरान किसी तरह मौका पाकर उसने शोर मचाया जिसे सुन पीड़िता की चाची और कुछ अन्य लोग मौके पर आ गए जिसेदेख आरोपी सूरज धमकी देकर मौके से फरार हो गया। उक्त घटना की लिखित शिकायत पीड़िता ने 3अक्टूबर को हीं बीकेटी थाने मे दे दी थी। किंतु दो रोज पश्चात थाने की पुलिस ने महिला अपराध से जुड़ी इस घटना का कोई संज्ञान नहीं लिया और न हीं मुकदमे लिखने का साहस किया। ज्ञात हो यही बीकेटी थाने की पुलिस भी कुछ रोज पहले मिशन शक्ति के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्कूली बच्चो को खासकर बच्चियों को यातायात सम्बंधित ज्ञान दे रही थी।

मेले मे व्यस्त थे इस कारण नहीं कर सके कोई कार्यवाही उक्त मसले मे पुलिस अधिकारी का बयान सबसे ज्यादा हास्यपद रहा। जानकारी के लिए बीकेटी मे पिछले तीन चार रोज से मेले का आयोजन हो रहा था पुलिस के एक जिम्मेदार अधिकारी की बातो को यदि माना जाये तो चुकी क्षेत्र में मेले का आयोजन हो रहा था एस इस कारण मसले पर गौर नहीं किया गया।

मेला का समापन हो गया अब सम्बंधित मसले को देखा जायेगा। महिला शक्ति करण, मिशन शक्ति क्या मात्र औपचारिकता हीं थी जो गंभीर मसले मे पुलिस द्वारा इस तरह के कुतर्क पेश किए गए। यदि बीकेटी थाने के जिम्मेदार की बातों का आशय निकाला जाए तो यदि मेले या किसी अन्य कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में कोई घटना घटित होती है तो कार्यवाही कार्यक्रम के पश्चात हीं करेंगी। इंस्पेक्टर कैलाश दुबे ने बताया कि थाने की पुलिस मेले के आयोजन मे व्यस्त थी अब फ्री हुए है कल मसले का संज्ञान लिया जायेगा।

# अंतर्राज्यीय 'सॉल्वर गैंग' का खुलासा, असिस्टेंट बैंक मैनेजर सहित 10 गिरफ्तार

- आईबीपीएस क्लर्क परीक्षा में सेंधमारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में पुलिस ने आईबीपीएस क्लर्क परीक्षा 2025 में सेंधमारी करने वाले एक बड़े अंतर्राज्यीय सॉल्वर गैंग का भंडाफोड़ किया है। बिजनौर पुलिस ने इस मामले में गैंग के सरगना, जो कि एक असिस्टेंट बैंक मैनेजर है, सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बीआर एक्जाम सेंटर पर हुआ खुलासा। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि 5 अक्टूबर को बिजनौर स्थित बीआर एक्जाम सेंटर में आईबीपीएस की तरफ से एक मेल आया था। मेल में जानकारी दी गई थी कि गौरव आदित्य की जगह पर अभिषेक कुमार नाम का व्यक्ति परीक्षा दे रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने सेंटर पर पहुंचकर जांच की, जिसमें यह जानकारी सही पाई गई। पुलिस ने तुरंत अभिषेक कुमार को हिरासत में ले लिया। अभिषेक से पूछताछ के बाद पूरे सॉल्वर गैंग का खुलासा हुआ और पुलिस ने नौ अन्य आरोपियों को धर दबोचा।

**असिस्टेंट मैनेजर चला रहा था गैंग:** गैंग का सरगना आनंद कुमार है, जो वर्तमान में यूपी ग्रामीण बैंक में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर तैनात है और उसकी पोस्टिंग खबपुरा संभाल में है। आनंद कुमार ही पैसे लेकर सॉल्वर को दूसरे अभ्यर्थी की जगह परीक्षा में बैठाता था। गिरफ्तार किए गए 10 आरोपियों में से अधिकांश बिहार और उत्तराखंड के रहने वाले हैं। आरोपियों की पहचान इस प्रकार है आनंद कुमार (जहानाबाद, बिहार) झ गैंग का सरगना और असिस्टेंट बैंक मैनेजर, गौरव आदित्य (पटना), अभिषेक कुमार (सॉल्वर), हर्ष जोशी (चंपावत, उत्तराखंड), भागीरथ शर्मा (गया, बिहार), सुधांशु कुमार (लखीसराय, बिहार), धनंजय कुमार सौरभ, राजीव नारायण पांडे, मुकेश कुमार, आशीष रंजन (सभी जहानाबाद और आसपास के निवासी है।

**'सिंडिकेट' का पता लगाने में पुलिस जुटी:** पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह गैंग अब तक कितनी परीक्षाओं में सेंधमारी कर चुका है और इनके तार कहां-कहां तक फैले हुए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## 10 हजार के इनामी 'अभय माफिया' को पुलिस ने पकड़ा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लखनऊ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। चिनहट पुलिस ने ?10,000 के इनामी बदमाश अभय प्रताप सिंह उर्फ 'अभय माफिया' को गिरफ्तार कर लिया है। अभय पर 1 अक्टूबर को गोमतीनगर विस्तार स्थित सीबीसीआईडी कॉलोनी में खुलेआम फायरिंग करके दहशत फैलाने का आरोप था। पुलिस ने बताया कि बेतवा अपार्टमेंट में दबिश देकर हुई गिरफ्तारी। फायरिंग की घटना के बाद से ही अभय फरार चल रहा था। पुलिस ने सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर उसकी लोकेशन ट्रेस की। मंगलवार सुबह पुलिस ने बेतवा अपार्टमेंट में दबिश दी और आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तारी के दौरान अभय के पास से 32 बोर की एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक मैगजीन बरामद हुई है। अभय और उसके साथियों ने 1 अक्टूबर को सीबीसीआईडी कॉलोनी में शैलेन्द्र वर्मा नामक युवक पर फायरिंग की थी। पीड़ित की तहरीर पर अभय के अलावा आशुतोष मिश्रा, सत्यम और उत्कर्ष मिश्रा सहित कई लोगों को नामजद किया गया था। इस मामले में पुलिस पहले ही सत्यम और उत्कर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। डीसीपी शशांक सिंह ने बताया कि अभय पर चिनहट और सुशांत गोल्फ सिटी थानों में हत्या के प्रयास, फायरिंग, धमकी, मारपीट और अवैध हथियार रखने जैसे चार संगीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में उसने सीबीसीआईडी कॉलोनी में हुई फायरिंग की वारदात में शामिल होने की बात कबूल कर ली है। पुलिस अब उसके गिरोह के अन्य सदस्यों और हथियार सप्लायर की तलाश में जुट गई है। बरामद पिस्टल को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़, ढाई क्विंटल विस्फोटक जब्त, दो गिरफ्तार

- दिवाली से पहले नगराम में बड़ी कार्रवाई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आगामी दिवाली त्योहार से पहले, लखनऊ पुलिस को नगराम थाना क्षेत्र में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सूचना के आधार पर कस्बे में छापेमारी कर अवैध रूप से बनाए जा रहे भारी मात्रा में पटाखों को जब्त किया है।

इस दौरान दो लोगों को मौके से गिरफ्तार भी किया गया है। पुलिस ने बताया कि ढाई क्विंटल पटाखों का जखीरा बरामद हुआ है। नगराम पुलिस टीम ने एसीपी रजनीश वर्मा के नेतृत्व में दोपहर में नगराम क्षेत्र के एक मकान पर छापा मारा। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इस मकान में अवैध तरीके से पटाखों का भंडारण और निर्माण किया जा रहा है। छापेमारी के दौरान पुलिस को कई बोरों में भरे हुए सुतली बम, रॉकेट और अन्य प्रकार की विस्फोटक सामग्री मिली। जब्त किए गए पटाखों का कुल वजन ढाई क्विंटल बताया जा रहा है।

**स्थानीय बाजारों में खपाने की थी तैयारी:** गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों से पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। पूछताछ में पता चला है कि वे इन अवैध पटाखों को आसपास के स्थानीय बाजारों में खपाने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की गहनता से जांच कर रही है, ताकि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों और विस्फोटक सामग्री के स्रोत का पता लगाया जा सके। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर किसी भी संभावित दुर्घटना या अवैध गतिविधि को रोकने के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने साफ किया कि ऐसे अवैध कार्यों में लिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## चेन लूटपाट करने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार

**लखनऊ।** गोमतीनगर इलाके में लूट की दो वारदातों को अंजाम देने वाले दो लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी 'ओला' कैब ड्राइवर है, जो अपने दोस्त के साथ मिलकर बाइक से चेन लूटता था। पुलिस ने उनके कब्जे से सोने के गले हुए टुकड़े और 49,000 नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने कहा कि बीते 28 सितंबर और 6 अक्टूबर की लूट का खुलासा किया गया है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि गोमतीनगर क्षेत्र में 28 सितंबर और 6 अक्टूबर को बाइक सवार बदमाशों ने दो अलग-अलग घटनाओं में चेन लूट ली थी। इन मामलों में पीड़ित डॉ. सौम्येन्द्र विक्रम सिंह और हीरालाल यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामलों की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच और सर्विलांस टीम के साथ मिलकर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगालने और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मंगलवार को दयाल चौराहा, गोमतीनगर से दोनों लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मजहर, निवासी सनराइज हॉस्पिटल हरदोई रोड, थाना ठाकुरगंज, और फैसल पुत्र राहत अली, निवासी झरियन तालाब, सआदतगंज के रूप में हुई है। फैसल, जो कि ओला ड्राइवर है, उसके पास से एक सोने का टुकड़ा और 25,000 नकद बरामद हुए हैं। मजहर के कब्जे से लगभग 5 ग्राम की गली हुई सोने की धातु और 24,000 नकद जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी बाइक से घूमकर लोगों को निशाना बनाते थे। बरामदगी के आधार पर दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## 11 को सीमा सिंह को मिलेगा मलखान सिंह कविता पुरस्कार

**लखनऊ।** वर्ष 2024 का मलखान सिंह सिसौदिया कविता पुरस्कार सीमा सिंह को उनके कविता संग्रह 'कितनी कम जगहें हैं' के लिए प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी केपी. सिंह मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष नमिता सिंह और जनवादी लेखक संघ के केन्द्रीय संयुक्त महासचिव नलिन रंजन सिंह ने दी। सुप्रसिद्ध कवि मलखान सिंह सिसौदिया द्वारा 2007 में स्थापित यह पुरस्कार प्रतिवर्ष किसी युवा कवि को दिया जाता है। पूर्व में यह पुरस्कार चर्चित कवि दिनेश कुशवाह, एकांत श्रीवास्तव, श्रीप्रकाश शुक्ल, शैलेय, अशोक तिवारी, भरत प्रसाद, संजीव कौशल, निशांत, संतोष चतुर्वेदी, रमेश प्रजापति, प्रदीप मिश्र, विशाल श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश चौबे, बच्चा लाल 'उन्मेष', शंकरानन्द और अनुज लुगुन को दिया जा चुका है। नलिन रंजन ने बताया कि सीमा सिंह आज के समय की बेहद चर्चित कवयित्री हैं। उनके कविता संग्रह 'कितनी कम जगहें हैं' की कविताएं आम जीवन का प्रतिबिम्ब हैं। सीमा सिंह को यह पुरस्कार 11 अक्टूबर को कैफी आजमी सभागार में होने वाले समारोह में दिया जाएगा।

## बेगम अख्तर को तस्वीरों, फिल्मों और कहानियों से किया नमन

**लखनऊ।** मलिका-ए-गजल बेगम अख्तर को जयंती पर उनकी यादों, कहानियों और उनसे जुड़ी खास तस्वीरों से याद किया गया। लखनऊ बायोस्कोप की ओर से कैसरबाग स्थित कार्यालय में मलिका ए गजल प्रदर्शनी का आयोजन और उनकी जिन्दगी पर बनी लघु फिल्म जिक्र उस परी-वश का प्रदर्शन किया गया। साथ ही पसंद बाग स्थित मजार पर बेगम अख्तर को श्रद्धांजलि देने के अलावा उनके किस्सों और गायकी को सलाम किया गया। बेगम अख्तर का जीवन और विरासत ? शीर्षक से लगी प्रदर्शनी में गजलों की रानी, बेगम की गहरी सांस्कृतिक और संगीत विरासत को समर्पित रहीं। लखनऊ के केंद्र में स्थित यह प्रदर्शनी दुर्लभ वस्तुओं, दिलचस्प कहानियों और ऑडियो-विज़ुअल प्रस्तुतियों के माध्यम से संगीत प्रेमियों, शोधार्थियों और आम लोगों को बेगम अख़्तर के जीवन से जोड़ रही है। प्रदर्शनी में बेगम अख्तर की जिन्दगी के खास पलों की तस्वीरों को प्रदर्शित किया गया। उनके कलकत्ता, लखनऊ की रिहाइश को दिखाया गया। उनके साथ कार्यक्रमों की फोटो भी आकर्षण का केन्द्र है।


## सूचना

सूचित करना है कि मेरे मुख्तारनामा पंजीकृत बही संख्या 4, जिल्द संख्या 670 के पृष्ठ 95 से 106 तक क्रमांक 10 पर दिनांक 7.1.25 को रजिस्ट्रीकृत किया गया था, वास्तव में कही खो गया है। डॉ कमला यादव निवासी-डी 4/236, विजयतखंड, गोमतीनगर, लखनऊ।


## साप्ताहिक बाजार बना जाम का सबब

आलमबाग। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में लगने वाली साप्ताहिक मंगलवार बाजार के चलते सड़कों पर भारी व छोटे वाहनों की लम्बी कतारों की वजह से सड़क जाम की स्थित घंटों बनी रहती हैं , लेकिन पुलिस सक्रिय नहीं दिखाई देती है जिसके चलते लोगों को घंटों सड़क जाम में जूझते रहना पडता है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत विसांवा, वि.ख.-धनपतगंज, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26** **दिनांक-07.10.2025**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- विसांवा, विकासखंड- धनपतगंज, जनपद सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक /भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक 08.10.2025 से दिनांक 14.10.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत विसांवा पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 14.10.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | उमेश दूबे के घर के सामने से लवकुश के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 4.99 लाख रुपए। | इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | शिव बहादुर के घर से राकेश लाला के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 16.59 लाख रुपए। | इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 3. | रामबली के घर से अशर्फी के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 12.51 लाख रुपए। | इंटरलॉकिंग ईंट, व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्तें मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होंगी।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा.पं.- विसांवा, वि.ख.-धनपतगंज**
**जनपद-सुलतानपुर**


# भोजपुरी एक्टर पवन सिंह मामले में पिता ने मुख्यमंत्री से लगायी न्याय की गुहार

### समाज में भ्रम फैलाया गया कि मैंने पुलिस बुलाया: पवन सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के बीच चल रहा पारिवारिक विवाद अब राजनीतिक गलियारों तक पहुंच गया है। मंगलवार को ज्योति सिंह के पिता रामबाबू सिंह लखनऊ पहुंचे और घोषणा की कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर अपनी बेटी के लिए न्याय और सम्मान की मांग करेंगे।

**'बेटी के सम्मान और सुरक्षा के लिए आए':** रामबाबू सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह किसी राजनीतिक या व्यक्तिगत कारण से नहीं, बल्कि एक पिता के रूप में अपनी बेटी की सुरक्षा और सम्मान के लिए गुहार लगाने आए हैं। उन्होंने कहा, ₹हमारी बस इतनी मांग है कि बेटी को सम्मान के साथ रखा जाए।₹ उन्होंने रविवार के घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी बेटी तो पवन सिंह से बात करने ही आई थी, लेकिन अभिनेता ने बातचीत नहीं की और उलटा पुलिस को बुला लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पुलिस बेटी को ले जाने लगी, तो उसने पूछा कि उसका जुर्म क्या है?

**वायरल वीडियो में भी लगाई थी गुहार:** इससे पहले रामबाबू सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था, जिसमें वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इंसाफ की गुहार लगाते हुए नजर आ रहे थे। उन्होंने वीडियो में कहा था, ₹योगी जी की पार्टी का मूल मंत्र है कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ। आज मेरी बेटी बहुत दुर्दिन देख रही है। वह तड़प रही है... मैं बीमार चल रहा हूं। आज हूं कल नहीं रहूंगा। ऐसे में मेरी बेटी का क्या होगा। उसे इंसाफ दिलाएं, बेटी को न्याय मिले यही मेरी मांग है।

**जानिए क्या है पूरा विवाद:** पवन सिंह और ज्योति सिंह के बीच विवाद तब गरमा गया, जब बीते रविवार को ज्योति सिंह लखनऊ स्थित अभिनेता के घर पहुंचीं और फूट-फूटकर रोईं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लाइव आकर पवन सिंह पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उन्हें घर में जाने नहीं दिया जा रहा है और उनके लिए पुलिस बुलवाई गई है। वहीं, भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह ने भी सोशल मीडिया पर पलटवार किया था। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, ₹मैं अपने जीवन में एक ही बात जानता हूं कि जनता मेरे लिए भगवान है, क्या मैं आप सब के जनभावना को ठेस पहुँचाऊँगा जिनके बदौलत मैं यहां तक पहुंचा।

**मैने नहीं बुलाया फिर किसने बुलायी पुलिस:** अभिनेता ने ज्योति सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा, ज्योति सिंह क्या यह सच नहीं है कि कल सुबह आप मेरे सोसाइटी में आई तो मैंने ससम्मान आपको अपने घर पर बुलाया और करीब डेढ़ घंटे तक हम लोगों की बातचीत हुई। आपके द्वारा बस एक ही रट कि मुझे चुनाव लड़वाइए कैसे भी...। समाज में भ्रम फैलाया गया कि मैंने पुलिस बुलाया। फिलहाल, इस विवाद में ज्योति सिंह के पिता की एंट्री से यह मामला अब एक नया मोड़ ले चुका है, जिस पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।

# रोशनी का पर्व दीपावली 20 को, भक्त करेंगे लक्ष्मी-गणेश जी की पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत में दीपावली का पर्व अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इसे रोशनी का त्योहार भी कहा जाता है क्योंकि इस दिन दीप जलाने से अंधकार और नकारात्मकता दूर होती है। लोग अपने घरों को दीपों, झालरों और रंगोली से सजाते हैं। धार्मिक मान्यता है कि कार्तिक अमावस्या के दिन माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करने से घर में धन, वैभव और समृद्धि आती है।

हिंदू पंचांग के अनुसार, कार्तिक मास की अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर 2025 को सुबह 03 बजकर 44 मिनट से शुरू होगी और 21 अक्टूबर 2025 को प्रातः 05 बजकर 54 मिनट पर समाप्त होगी। इस कारण तिथि दो दिनों तक रहेगी, जिससे लोगों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। लेकिन ज्योतिष गणना और परंपरा के अनुसार, दीपावली का पर्व 20 अक्टूबर 2025 (सोमवार) को मनाया जाएगा।

**छोटी दिवाली:** वैदिक पंचांग के अनुसार, नरक चतुर्दशी कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है। इस साल चतुर्दशी तिथि की शुरूआत 19 अक्टूबर को दोपहर 1 बजकर 51 मिनट पर होगी. इसका समापन 20 अक्टूबर को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट पर होगा। ऐसे में इस साल 19 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी या छोटी दिवाली मनाई जाएगी।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, छोटी दिवाली के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर नामक राक्षस का संहार किया था। इसलिए इसे नरक चतुर्दशी भी कहा जाता है। इसलिए इस दिन लोग राक्षस पर भगवान कृष्ण की जीत का जश्न मनाते हैं। घरों की साफ-सफाई करते हैं और इसे फूलों या लाइटों से सजाते हैं। इस दिन बुराई के अंधेरे को दूर करने और सकारात्मकता का स्वागत करने के लिए दीपक जलाए जाते हैं।

**गोवर्धन पूजा :**पंचांग के मुताबिक कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरूआत 21 अक्तूबर को शाम 05 बजकर 54 मिनट पर होगी। इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 22 अक्तूबर को रात 8 बजकर 16 मिनट पर है। ऐसे में गोवर्धन पूजा का पर्व 22 अक्तूबर को मनाया जाएगा।

**भाई दूज :** कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई दूज मनाया जाता है। इस वर्ष इस तिथि का प्रारंभ 22 अक्तूबर 2025, को रात 08 बजकर 16 मिनट पर होगा। इसका समापन 23 अक्तूबर 2025, को रात 10 बजकर 46 मिनट पर है। ऐसे में 23 अक्तूबर को भाई दूज का पर्व मनाया जाएगा। इसके अलावा इस दिन दोपहर 01 बजकर 13 मिनट से 03 बजकर 28 मिनट तक तिलक का शुभ मुहूर्त रहने वाला है।

**दीपावली पूजा का महत्व :**दीपावली केवल धन और ऐश्वर्य का पर्व नहीं है, बल्कि यह अच्छाई की बुराई पर विजय और प्रकाश की अंधकार पर जीत का प्रतीक भी है। यह दिन भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने की स्मृति में मनाया जाता है। वहीं, व्यापारी वर्ग के लिए यह नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत का प्रतीक भी है।

**पूजा विधि :**प्रातः स्नान कर घर की साफ-सफाई करें। घर और पूजा स्थल को गंगाजल से पवित्र करें। चौकी पर लाल या पीला कपड़ा बिछाकर उस पर भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करें। चावल की ढेरी पर घी का अखंड दीपक जलाएं।

चौकी के दाईं ओर जल से भरा कलश रखें। उसमें सिक्का, सुपारी और हल्दी डालकर आम पत्तों व नारियल से ढकें। देवताओं को तिलक कर फूल, माला, फल और मिठाई अर्पित करें। माता लक्ष्मी को खील-बताशे, गन्ना और मौसमी फल का भोग लगाएं। वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर आरती करें। पहले भगवान गणेश और फिर माता लक्ष्मी की आरती की जाती है। पूजा में हुई किसी भूल के लिए क्षमा याचना करें। पूजा पूर्ण होने के बाद घर के हर कोने, दरवाजे और आंगन में दीपक प्रज्वलित करें।

## 200 साल बाद दिवाली पर बनेगा शक्तिशाली केंद्र दृष्टि राजयोग

वैदिक ज्योतिष अनुसार व्रत और त्योहार पर ग्रह शुभ योग और राजयोग का निर्माण करते हैं, जिसका प्रभाव मानव जीवन पर देखने को मिलता है। आपको बता दें कि इस साल दिवाली का त्योहार 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। आपको बता दें कि दिवाली पर मान-सम्मान, उच्च पद, नेतृत्व क्षमता, पिता के दाता सूर्य और ज्ञान, विवाह, शिक्षा, भाग्य, संतान, धन, ऐश्वर्य, करियर, धर्म के दाता गुरु एक-दूसरे से 90त की कोणीय स्थिति में स्थित होंगे, जिससे केंद्र दृष्टि योग बनेगा। जिससे कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। साथ ही इन राशियों को आकस्मिक धनलाभ के साथ तरक्की के योग बन रहे हैं। वहीं मन प्रसन्न रहेगा।

### लक्ष्मी पूजा का शुभ मुहूर्त

- **लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त: शाम 07 बजकर 08 मिनट से रात 08 बजकर 18 मिनट तक**
- **प्रदोष काल: शाम 05 बजकर 46 मिनट से रात 08 बजकर 18 मिनट तक**
- **प्रदोष काल के समय लक्ष्मी-गणेश पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है। इस समय में पूजा करने से माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है और घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।**

## धनतेरस 18 को, भगवान धन्वंतरि और कुबेर देव की होगी आराधना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। दीपावली के पांच दिवसीय महापर्व की शुरूआत धनतेरस से होती है। यह दिन भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और कुबेर देव की पूजा के लिए समर्पित है। इस दिन सोना, चांदी, और नए बर्तन खरीदना बहुत शुभ माना जाता है, जिससे घर में सुख, समृद्धि और बरकत बनी रहती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 18 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 18 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन 19 अक्टूबर को दोपहर 01 बजाकर 51 मिनट पर होगा। पंचांग को देखते हुए 18 अक्टूबर को धनतेरस का त्योहार मनाया जाएगा।

**धनतेरस का महत्व :** धनतेरस पर खरीददारी करने के पीछे मान्यता है कि इससे धन में तेरह गुना वृद्धि होती है। इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा करने से आरोग्य और स्वास्थ्य लाभ मिलता है, जबकि लक्ष्मी और कुबेर की पूजा से धन और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। ऐसे में इस शुभ अवसर पर ज्यादा से ज्यादा पूजा-पाठ करें।

**धनतेरसकी पूजन विधि:** धनतेरस की पूजा संध्या काल में पूजा की जाती है यानी प्रदोष काल में सूर्यास्त के बाद। सबसे पहले एक चौकी रखें, उस पर कपड़ा बिछाइए और उसके ऊपर कुबेर भगवान और धनवंतरी भगवान की मूर्ति की स्थापना करें।

अब दोनों के सामने एक एक मुखी घी का दीपक जलाएं। एक दीपक कुबेर भगवान के लिए और एक दीपक धन्वंतरि भगवान के लिए जलाएं। फिर, कुबेर देवता को सफेद मिठाई का भोग लगाएं और धन्वंतरि देव को पीली मिठाई का भोग लगाएं। इसके बाद कुबेर देवता के मंत्र का जप करें- ह्रीं कुबेराय नमः, ॐ ह्रीं कुबेराय नमः उसके बाद धन्वंतरि भगवान के लिए धन्वंतरि स्तोत्र का पाठ करें। इसके बाद आप प्रसाद ग्रहण करें। फिर, जहां पर आपने कुबेर देवता को रखा था। वहीं, दीपावली की भी पूजा करें।

### धनतेरस पर खरीदारी मुहूर्त

- **अभिजित मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 01 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 48 मिनट तक रहेगा। लाभ-उन्नति चौघड़िया मुहूर्त दोपहर 01 बजकर 51 मिनट से लेकर दोपहर 03 बजकर 18 मिनट तक रहेगा। वहीं, प्रदोष काल शाम 06 बजकर 11 मिनट से लेकर रात 08 बजकर 41 मिनट तक रहेगा। इस दौरान आप धनतेरस की खरीदारी कर सकते हैं**

# साहित्यकारों, रंगकर्मियों सहित कई विभूतियां सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कंसर्नड थिएटर के तत्वावधान में सरस्वती पैलेस, बी ब्लॉक, राजाजीपुरम में एकादश साहित्यकार प्रेरणा दिवस धूमधाम से मनाया गया। 84 वर्षीय रेनुका बिसरिया समाज सेविका के जन्मदिवस के साथ साहित्यकारों, रंगकर्मियों, वैज्ञानिको, चिकित्सिको, अधिवक्ताओं तथा समाज सेवियों को सम्मानित किया गया. प्रख्यात रंगकर्मी डॉ उर्मिल कुमार थपलियाल की स्मृति में विख्यात वरिष्ठ रंगकर्मी पुनीत अस्थाना को, डॉ राजेन्द्र उपाध्याय की स्मृति में जबलपुर से पधारी कृषि वैज्ञानिक प्रो ( डॉ ) अनामिका तिवारी को, डॉ भानु प्रकाश आर्य की स्मृति में डॉ अर्चना भटनागर को, राम बहादुर बिसरिया एडवोकेट की स्मृति में अवधेश पाण्डेय एडवोकेट को, सुशील सहाय की स्मृति में अमित मुखर्जी संध्या मुखर्जी को युगल सम्मान, भगवान दीन निगम की स्मृति में संजय जिंदल को, त्रिलोकी नाथ सिन्हा की स्मृति में डॉ देवेंद्र प्रताप बहादुर श्रीवास्तव को और प्रो विक्रमादित्य सिंह निगम की स्मृति में आलोक पाण्डेय को संस्था के सर्वोच्च सम्मान प्रेरणा सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त साहित्य शिरोमणि, सारस्वत सम्मान, कलाकार सम्मान, प्रेरणा श्री सम्मान से विविध क्षेत्रों में अग्रणी 93 लोग भी सम्मानित किये गये। कार्यक्रम में प्रति वर्ष की भांति एक स्मारिका तथा भावामृत साँझा काव्य संग्रह का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुशील कुमार सिंह, पूर्व निदेशक भारतेन्दु नाट्य अकादमी, विशिष्ट अतिथि प्रख्यात रंगकर्मी व फिल्म कलाकार डॉ अनिल रस्तोगी, कार्यक्रम संयोजक प्रो ( डॉ )उषा सिन्हा जी रहीं. कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य विश्वव्रत शास्त्री ने की तथा संचालन सचिव अनुपम बिसरिया ने किया. सभी सम्मानित उपस्थित लोगों का स्वागत संरक्षक धुरेन्द्र स्वरूप बिसरिया और कोषाध्यक्ष डॉ शैली श्रीवास्तव द्वारा किया गया. संस्था के मिडिया प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा ने कहा की संस्था धर्म के उत्थान और सर्व धर्म समभाव की विचारधारा पे कार्य कर रही है' संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम में सम्मिलित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# यहियागंज गुरुद्वारे में गुरु रामदास जी का प्रकाश पर्व आज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में श्री गुरु रामदास जी का प्रकाश पर्व कल शाम 7:00 से 11:00 तक बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन में रुद्रपुर से आए भाई गुरविंदर सिंह जी शबद कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल करेंगे। मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि 20 अक्टूबर को दीपावली एवं बंदी छोड़ दिवस के अवसर पर विशेष दीवान सजाया जाएगा एवं दीपमाला की जाएगी। गुरु रामदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए मीत ग्रंथि ज्ञानी गुरमीत सिंह ने बताया कि धन श्री गुरु रामदास महाराज जी का जन्म 1534 ईस्वी में माता दया कौर और पिता हरदास जी के घर चुना मंडी लाहौर में हुआ। बचपन में ही गुरु रामदास महाराज जी को उनके माता और पिताजी सदैव बिछुड़ा देकर संसार में अकेला छोड़ गए थे फिर नानी मां के साथ वह गांव बासरके आ गये। गुरु रामदास महाराज जी छोटी उम्र में ही किरत करने लग गए थे तब उन्हें गुरु अमरदास महाराज जी मिले कुछ समय के बाद वह गुरु अमरदास महाराज जी की शरण गोविंदवाल साहिब चले गए वहां पर रहकर गुरु रामदास महाराज जी ने बहुत सेवा की नाम जपा और एक दिन ऐसा आ गया था कि गुरु अमरदास महाराज जी की कृपा हुई और वह चौथे गुरु साहिब बन गए अगर गुरु रामदास महाराज जी के जीवन से सीखना हो तो हम यह सीख सकते हैं कि गुरु रामदास महाराज जी बचपन में ही अकेले रह गए तब उन्होंने अपनी नानी के साथ रहकर बचपन में ही किरत करने लग गए किरत करते-करते वह प्रभु को हमेशा याद रखते थे और उनके जीवन में से हमें एक शिक्षा और मिलती है गुरु रामदास महाराज जी कहते हैं कि प्रभु हमारी बिध को हमारी हालत को बहुत अच्छे तरीके से जानता है इसलिए उसके चरणों में ही हमेशा अरदास करनी चाहिए।

# जैन मन्दिर मे आचार्य विद्यासागर का अवतरण दिवस मनाया गया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जैन परंपरा के आचार्य विद्यासागर जी का आज 80वां अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा के दिन गोमतीनगर जैन मंदिर में बड़े ही भक्ति भाव एवं धूमधाम से मनाया गया। आचार्य विद्यासागर जी का जन्म शरद पूर्णिमा के दिन 1946 को ग्राम सदलगा जिला बेलगांव कर्नाटक राज्य में हुआ था। मंदिर के मंत्री आलोक जैन ने बताया कि विद्यासागर जी को 22 वर्ष की आयु में आचार्य ज्ञान सागर जी ने अजमेर में दीक्षा प्रदान की और बाद में आचार्य पद भी दिया, उनके सभी भाई दीक्षा लेकर संन्यास के पथ पर चल रहे हैं उनका जीवन सर्व समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने हिंदी एवं संस्कृत में कई ग्रंथ लिखे हैं, उनका हिंदी महाकाव्य मूकमाटी पर विभिन्न शोधार्थियों ने मास्टर और डॉक्टरेट के लिए अध्ययन किया है ,विभिन्न संस्थाओं में यह पढ़ाया जाता है। आचार्य श्री द्वारा लगभग 250 मुनि आर्यिका दीक्षित की, वह छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी दिगंबर तीर्थ से 18 फरवरी 2024 को इस संसार से देवगति को प्राप्त हुए। आपके द्वारा इंडिया नहीं भारत बोलो का नारा दिया गया ,देश को आत्मनिर्भर एवं स्वदेशी बनाने के लिए कई जैन क्षेत्रों पर हथकरघा की स्थापना की एवं लड़कियों के लिए धार्मिक एवं नैतिक संस्कार प्राप्त हो उसके लिए प्रतिभास्थली शुरू करवाई ।

आपसे विचार विमर्श हेतु देश के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री एवं अन्य गण मान्य लोग समय-समय पर आपसे मिलते रहे हैं। इस अवसर पर मंत्री आलोक जैन, संदीप, विनय कपूर ,पंडित पीयूष, अनीता ,जूली सुनीता, रचित, मोना, अर्चना, सलोनी आदि उपस्थित रहे और अमित दीपिका परिवार द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया।

# साहित्य चर्चा संग रामकथा के पात्रों ने जीता दिल

- **कथा रंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित रंगोत्सव का समापन**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कथा रंग फाउंडेशन लखनऊ द्वारा आयोजित रंगोत्सव में दूसरे दिन मुख्य अतिथि नीरजा माधव और विशिष्ट अतिथि आशुतोष शुक्ल रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत पौध, स्मृति चिन्ह देकर किया गया।

बाल कहानी मेंढकी का ब्याह बाल कलाकार आद्विक शुक्ला और अनुपमा शरद द्वारा प्रस्तुत की गई। शिवानी की कहानी सती का वाचन नूतन वशिष्ठ, डा मालविका त्रिवेदी एवं पुनीता अवस्थी द्वारा किया गया। रवीन्द्र नाथ टैगोर द्वारा लिखित कहानी पिंजर का वाचन अनुपमा शरद और सोम गांगुली और अभिनय मे ऋषिता प्रजापति का साथ दिया सोम गांगुली ने चर्चा सत्र में आशुतोष शुक्ल से उनके साहित्य लेखन पर चर्चा अनुपमा शरद द्वारा और कहानी संग्रह रंग रंग के धागे की कहानियों का अंश पाठ भी नूतन वशिष्ठ पुनीता अवस्थी,डा अपूर्वा अवस्थी एवं सोम गांगुली द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति राम केवट संवाद रही जिसके संवाद कौंतेय जय द्वारा लिखे गए और अनमोल मिश्रा ने केवट का चैतन्य ने राम का सुंदर अभिनय किया साथ ही सोनल शर्मा, अभिषेक पाठक और प्रशांत प्रखर ने रामकथा के विभिन्न पात्रों जैसे लक्ष्मण, सीता, निषाद,दूत का जीवंत अभिनय किया,जिसे देखकर सभी दर्शकअभिभूत हो गये। राम केवट संवाद का सफल निर्देशन अनुपमा शरद द्वारा किया गया। इस अवसर पर कथा रंग फाउंडेशन के सभी सदस्य उपस्थित रहे। शहर के गणमान्य व्यक्तियों से बौद्ध संस्थान का हाल भरा रहा। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन पुनीता अवस्थी द्वारा किया गया। कथा रंग फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती नूतन वशिष्ठ ने द्वि दिवसीय सफल आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई दी।

# गाजे-बाजे के साथ निकली वाल्मीकि शोभायात्रा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वाल्मीकि आश्रम गौटईया बाग गोला रोड से वाल्मीकि शोभायात्रा का शुभारंभ सुनीता कुमारी राज्य महिला आयोग की सदस्या उत्तर प्रदेश ने भगवान वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। शोभायात्रा वाल्मीकि आश्रम गोला रोड से प्रारंभ होकर गोला रोड रेलवे क्रॉसिंग, संकटा देवी, से होकर मुख्य आयोजन प्राचीन वाल्मीकि मंदिर संकटा देवी के निघासन रोड में विलय होकर मेला मैदान, आनंद टाकीज रोड, इमली चौराहा, मिश्राना चौराहा, मैनरोड, श्रीराम चौराहा, चूना मंडी, सराफा बाजार होकर संकटा देवी होकर पुनः वाल्मीकि आश्रम गौटईया बाग में महाआरती होकर शोभायात्रा का समापन हुआ। वाल्मीकि मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सचिन वाल्मीकि और अनुराग बासू ने बताया विशाल शोभायात्रा में लव कुश और अश्वमेघ यज्ञ का घोड़ा, वाल्मीकि, सीतामाता, शंकर पार्वती, की रथ पर मन मोहक झलकियां थीं चर्चा का विषय रहीं। शोभायात्रा में महंत आजाद भारती, संरक्षक जितेंद्र सिंह, अध्यक्ष सचिन वाल्मीकि, उपाध्यक्ष नानक चन्द, परमेंद्र वाल्मीकि हिमांशु कुंवर विकेंस, चन्दन लाल, अशोक वाल्मीकि कमलेश, नरेश निराला, राजेश तिवारी, रमेश वाल्मीकि अरुण, लकी, सुरेंद्र सुहाना, ध्रुव, अमन, अंकित, प्रीत, सहित सैकड़ों महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया।

## वाल्मीकि जयंती पर भजन संध्या आयोजित



**लखनऊ।** श्याम विहार कॉलोनी फैजुल्लागंज मे क्षेत्रीय निवासियों द्वारा महर्षि वाल्मिकि जयंती धूमधाम से मनाई गई इस मौके पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। बाद में राजधानी के भजन गायक राकेश लक्खा ने कई सुंदर-सुंदर भजन सुना कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर उमेश चौधरी, अंकित चौधरी, मोनू वाल्मीकि, परमेश चौधरी, महेंद्र चौधरी, जीवन वाल्मीकि, सदन, सोनू कुमार, शोभित वाल्मीकि, राज कुमार, विजय बहादुर, मुकेश, विराट चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर हुई मां गोमती की आरती



**लखनऊ।** नमोस्तुते मॉ गोमती के तत्वावधान में होने वाली मॉ गोमती की आरती की क्रम में आज मंगलवार को डालींगंज गोमती तट स्थित उपवन घाट पर मां गोमती की आरती की गई । श्रीमनकामेश्वर मंदिर की श्रीमहंत देव्यागिरी जी महाराज के सानिध्य में 11वेदियों आरती की गई।साथ ही महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और उनकी रचि रामायण की आज के जीवन में प्रासंगिकता बताई। साध्वी गौरजा गिरी ने मंदिर के सामने उपवन घाट पर मंत्रोच्चारण के साथ आरती करवाई। आरती से पहले घाट पर दीपक की रंगोली सजाई गई। आरती के समय घाट दीपकों से जगमगा उठा। मंदिर की मुख्य सेवादार उपमा पांडेय सहित अन्य सेवादारों ने आरती में सहयोग दिया। इस अवसर पर श्री महंत देव्या गिरी ने बताया कि 5 नवम्बर को घाट पर भव्य रूप देव दीवाली मनाई जाएगी।

# प्रगति महोत्सव में रही डांडिया नृत्य की धूम



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर में डांडिया नृत्य की गूंज हर तरफ सुनाई दे रही है। डांडिया गुजरात का एक जीवंत लोक नृत्य है जो नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा मां को सम्मानित करने के लिए किया जाता है।

यह नृत्य देवी दुर्गा और महिषासुर के बीच युद्ध का प्रतीक है जहां रंग बिरंगी डांडिया छड़े देवी की तलवारों का प्रतिनिधित्व करती हैं। यह एक सामाजिक धार्मिक नृत्य है जिसमें पुरुष और महिलाएं परंपरागत वेशभूषा में डांडिया की छड़ियों को हवा में टकराते हैं और उत्साह तथा उल्लास में नृत्य करते हैं। सेक्टर एम आशियाना कोतवाली लखनऊ में आयोजित प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट, प्रगति इवेंट के साथ हनुश्री ट्रस्ट द्वारा डांडिया का आयोजन किया गया। डांडिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक के अलावा प्रिया गुप्ता, सुधीर हलवासिया, संतोष श्रीवास्तव सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। डांडिया की मुख्य अतिथि नम्रता पाठक का स्वागत हनुश्री ट्रस्ट की अध्यक्ष रागिनी पूजा जायसवाल ने भारतीय परंपरा का निर्वहन करते हुए तिलक करके किया। उपस्थित महिलाओं द्वारा मुख्य अतिथि को फूलगुछ भेंट किया गया। प्रगति पर्यावरण संरक्षण के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने मंच पर मुख्य अतिथि का स्वागत किया और पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष एन बी सिंह भी उपस्थित रहे। प्रगति महोत्सव 2025 में डांडिया की धमाल की गूंज पूरे लखनऊ में सुनाई दी। आकर्षक परिधानों में सभी आयु वर्ग के लोगों ने खूब मस्ती और धमाल किया।

संक्षेप

## बाइक पलटने से दो लोग गंभीर घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में इन्हौना रोड पर रानी का पुरवा गांव के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित मोटरसाइकिल पलट गई। इस हादसे में बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान गौरव जायसवाल (35) पुत्र गुड्डू जायसवाल, निवासी मऊ, और सुशील कुमार (22) पुत्र श्यामलाल, निवासी दसवंतपुर के रूप में हुई है। गौरव जायसवाल को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि मोटरसाइकिल चला रहे सुशील कुमार को मामूली चोटें लगी हैं।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

## दशहरा मेला की तारीखों में परिवर्तन

**बछरावां, रायबरेली।** दशहरा मेला कमेटी द्वारा अतिवृष्टि होने के कारण मेले की तारीखों में परिवर्तन किया गया है पूर्व में निर्धारित 7, 8 व 9 अक्टूबर का मेला अब 11, 12 व 13 अक्टूबर को लगेगा । 7 अक्टूबर को होने वाला रावण दहन अब 11 अक्टूबर दिन शनिवार को होगा।मेला परिसर में अतिवृष्टि के कारण काफी नुकसान हो गया जिसको लेकर आज मेला कमेटी के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी व प्रबंधक शशिकांत मिश्रा ने बैठक आयोजित करके यह निर्णय लिया है कि अब यह मेला 11, 12 हुआ 13 अक्टूबर को लगेगा 11 को दिन में रामलीला रावण दहन शोभायात्रा एवं रात्रि में ड्रामा का मंचन, 12 अक्टूबर को दिन में दंगल रात्रि में ड्रामा व 13 अक्टूबर को रात्रि में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन दशहरा मेला कमेटी बछरावां द्वारा किया जाएगा। इस बाबत मेला कमेटी के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ रामजी ने बताया कि अतिवृष्टि के कारण मेले की तारीख में परिवर्तन किया गया है।

## यूपीडब्ल्यूजेयू की हुई बैठक

सुलतानपुर। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन (यूपीडब्ल्यूजेयू) की बैठक प्रेस क्लब में आयोजित की गई, जिसमें दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे। बैठक में संगठन के सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई। मंगलवार को यूपीडब्ल्यूजेयू के बैनर तले प्रेस क्लब में आयोजित बैठक में जिले के दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे। संगठन की मजबूती व विस्तार को लेकर पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान संगठन की सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई। कई पत्रकारों ने मौके पर ही संगठन की सदस्यता ली। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण पांडेय ने संगठन के विस्तार के लिए तहसील व ब्लॉक स्तर पर सदस्यता प्रभारी नियुक्त किए गए। संगठन की सदस्यता की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर नियत की गयी है। संगठन को लेकर वरिष्ठ पत्रकार व संरक्षक सतीश पांडेय ने कहा कि जो पत्रकारिता में सक्रिय साथी हैं, सिर्फ उन्हीं को संगठन की सदस्यता दिलाई जाएगी। बैठक में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण पाण्डेय, पत्रकार मनोज मिश्र, पवन मिश्र सहित अन्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन पत्रकार पंकज कुमार पांडेय ने किया। इस मौके पर पत्रकार पवन कुमार मिश्र, अजय दूबे, अभयराज वर्मा, कृष्ण कुमार, दीपक सिंह, युद्धिष्ठिर सिंह, पवन यादव, संजय सिंह, विकास राव, राहुल मिश्र, अजय उपाध्याय, फरीद अहमद, अजय कुमार पाण्डेय, रणजीत वर्मा, आनंद तिवारी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, मो. साहिद, शशिकांत शर्मा, घनश्याम त्रिपाठी सहित अन्य उपस्थित है।

# वसुधैव कुटुंबकम ही हमारी सनातन संस्कृति है : कौशल



**लालगंज, रायबरेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विजयादशमी से अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है, जो 2 अक्टूबर 2025 से 2026 की विजयादशमी तक चलेगा। इस अवसर पर संघ ने व्यापक कार्यक्रमों की योजना बनाई है, उक्त विचार अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल जी ने लालगंज के सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किया है।उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम ही हमारी सनातन संस्कृति है।बौद्धिक गोष्ठी में बोलते हुए संघ प्रचारक ने कहा कि संघ 1925 स्थापना काल से लेकर हिंदुओं को एकजुट करने और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दे रहा है।उन्होंने पूर्व में पराधीनता का कारण हिंदुओं के संगठित न होने को बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार का चिंतन था कि देश तो स्वतंत्र होगा लेकिन आगे फिर से भारत कठिनाइयों से न घिरे इसलिए भारत देश के भारत माता की जय जयकार करने वालों को संगठित करने की जरूरत है और उन्होंने संघ के माध्यम से संगठित करने का कार्य शुरू किया था जो अब तक अनवरत जारी है। उन्होंने कहा कि संघ ने शताब्दी वर्ष में समाज में पंच परिवर्तन का लक्ष्य लिया है जिसमें स्वदेशी, सामाजिक सद्भाव ,पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्य का बोध जगाने का काम समाज के बीच किया जाएगा।उन्होंने कहा कि संघ शाखाओ के माध्यम से राष्ट्र भावना के लोगों को संगठित करने के साथ-साथ शारीरिक और बौद्धिक विकास पर कार्य कर रहा है।इसके पूर्व उन्होंने महर्षि वाल्मीकि और भगवान श्री राम के चित्र पर पुष्पार्चन किया और कहा कि महर्षि वाल्मीकि शास्त्र के साथ-साथ शस्त्र के भी बहुत बड़े ज्ञाता थे ,उन्होंने भगवान राम के युग में जन्म लिया और लव कुश को शास्त्र के साथ-साथ शस्त्र में भी पारंगत किया था।उन्होंने सर्व समाज और स्वयंसेवकों को महापुरुषों की जयंती मनाने के लिए प्रेरित भी किया। जिला कार्यवाह अनंत वाजपेई ने बताया कि संघ ने नए स्वयंसेवकों को जोड़ने के लिए व्यापक अभियान चलाया है, जिसमें युवाओं को संघ से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ।इस अवसर पर पथ संचलन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें स्वयं सेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासन के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अवसर पर शिव प्रकाश दीक्षित, ऊधम जायसवाल, अनूप पांडे , सुशील शुक्ला,दीपक अवस्थी, सुरेंद्र गुप्ता,नीलेश शुक्ला, राजेश सोनी ,राणा गुप्ता, बृजेंद्र सिंह ,जयप्रकाश सिंह, इंद्रेश सिंह,कैलाश वाजपेई, कौशलेंद्र कंचन, चंद्र प्रकाश पांडे, अजय बाबू पांडे ,उमेश सिंह, समर्थ गुप्ता ,श्याम दीक्षित, अवधेश सविता , बृजदेव सिंह, निर्भय सिंह आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# गीता, भागवत, रामायण और महाभारत ही सत्संग के साधन

**लालगंज, रायबरेली।** त्र्यंबकेश्वर नासिक महाराष्ट्र से पधारे श्री श्री 1008 स्वामी आत्मानंद सरस्वती जी महराज की लालगंज में आयोजित सत्संग सभा में सैकड़ों लोगों ने अध्यात्म का आनंद उठाया। स्वामी जी ने कहा गीता ,भागवत, रामायण, महाभारत ही सत्संग के साधन है। सत्संग एक पवित्र और ज्ञानवर्धक आयोजन है। धर्म, अध्यात्म, और जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करते उन्होंने कहा कि सत्संग का उद्देश्य आत्मशुद्धि, आत्मज्ञान, और आध्यात्मिक उन्नति को बढ़ावा देना है। सत्संग के सुनने मात्र से से व्यक्ति को जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है और मानसिक शांति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि कलयुग में मानुष तन पाकर अगर आत्मा परमात्मा में मन नहीं लगाया तो जीवन निरर्थक हो जाएगा। कलियुग में भगवान नाम कीर्तन स्वाध्याय ही पर्याप्त है। गीता ,रामायण, भागवत का पाठ करना चाहिए। दान ,सेवा, मंदिर दर्शन, तीर्थ दर्शन ,राष्ट्र भाव और समाज सेवा से मनुष्य का भवसागर निश्चितपार हो जाता है। राष्ट्र प्रेम को उन्होंने भगवान का विराट रूप बताया और कहा कि सनातन धर्म की शरण में जाने से शांति और सौहार्द की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम के आयोजक उमाशंकर वाजपेई ने कहा कि सत्संग से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और लोगों को एकजुट करने का प्रयास किया जाता है। इस अवसर पर रमाशंकर बाजपेई, संस्कार भारती के जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री, भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, भाजपा नेता अनूप पांडे, कैलाश वाजपेई सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## संगीतमयी रामकथा कल से

**कादीपुर, सुलतानपुर।** कस्बे में लगातार 23 वर्षो से हो रही नौ दिवसीय संगीतमयी रामकथा गुरूवार को नौ अक्टूबर से जूनियर हाईस्कूल कादीपुर के मैदान में शुरू होगी। यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति के संयोजक सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतिदिन सायं साढ़े छ बजे से रात्रि दस बजे तक चलने वाले इस संगीतमय आयोजन में बाबा बजरंगदास व बाल व्यास सम्पूर्णानंद रामकथा सुनायेंगें। 17 अक्टूबर तक प्रतिदिन चलने वाली रामकथा में कई भजन गायक भी अपनी प्रस्तुति देंगे। इस रामकथा को सुनने आस पास के कई गांवों के लोग एकत्र होते हैं। आयोजन समिति से जुड़े ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि एक ही स्थान पर एक ही कथाकार द्वारा तेईस साल से होने वाली यह रामकथा क्षेत्र में अलग इतिहास बना रही है।

# जिले में धूमधाम से मनायी गयी महर्षि वाल्मीकि जयंती



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले में मंगलवार को आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। शासन के निर्देश और जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय स्थित सुदर्शन पार्क, रामकली इंटर कॉलेज के निकट, भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर और महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी गजेन्द्र तिवारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ददन कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी वी.पी. वर्मा तथा जिला पर्यटन एवं सूचना अधिकारी डॉ. धीरेन्द्र कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्वांचल लोकगीत कला केन्द्र के कलाकार दयाशंकर पांडेय और उनकी टीम ने वाल्मीकि रामायण का गायन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कलाकारों ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनके आदर्शों और नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता को रेखांकित किया। इसी क्रम में रामपथ गमन मार्ग से जुड़े प्रमुख स्थलों- बिजेथुआ महावीर धाम, सीताकुंड घाट रामजानकी मंदिर और धोपाप धाम में भी रामायण पाठ का आयोजन हुआ। जनपद के सभी ब्लॉकों में भी श्रद्धालुओं ने उल्लास के साथ जयंती मनाई। कार्यक्रम में वाल्मीकि समाज के लोगों सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे और महर्षि वाल्मीकि के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# अपनी ही गोली का शिकार हुआ युवक, हर्ष फायरिंग में मौत

**अमेठी।** बीती देर रात हर्ष फायरिंग के दौरान एक युवक के सीने में गोली लग गई. आनन-फानन में उसे इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया. घटना के बाद अस्पताल से मिले मेमो के आधार पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों और आयोजनकर्ता की तरफ से अभी तक थाने में कोई शिकायती पत्र नहीं दिया गया है। मामला मुंशीगंज थाना क्षेत्र के गाथौलिया गांव का है, जहां गांव के रहने वाले मस्तराम यादव पुत्र रामस्वरूप यादव के घर पुत्री के जन्म के उपलक्ष्य के निकासन का कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम में मस्तराम के रिश्तेदार परिवार और इष्टमित्र शामिल हुए थे। इसी कार्यक्रम में शामिल होने देव यादव पुत्र संजय कुमार यादव निवासी मुराइन का पूर्व गाथौलिया भी आमंत्रित था। रात करीब 10:30 बजे नाचते गाते देव यादव ने देशी तमंचे से फायर कर दिया लेकिन गोली आगे आगे निकलने की बजाय बैक मार गई और उसके सीने में घुस गई। गंभीर हालात में परिजन उसे लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। करीब आधे घंटे बाद अस्पताल प्रशासन ने मुंशीगंज पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही अस्पताल से मिले मेमो के आधार पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। करीब 10 घंटे का समय बीतने वाला है, लेकिन न तो मृतक के परिजन या आयोजनकर्ता किसी ने भी तहरीर नहीं दी है। मृतक देव यादव 19 वर्ष दिल्ली में रहता था और दो दिन पहले ही इस कार्यक्रम में शामिल होने अमेठी अपने गांव आया था।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती : बुराइयों को दूर कर अच्छाई का मार्ग अपनायें : विनोद पांडेय

**अमेठी।** महान संत महर्षि वाल्मीकि रामायण की जयंती के अवसर पर, राधा फाउंडेशन सोमपुर मनकंठ द्वारा मंगलवार को देव एकेडमी अमेठी में विभिन्न प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता और गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें 70 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देव एकेडमी के निदेशक विनोद पांडेय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य बुराइयों का पुतला होता है, लेकिन जो व्यक्ति समय रहते अपनी बुराइयों को दूर करके अच्छाइयों का रास्ता चुन लेता है, वही बाद में महर्षि वाल्मीकि जैसा यश प्राप्त करता है। उन्होंने छात्रों से कहा कि हर व्यक्ति को अपनी बुराइयों को चिह्नित कर उन्हें दूर करने की निरंतर कोशिश करनी चाहिए और अपना जीवन मानवीय हितों के लिए समर्पित करना चाहिए।

उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने लोक-मंगल की भावना को ध्यान में रखते हुए लौकिक संस्कृत का प्रथम महाकाव्य 'रामायण' लिखकर जनता को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और जगत जननी माता सीता के दिव्य चरित्र से परिचित कराया। प्रतियोगिताओं में प्रशांत सिंह और कोमल वर्मा (निबंध) तथा रंजन यादव (वाद-विवाद) ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि विनोद पांडेय ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। राधा फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान युग में हर भारतीय को भगवान श्री राम के आदर्शों का अनुकरण करना चाहिए। मनोज मिश्र ने महर्षि वाल्मीकि को कवियों की शृंखला में सर्वश्रेष्ठ बताते हुए उनकी वाल्मीकि रामायण को जीवन में उतारने का आह्वान किया। इस अवसर पर मनोज मिश्रा, शशांक यादव, धर्मेंद्र शर्मा, समीर त्रिपाठी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# राम-केवट संवाद का मंचन देख भाव विभोर हुए दर्शक



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** डीगुरपुर चैहानपुर की रामलीला में राम और केवट का संवाद दर्शकों को भावुक कर गया। केवट ने श्रीराम को गंगा पार कराने से पहले कई शर्तें रखीं। राम ने केवट को आशीर्वाद देकर आगे बढ़े।

डीगुरपुर-चैहानपुर की रामलीला में सोमवार की देर रात को राम-केवट संवाद का मंचन हुआ। इस दृश्य को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। केवट ने जब भगवान श्रीराम को पार उतारा तो भक्तों ने श्रीराम का जयघोष किया। रामलीला में कलाकारों के मंचन ने अपने अभिनय से दर्शकों को झकझोर दिया। श्रीराम, लक्ष्मण और सीता को वन गमन के समय भीलों के राजा निषादराज से भेंट हुई। निषादराज अपने सहपाठी राम को देखकर दुखी होने के साथ बाद में आनंदित हो उठे। निषादराज ने आदर सत्कार कर बस्ती में रुकने का प्रभु श्रीराम से आग्रह किया, लेकिन प्रभु राम ने पिता के वचनों से बंधे होने की बात कहीं। अगले दिन प्रातः निषादराज राम, लक्ष्मण और सीता को गंगा की ओर चलते हैं। श्रीराम गंगा तट पर सुमंत को अयोध्या लौट जाने को कहते हैं। गंगा के पार जाने के लिए राम केवट से याचना करते हैं, लेकिन केवट यह कहते हुए मना कर देते हैं कि कहीं आपके चरणरज का स्पर्श पाकर नाव नारी न बन जाए। केवट राम से चरण धोकर नाव में बैठाने की शर्त रखते हैं। केवट प्रभु राम के चरणरज को धोकर पीते हैं। केवट राम, लक्ष्मण और सीता को गंगा पार कराते हैं। राम केवट को गंगा पार करने की मुद्रिका के रूप में अंगूठी देते हैं लेकिन केवट यह कहकर मना करते हैं कि आज आप मेरे घाट पर आए तो मैंने आपको पार उतारा, जब मैं आपके घाट आऊं तो आप मुझे भवसागर से पार लगा देना। केवट की यह बात सुनकर राम आशीर्वाद देकर आगे बढ़ जाते हैं। कार्यक्रम में प्रधान जयप्रकाश यादव, अमित सिंह, बिक्की अग्रहरि, कुलदीप सिंह,विनय प्रजापति,अनिल मिश्र,अपूर्व मंगलम तिवारी,दरोगा उपाध्याय अतिथि रहें। रामलीला कमेटी के संरक्षक रणजीत वर्मा, अमित सिंह, डॉ. अरविंद पाल, शैलेंद्र पाण्डेय मंटू, मुनव्वर अली, शालू मिश्र, दिलशाद अली, अवधेश वर्मा,राहुल मोदनवाल, राममणि यादव, मुन्नू शर्मा, टिंकू सिंह आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

# शिव शक्ति मित्र मंडल ने दुर्गा पूजा पर विशाल भंडारे का आयोजन किया

**मुंशीगंज ,अमेठी।** बंदोईया मुंशीगंज क्षेत्र के ग्राम बंदोईया में शिव शक्ति मित्र मंडल द्वारा दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन विगत 35 वर्षों से निरंतर परंपरागत रूप से किया जा रहा है। भंडारे की शुरूआत कन्या भोज के साथ की गई, जिसमें बालिकाओं को भोजन कराकर उनका पूजन किया गया। इसके पश्चात सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक अविनाश तिवारी ने बताया कि यह भंडारा क्षेत्र का एक प्रमुख धार्मिक आयोजन है, जो बीते 35 वर्षों से पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न होता आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में सभी ग्रामीण और भक्तजन बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष आयुष त्रिपाठी, महामंत्री डब्बू तिवारी, कोषाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मोहन मिश्रा, अवध नारायण मिश्रा, हनुमान विश्वकर्मा, अनिल त्रिपाठी, शिवम तिवारी, ओम मिश्रा, पंकज मिश्रा ,अंबुज मिश्रा, लवलेश मिश्रा,अशोक त्रिपाठी, दुर्गेश त्रिपाठी, राम तिवारी ,अंश तिवारी,सहित सैकड़ों भक्तगण उपस्थित रहे।

# आरेडिका में अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताएं शुरू





**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में रेलवे बोर्ड के तत्वावधान में रेल कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित होने वाली अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया गया।

यह प्रतियोगिता अखिल रेल स्तर पर आरेडिका में पहली बार महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के संरक्षण, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रमेश चन्द्र के कुशल नेतृत्व एवं रेलवे बोर्ड के उपनिदेशक राजभाषा सतविन्दर सिंह तथा रेलवे बोर्ड के सहायक निदेशक राजभाषा जितेन्द्र कुमार झा के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है।

आरेडिका के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक ने प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने आये सभी क्षेत्रीय रेलवे, उत्पादन इकाइयों तथा रेलवे प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों का स्वागत किया और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। आगे श्री पाठक ने दूर-दूर से आये प्रतिभागियों को आरेडिका कॉलोनी परिसर के हरितमय परिवेश, सेवा भवनों तथा कारखाने में कोच निर्माण प्रक्रिया को निकट से देखने हेतु प्रेरित किया। 7 अक्टूबर को अखिल रेल हिंदी निबंध तथा हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 9अक्टूबर को इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नामों की घोषणा एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर आरेडिका के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रमेश चन्द्र, रेलवे बोर्ड के उपनिदेशक राजभाषा सतविन्दर सिंह, सहायक निदेशक राजभाषा जितेन्द्र कुमार झा, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन सहित उच्च अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सलोनी और शिवम राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग




**सुलतानपुर (वीओएल)।** पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदेश स्तरीय सीनियर टेबल टेनिस प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला का चयन अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम डाभा सेमर अयोध्या में आयोजित मंडलीय ट्रायल प्रतियोगिता में हुआ। जिले से पुरुष वर्ग में शिवम चैरसिया और महिला वर्ग में सलोनी बंसल का चयन किया गया है। ये खिलाडी अयोध्या मण्डल की टीम से क्षेत्रीय खेल कार्यालय आगरा में 8 से 10 अक्टूबर को आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। खिलाड़ियों के चयन पर क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने बताया की ये खिलाड़ी स्टेडियम में खेलो इंडिया सेंटर में नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस सफलता पर जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुमार विनीत, उपाध्यक्ष चिकित्सक रवि त्रिपाठी टेबल टेनिस संघ सचिव मो. सईद, जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी, आरिफ नियाज, मुनेन्द्र मिश्रा, राजेश कनौजिया सहित विभिन्न खेल संघो और खिलाड़ियों ने खुशी जाहिर की।

# आयुक्त-आईजी ने किया मूर्ति विसर्जन मार्गों का निरीक्षण

**सुलतानपुर (वीओएल)।** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर शांति व्यवस्था और सुरक्षा के दृष्टिगत आयुक्त अयोध्या मंडल राजेश कुमार तथा पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या मंडल प्रवीन कुमार सोमवार को सुलतानपुर पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी कुमार हर्ष और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के साथ विभिन्न विसर्जन मार्गों और स्थलों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बल्दीराय तहसील क्षेत्र के कूरेभार, धनपतगंज, देहली बाजार, पारा बाजार और वल्लीपुर सहित नगर क्षेत्र स्थित शाहगंज चैकी के सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, यातायात नियंत्रण व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों की बारीकी से समीक्षा की। आयुक्त राजेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मूर्ति विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में कोई ढिलाई न बरती जाए और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। वहीं, आईजी प्रवीन कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में मुस्तैदी से ड्यूटी करें और किसी भी स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया दें। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन ने जनसहयोग की अपील करते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे से वातावरण बनाए रखें।

# मिशन शक्ति टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

**रायबरेली।** जिले में महिला सशक्तीकरण को मजबूत बनाने के उद्देश्य से चल रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत विभिन्न थानों की एंटी रोमियो व मिशन शक्ति टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, हेल्पलाइन नंबरों, कल्याणकारी योजनाओं तथा साइबर क्राइम से बचाव के बारे में जागरूक किया। इसके अलावा, थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में दशहरा मेले के आयोजन स्थल का भी निरीक्षण किया गया। थाना खीरों की एंटी रोमियो मिशन शक्ति टीम ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेहटा में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं व बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1090, 181), सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा साइबर क्राइम के खतरे से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। टीम ने प्रतिभागियों को सशक्तीकरण के महत्व पर जोर देते हुए सलाह दी कि वे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल सहायता लें।

इसी क्रम में थाना डलमऊ की टीम ने ग्राम धेताली का पुरवा में जागरूकता सत्र का आयोजन किया। यहां भी महिलाओं व बालिकाओं को उनके मौलिक अधिकारों, विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं, लाभकारी सरकारी योजनाओं तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी व साइबर अपराधों से निपटने के तरीकों की जानकारी दी गई। थाना गुरुबक्शगंज की एंटी रोमियो/मिशन शक्ति टीम ने ग्राम गोझरी में इसी प्रकार का जागरूकण अभियान चलाया। टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा हेल्पलाइन नंबरों व कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने पर बल दिया। साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों को देखते हुए, टीम ने



सोशल मीडिया पर सतर्क रहने की सलाह दी। थाना ऊंचाहार की टीम ने ग्राम नारायणपुर में आयोजित सत्र के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया।

दूसरी ओर थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत बस्तेपुर गोराबाजार में आयोजित होने वाले दशहरा मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर ने पुलिस टीम के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक सावधानियों पर चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि मेला शांतिपूर्ण व सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके। इसके अतिरिक्त, थाना भदोखर क्षेत्र के अंतर्गत कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में महिला थाना की एंटी रोमियो/मिशन शक्ति टीम ने विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यहां छात्राओं व महिलाओं को उनके अधिकारों, हेल्पलाइन नंबरों, कल्याणकारी योजनाओं तथा साइबर क्राइम से बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई। मिशन शक्ति अभियान के तहत ये प्रयास महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर जारी रहेंगे। जिला प्रशासन ने सभी थानों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित किया जाए।

**पीएम श्री विद्यालय में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**रायबरेली।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम मिशन शक्ति जागरूकता जो शारदीय नवरात्र में प्रारंभ हुआ और वर्तमान में संचालित हो रहा है। जनपद में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह के मार्गदर्शन में विशेष अभियान के तहत 6 अक्टूबर को सभी विकासखंड के एक जूनियर हाई स्कूल में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। क्षेत्र के पीएम श्री विद्यालय रोझ इया भीखम साह मे विद्यालय के प्रधानाध्यापक दीपक कुमार के द्वारा कैंपस में संचालित राजकीय हाई स्कूल की बालिकाओं के साथ मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम मीना मंच सुगमकर्ता दुर्गेश नंदिनी के सहयोग से भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण विभाग की काउंसलर श्रद्धा सिंह के द्वारा सखी वन स्टाफ सेंटर पर मिलने वाली सुविधाओं एवं बालिकाओं तथा महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दी गई। थाना जगतपुर के इंस्पेक्टर अजीत सिंह कांस्टेबल एकता श्रीवास्तव द्वारा सभी हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी तथा उन्होंने कहा कि बालिकाओं के सशक्तिकरण में विद्यालय का मीना मंच काफी प्रभावशाली साबित हुआ है ।

# महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**महराजगंज, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के क्रम में महराजगंज कोतवाली की एंटी रोमियो पुलिस टीम ने मंगलवार को क्षेत्र के पाली गांव में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं से संवाद स्थापित किया। इस दौरान टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें सक्षम और सशक्त बनाने पर जोर दिया, साथ ही उनके साथ होने वाली हिंसाओं और उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को बताया कि वे किसी भी प्रकार की परेशानी या हिंसा की स्थिति में तत्काल पुलिस की मदद ले सकती हैं। टीम ने महिलाओं को कानूनी प्रावधानों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, जो उनके हितों की रक्षा के लिए बनाई गई हैं। हल्का दरोगा दिनेश गोस्वामी ने बताया जागरूकता कार्यक्रम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें समाज में सुरक्षित महसूस कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इस संवाद कार्यक्रम में एंटी रोमियो पुलिस टीम से हेड कांस्टेबल गीता सिंह, दीपा वर्मा समेत कई ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# दवाई के नाम पर जहर

यह कोई सामान्य घटना नहीं है। सर्दी-जुखाम जैसे सामान्य दिक्कत के लिए अपने बच्चों का इलाज कराने चिकित्सक के पास गये माता-पिता को जीवन भर का संताप मिला। नकली या जहरीले कफ सीरप ने ऐसा जख्म दिया जिसने पूरे परिवार के घर-आंगन में जीवन भर के लिए अंधेरा कर दिया। बच्चों को खोना किसी व्यक्ति के लिए कितना हृदय विदारक होता है यह हर वह व्यक्ति महसूस कर सकता है जो किसी बच्चे का माता-पिता है। इसलिए सिर्फ मुकदमा दर्ज करने या फिर एक-दो गिरफ्तारियों से बात नहीं बनेगी। इसके लिए यह जरूरी है कि पूरे दवा सिंडीकेट को पकड़ा जाये और इनको इतनी कठोर सजा दी जाये कि फिर कोई नकली दवा बनाने और उसे बाजार में उतारने का दुस्साहस न कर पाये। नकली कफ सीरप का सिंडीकेट कई राज्यों में फैला हुआ है। इसलिए पूरे देश में कफ सीरप के प्रयोग पर सावधानी बरतने की जरूरत है। यह सिर्फ देश का ही मामला नहीं है बल्कि कई अन्य देशों में भी भारत से भेजे गये कफ सीरप को लेकर सवाल उठे हैं। दुनिया की फार्मेसी के रूप में भारत की प्रतिष्ठा को बड़ा झटका लगा है। कफ सिरप में ऐसे औद्योगिक रसायन मिले हैं जिन्हें आमतौर पर पेंट, स्याही आदि में इस्तेमाल किया जाता है। इस घटना के बाद केंद्र और राज्य सरकारें सक्रिय हुईं और पर्चों पर कफ सीरप लिखने वाले चिकित्सक को गिरफ्तार कर लिया गया। सीरप बनाने वाली कंपनी



के खिलाफ पुलिस जांच आरंभ कर दी गई है और यह आदेश जारी किया गया कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को कप सीरप नहीं दिया जाये। राज्य सरकारों ने भी आपत्तिजनक दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगाना शुरू कर दिया। लगातार उठाये जा रहे इन कदमों से यह तथ्य नहीं छिपेगा कि इस हादसे से बचा जा सकता था। दरअसल यह सरकार और नियामक संस्थानों की घोर लापरवाही भी है। अपर्याप्त नियामकीय सतर्कता की कीमत नौनिहालों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। कफ सीरप में डाइएथिलीन ग्लाइकोल (डीईजी) और एथिलीन ग्लाइकोल (ईजी) जैसे जहरीले रसायनों की मौजूदगी बीते जमाने की बात होनी चाहिए थी। 2022 में गांबिया में करीब 70 और उजबेकिस्तान में करीब 18 बच्चों को कफ सिरप पीकर जान गंवानी पड़ी थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन की जांच में पाया गया था कि इन सीरप में डीईजी और ईजी की मात्रा अस्वीकार्य स्तर तक बढ़ी हुई थी। डीईजी और ईजी प्रोपीलीन ग्लाइकोल के सस्ते विकल्प हैं जो औषधीय सिरप में प्रयोग में लाया जाता है। यह मिलावट मुनाफा बढ़ाने के लिए की जाती है। वर्ष 2023 में संबंधित दवा निमार्ताओं का लाइसेंस रद्द करने के अलावा केंद्र सरकार ने यह अनिवार्य कर दिया था कि कफ सीरप निर्माता अपने नमूनों की जांच कराएं और निर्यात के पहले सरकार द्वारा प्रमाणित प्रयोगशाला से प्रमाणन हासिल करें। परंतु उस समय की तरह अब भी औषधि क्षेत्र की विनिर्माण प्रक्रियाओं की निगरानी करने वाले केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) से यह प्रश्न बहुत कम पूछा गया कि ऐसी मिलावट उसकी निगरानी से कैसे बच सकी। हालिया त्रासदी में सीडीएससीओ की प्रारंभिक जांच में खांसी की दवाओं को डीईजी और ईजी से मुक्त पाया गया। परंतु तमिलनाडु की एक प्रयोगशाला ने दोनों रसायनों की मात्रा अनुमति योग्य सीमा से अधिक पाई। जहरीले रसायनों के कारण बच्चों की बड़ी संख्या में मौत हुई है और सरकार ने एडवाइजरी जारी करने, जहरीले कफ सीरप की पहचान और प्रतिबंध में देरी की जिसके कारण बच्चों की मौत की संख्या बढ़ती गयी। बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदार कंपनियों, चिकित्सकों की जिम्मेदारी तय कर उनको कड़ी सजा देने की जरूरत है। अगर मामला जांच आदि के नाम पर लटकाया गया, बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदार लोग बच निकलते हैं, तो ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति होती रहेगी। इसलिए सरकार को अपनी जिम्मेदार का परिचय देना चाहिए और गंभीरता से जांच कर जिम्मेदारी करनी चाहिए और सजा दिलाना चाहिए। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों इसके लिए दवाओं की जांच-पड़ताल और नियामकीय व्यवस्था को भी दुरुस्त करना चाहिए।

## विचार

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।

-रूसो.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

-वाल्टेयर.

# चुनाव में दिखेगा जातिगणना का सियासी असर



शाहिद ए चौधरी

बिहार की 243 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में मतदान होगा। पहले चरण में 6 नवम्बर 2025 को 122 सीटों के लिए मतदान होगा जबकि 11 नवम्बर 2025 को दूसरे चरण में 121 सीटों के लिए मतदान होगा और मतगणना 14 नवम्बर 2025 को होगी। मतगणना से मालूम होगा कि राज्य में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए (जद-यू व बीजेपी) की सरकार बरकरार रहेगी या तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन (राजद, कांग्रेस व भाकपा-एमएल) को सफलता मिलेगी। वैसे प्रशांत किशोर व असदुद्दीन ओवैसी की पार्टियां भी निर्णय को प्रभावित कर सकती हैं। इसके पक्ष में, फिलहाल कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। चिराग पासवान आदि की भूमिकाओं को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। बिहार में चुनावी परम्परा हमेशा ही जाति-आधारित रही है और यह चुनाव जाति जनगणना के बाद पहली बार कराया जा रहा है। इसलिए अनुमान यही है कि यह चुनाव भी इस परम्परा का अपवाद न होगा।

> चुनावी दिन हर राज्य के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, लेकिन दक्षिण एशिया के सबसे गरीब क्षेत्र बिहार में इनका महत्व आवश्यकता से अधिक है। उसके 7.4 करोड़ मतदाता न सिर्फ यह तय करेंगे कि अगले पांच वर्ष तक उनके ऊपर कौन शासन करता है बल्कि यह भी कि बिहार प्रति व्यक्ति आय की दृष्टि से सबसे निचले पायदान से ऊपर उठता है या नहीं।

चुनावी दिन हर राज्य के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, लेकिन दक्षिण एशिया के सबसे गरीब क्षेत्र बिहार में इनका महत्व आवश्यकता से अधिक है। उसके 7.4 करोड़ मतदाता न सिर्फ यह तय करेंगे कि अगले पांच वर्ष तक उनके ऊपर कौन शासन करता है बल्कि यह भी कि बिहार प्रति व्यक्ति आय की दृष्टि से सबसे निचले पायदान से ऊपर उठता है या नहीं। जहां वह दशकों से पड़ा हुआ है। यह बिहार के मतदाताओं को श्रेय दिया जाना चाहिए कि अनेक रईस राज्यों की तरह वह भावनात्मक मुद्दों से प्रभावित नहीं होते हैं। कोविड लॉकडाउन के साये में हुए 2020 के विधानसभा चुनाव में मुख्य मुद्दे बेरोजगारी व पलायन, बाढ़ का कहर और भ्रष्टाचार थे। इस मामले में बिहार के मतदाता काफी कट्टर व मुखर हैं, लेकिन अफसोस जब मतदान की बात आती है तो काफी आलसी भी हैं। मसलन, 1990 के दशक में अच्छा मतदान करने के बाद 2005 में काफी कम मतदान हुआ और पिछले दो चुनावों में मतदान प्रतिशत 57 के आसपास ही घूमता रहा है। उम्मीद की जाती है कि यह राजनीतिक पार्टियों के प्रति उदासीनता के




कारण नहीं है। सामाजिक व आर्थिक दृष्टि से बिहार इतने लम्बे समय से पिछड़ा हुआ है कि कुछ मतदाताओं ने परिवर्तन की उम्मीद ही छोड़ दी है। बिहार को बेहतर बनाने के लिए बहुत अधिक बदलावों व सुधारों की जरूरत है। बात चाहे बाल कुपोषण की हो या स्कूली प्रवेश, साक्षरता दर, बाल मृत्यु दर, पीने के स्वच्छ पानी की उपलब्धता, स्वच्छता व बिजली की- बिहार हर मामले में शेष देश से बहुत पीछे है। आय में अंतर तो दिल दहला देता है। बिहार का औसत नागरिक औसत भारतीय की तुलना में एक-तिहाई से भी कम कमाता है- 2014 में रुपये के मूल्य के हिसाब से यह 2023-24 में 32,227 रुपये बनाम 1,14,710 रुपये था। लेकिन राष्ट्रीय औसत बड़े राज्यों में उच्च आय को छुपा देता है, जैसे कर्नाटक (1.9 लाख रुपए) और तमिलनाडु (1.8 लाख रुपए)।

**बिहार विधानसभा चुनाव- 2025**

यह अन्य राज्यों की तरक्की और बिहार के पतन की कहानी है। 1960 के दशक में बिहार की अर्थव्यवस्था, अन्य भारतीय राज्यों में पांचवें स्थान पर थी, गुजरात व कर्नाटक से भी आगे। उसकी प्रति व्यक्ति आय उस समय भी राष्ट्रीय औसत से कम ही थी, लेकिन 70 प्रतिशत पर थी, जबकि आज 28 प्रतिशत पर है। बिहार के मतदाताओं को चाहिए कि वह अगले माह अपने मतप्रयोग से इस पतन पर विराम लगायें। ऐतिहासिक गलतियों पर आरोप लगाने से कोई फायदा नहीं है- 230 साल पहले ब्रिटिश की स्थायी रिहाइश और भाड़े में समता की नीति ने स्वतंत्रता के बाद औद्योगीकरण के लिए बिहार के प्राकृतिक लाभ पर विराम लगा दिया था। आज कोई भी राज्य जिसके इरादे पुख्ता हों, 10-15 साल में तस्वीर बदल सकता है, जैसा कि ओडिशा ने प्रदर्शित किया है। बिहार के अपने संकेत ऊपर की तरफ गये हैं, लेकिन विकास को गियर बदलने की जरूरत है। आगामी चुनाव इसी विषय पर होने चाहिए। लेकिन क्या होंगे?

दरअसल, डाटा से मालूम होता है कि विधायकों की दिलचस्पी कानून-साजी में नहीं है कि बिहार का विकास हो सके बल्कि उनकी चिंता तो मलाईदार पद हासिल करने में है। मसलन, राज्य का वर्तमान बजट 3 लाख करोड़ रुपये से थोड़ा सा ऊपर है और खर्च 40 से अधिक विभागों में फैला हुआ है। वर्ष 2024 में बिहार विधानसभा ने बजट पर एक सप्ताह बहस की। यह समय उस साल अन्य राज्यों जैसे केरल, ओडिशा, गुजरात व राजस्थान की तुलना में बहुत कम था। बजट पर हुई कम समय के लिए चर्चा ने विधायकों को अवसर ही नहीं दिया कि वह राज्य के आर्थिक स्वास्थ्य को संबोधित करें और भविष्य की वरीयताएं तय करें। विधायक राज्य सरकार की पब्लिक फंड्स आवंटन में जवाबदेही भी निर्धारित न कर सके। विधानसभा में जब ढंग से चर्चा ही नहीं होगी तो मजबूत कानून, जो जनता के हित में हों, का गठन कैसे हो पायेगा? अपने पांच साल के कार्यकाल में नितीश की सरकार ने परीक्षाओं में नकल, समाज-विरोधी तत्वों का नियंत्रण, शराबबंदी कानून में संशोधन, एक्सेस टू सीसीटीवी फुटेज और गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा आदि पर चर्चा की। इन विषयों का जनता के जीवन पर गहरा असर पड़ता है। बेहतर तो यही था कि विधानसभा को यह सुनिश्चित करना चाहिए था कि इन विषयों के हर पहलू पर कमेटी या प्रोसीडिंग्स में बहस होनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। विधानसभा ने इन सभी कानूनों को उसी दिन पारित कर दिया जिस दिन राज्य सरकार ने इन्हें पेश किया था। लोकतंत्र का आधार यह है कि फ्री एंड फेयर चुनाव हों और जनता का अपने विधायकों में विश्वास हो। जनता जो अपने प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी देती है वह पवित्र है। वह अपने विधायकों पर विश्वास करते हैं कि प्रत्येक मतदाता की जरूरतों का ख्याल रखा जायेगा।

बिहार विधानसभा के प्रवेशद्वार पर एक चिन्ह है जिसमें गांधीजी की सात बातें लिखी हुई हैं। इनमें से एक यह है कि बिना सिद्धांत की राजनीति पाप है। यह विरोधाभास अपने आपमें बहुत कुछ कह रहा है। क्या यह नीति है कि जनता को लुभाने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां बांट दी जायें- महिलाओं को 10,000 रुपये और 5 लाख बेरोजगारों को 1,000 रुपये। इससे क्या उनकी समस्याओं का समाधान हो जायेगा? नहीं। राज्य की तरक्की के लिए ठोस आर्थिक व सामाजिक नीतियों की जरूरत होती है, गाली, घुसपैठिया आदि बासी पड़ गये बेकार के नारे हैं, जिन पर बिहार के मतदाता अपने मत का प्रयोग नहीं करते हैं क्योंकि वह भावनाओं में नहीं बहते हैं। बहरहाल, बिहार से जो फिलहाल संकेत मिल रहे हैं उनसे मालूम होता है कि मतदाता अपनी वफादारी बदलेंगे और छोटी पार्टियां जो वोट काटती हैं, वह नतीजे को प्रभावित कर सकती हैं। इसलिए चिराग पासवान, जीतनराम मांझी, प्रशांत किशोर, असदुद्दीन ओवैसी व पप्पू यादव का महत्व बढ़ गया है।

## सोशल मीडिया

संस्कृत के आदिकवि व अति प्रसिद्ध रामायण के रचयिता महर्षि बाल्मीकि जी की आज जयंती पर देशवासियों विशेषकर उनके अनुयायियों को शुभकामनाएं व हार्दिक बधाई। मायावती.



मर्यादा, सत्य और धर्म के आदर्शों को मानवता तक पहुंचाने वाले आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जी की जयंती पर शुभ कामनाएं, युगों युगों तक उनकी शिक्षाएं मार्ग दर्शन करेंगी। राजनाथ सिंह.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए रबी की छह फसलों पर आज एम एस पी बढ़ाने का निर्णय सराहनीय है। सीएम योगी.



# पारिवारिक मूल्य

## अंतर्दृष्टि

संस्कार बचपन से ही हमारे मनोमस्तिष्क में पौधे की तरह रोपे जाते हैं। सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीवन प्रवाह एवं उसकी उपलब्धियां वस्तुतः श्रद्धा की ही परिणति है। मां अपना अभिन्न अंग मानकर नौ माह तक अपने गर्भ में बच्चे का सेवन करती है। अपने रक्त मांस को काटकर शिशु को पोषण प्रदान करती है। श्रद्धा का यह उत्कृष्ट स्वरूप है जिसका बीजारोपण मां बच्चे में संस्कार के रूप में करती है। निःस्वार्थ भाव से उसको संरक्षण देती है। अनावश्यक भार कष्टों का जंजाल समझने का कुतर्क उठे तो नव शिशु प्रादुर्भाव ही संभव न हो सकेगा। यह श्रद्धा ही है जिसके कारण बच्चा मां के सीने से चिपकने, स्नेह दुलार पाने के लिए लालायित रहता, रोता कलपता रहता है। मूक भाषा वाणी से रहित नवशिशु की श्रद्धा एक मात्र मां के ऊपर ही होती है। माता-पिता भी निश्छल हृदय से बच्चे के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। खाने, पीने स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर शिक्षा दीक्षा के झंझट भरे सरंजाम जुटाते हैं। समग्र विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य होता है। तर्क तो हर बात को उपयोगिता की कसौटी पर कसता है। इस आधार पर कसने पर माता पिता को हर दृष्टि से घाटा ही घाटा दिखायी पड़ेगा। बात तर्क की मान लीजाये तो बच्चे का अस्तित्व ही शंका में पड़ जायेगा। दृष्टिमात्र उपयोगितावादी हो जाये तथा यह परम्परा प्रत्येक क्षेत्र में चल पड़े तो परिवार एवं समाज विश्रृंखलित हो जायेगा। सभ्यता को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रखा जा सकेगा। श्रद्धा ही पारिवारिक जीवन को स्नेह सूत्र में बांधे रहती है। सहयोग करने अन्य सदस्यों के लिए अपने स्वार्थों का उत्सर्ग करने की प्रेरणा देती है। पारिवारिक विघटनों में इसका अभाव ही कारण बनता है। पति पत्नी के बीच मनमुटाव, सदस्यों के बीच टकराहट का कारण अश्रद्धा है।

तर्क एवं उपयोगिता की कसौटी पर कसने पर तो वृद्ध माता-पिता का महत्व भी समझ में नहीं आता। वे भर के रूप में ही दिखाई पड़ते हैं। किन्तु श्रद्धा दृष्टि है कि उनका कितना ऋण चढ़ा है। उनके आशीर्वाद स्नेह को पाने की कामना आजीवन बनी रहती है। यह भाव दृष्टि तो श्रद्धा की ही उपलब्धि है। जो सदा एक युवक को माता-पिता के समक्ष नतमस्तक किये रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व की ढलाई श्रद्धा की भट्ठी के सानिध्य में होती है। इस श्रद्धा तत्व की गरिमा को यदि स्वीकार किया जा सके तो यह भी मानना पड़ेगा कि उसे विकसित, परिष्कृत और परिपक्व करने के लिए आस्तिकता की मान्यता का अवलंबन लेना आवश्यक है।

# ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा

## व्यंग्यलोक


निजीकरण का शोर चल रहा है। हर तरफ प्राइवेट चीजें खोलने का दौर पल रहा है। इधर पिछवाड़े के एक प्रोफेसर पीपलेश्वर ने अपना विश्वविद्यालय बंद कर दिया है। उन्होंने अपने भैंस तबेले की कमाई से यह विश्वविद्यालय खोला था। उसकी जगह निजी श्मशान घाट खोल लिया है। शहर में जगह-जगह बोर्ड लगा दिए गए हैं। बड़े-बड़े बैनर टांग दिए हैं- मरने का सबसे बेहतरीन स्थान। पीपल छाप श्मशान सेंटर। शहर के बीचों-बीच। प्राइम लोकेशन पर। ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा। गर्मियों के मौसम में एक बुकिंग पर दूसरा मुर्दा एकदम फ्री! कोई छुपा हुआ चार्ज नहीं! आधे खर्चे में पूरा फैमिली पैक! स्विमिंग पूल, फव्वारे, शॉपिंग मॉल, सिनेमा, होटल, तमाम तरह की सुविधाओं वाला एक मात्र श्मशान सेंटर! पीपलेश्वर जी पहले शिक्षा की हवा निकाला करते थे। तब वे प्रोफेसर थे। अब वे मुर्दों की हवा निकालने की क्रिया में लग गए हैं। इधर शिक्षा का मामला पानी में बैठ गया है। अगर स्कूलों को श्मशान घाट भी कह दें, तो कोई एतराज नहीं होना चाहिए। अब श्मशान घाटों का मामला अपनी रफ्तार पकड़ गया है।



रामविलास जॉगिड़

अब हर मुर्दा खटाक से जलना चाहता है। अब मुर्दा फूंकना एक लवली इवेंट है। बच्चों की अपनी जिदें है साहब! मुर्दा भी फूंक दिया और टूरिज्म भी कर लिया। दो घंटे के मुर्दा फूंकन कार्यक्रम में हर कोई रोमांच और मनोरंजन चाहते हैं। इन्हीं बातों को देखकर प्रोफेसर पीपलेश्वर ने अपना निजी श्मशान घाट खोल लिया था। यहां पर ऊंचे लोग ऊंचे दामों में जलना पसंद करते हैं। मार्केट में बड़ा कंपटीशन है। समाज में अपने ढंग की बातें हैं। अरे! उनसे क्या बात करें? उन्होंने तो अपने मुर्दे बाप को खेजड़ी वाले गंवई मुर्दा श्मशान में जलाया था। हम ऐसे नहीं है। हमने विक्की के पापा तक को प्राइवेट श्मशान में भर्ती कराया था। इधर प्राइवेट श्मशान घाटों का अपना एक करंट है, जो हर एक अमीर के भीतर पल रहा है। इधर शानदार फव्वारे लगे हुए हैं। फव्वारों के बीच संगीत चलता है। संगीत की लय के साथ पानी ऊपर-नीचे उठता है। उधर बिना किसी माथा-पचाई के मुर्दा अपने आप जलता रहता है। उसके लिए किसी भी लकड़ी को ऊंची-नीची करने की कोई जरूरत नहीं रहती है। श्मशान के भीतर ही एक रेस्टोरेंट है। जहां मीनू देखकर मनचाहे ऑर्डर से एंजॉय किया जा सकता है। बगल में बढ़िया स्विमिंग भी पूल है। फाइव स्टार सुविधाओं से युक्त, एयर कंडीशंड श्मशान घाट में ऑनलाइन बुकिंग कर ऑनलाइन क्रीमीटेशन सेरेमनी की भी व्यवस्था है।

# गांधीवादी सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी से उठे सवाल



लद्दाख हिंसा

राधा रमण

सामुदायिक विकास और शिक्षा में सुधार के लिए रैमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित गांधीवादी व्यक्तित्व के धनी, पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक विगत 10 दिन से जोधपुर की सेन्ट्रल जेल में कैद हैं। दरअसल, 24 सितंबर को लेह में हुई हिंसा भड़काने के आरोप में 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत वांगचुक को पुलिस ने हिरासत में लिया था। बाद में प्रशासन ने लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग करने वाले जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को हिंसक विरोध-प्रदर्शन को भड़काने और देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। आमिर खान की सुपरहिट फिल्म 3 इडियट्स के फुंगसुक वांगडू का किरदार सोनम वांगचुक से ही प्रेरित था। लद्दाख की बर्फीली वादियों से निकलकर पूरी दुनिया में शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण का परचम लहराने वाले सोनम वांगचुक आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं।

यह सवाल उठना वाजिब है कि जिस व्यक्ति को नवाचार, शिक्षा में सुधार, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के लिए देश दुनिया में 17 पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका हो, वह अचानक देशद्रोही और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा कैसे बन गया। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी पर केंद्र सरकार, लद्दाख प्रशासन और जोधपुर सेन्ट्रल जेल प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी। जाहिर है, तब तक सोनम वांगचुक जेल में रहेंगे। वांगचुक की गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए याचिका उनकी जीवन संगिनी गीतांजलि अंगमो ने दाखिल की है। याचिका में अनुच्छेद 32 के तहत दावा किया था कि उनके पति की गिरफ्तारी अवैध है। उन्होंने सोनम की गिरफ्तारी की वजह पूछी है। दरअसल, लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने और राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर सोनम वांगचुक ने 35 दिनों के धरने का एलान किया था। 10 सितंबर से सोनम वांगचुक और लद्दाख एपेक्स बॉडी के 15 कार्यकर्ता भूख हड़ताल पर थे। यह भूख हड़ताल पूरी तरह शांतिपूर्ण और अहिंसक थी। इस बीच अनशनकारियों की हालत बिगड़ने लगी। 24 सितंबर को अनशनकारियों के समर्थन में स्थानीय नागरिकों और लद्दाख एपेक्स बॉडी के समर्थकों ने रैली निकाली थी। रैली में शामिल युवाओं ने भाजपा व हिल काउंसिल के मुख्यालय में घुसने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस व सुरक्षा बलों ने बल का प्रयोग किया। देखते ही देखते प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच पथराव शुरू हो गया। प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय भाजपा कार्यालय में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। पथराव और गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि सरकारी आंकड़ों में 80 लोग घायल हो गए। घटना के बाद सोनम वांगचुक ने अपना अनशन समाप्त कर दिया। उन्होंने लोगों से शांति बहाल करने की अपील की। 26 सितंबर को सोनम इसी मसले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले थे। इसी बीच लद्दाख प्रशासन ने उन्हें हिरासत में ले लिया। अगले दिन उन्हें गिरफ्तार कर जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद कर दिया गया। प्रशासन का कहना है कि राज्य की सुरक्षा के लिए सोनम वांगचुक की गतिविधियां हानिकारक हैं। उन्होंने युवाओं को हिंसा के लिए उकसाया और उन्हें शांत करने के लिए कोई पहल नहीं की। यही नहीं, उनके संबंध पाकिस्तान से हैं और विदेशी फंडिंग के बल पर वह लद्दाख में अस्थिरता फैलाने में संलग्न थे। जबकि कहा जाता है कि 24 सितंबर को अपना अनशन समाप्त करते हुए एक वीडियो संदेश में सोनम वांगचुक ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की थी। उन्हें अंदेशा हो गया था कि पुलिस उन पर कार्रवाई करेगी।

दिल्ली में मीडिया से बातचीत में सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने बताया कि यह सही है कि सोनम फरवरी, 20 25 में पाकिस्तान गए थे। वहां उन्हें पाकिस्तान की मीडिया हाउस डॉन समूह ने जलवायु परिवर्तन सम्मलेन में बुलाया था। वह सरकार से अनुमति और वीजा लेकर पाकिस्तान गए थे और जलवायु परिवर्तन पर किये गए प्रयास और पहल के लिए प्रधानमंत्री की सराहना भी की थी। उसका वीडियो और मीडिया रिपोर्ट है। जहां तक विदेशी फंडिंग की बात है तो वास्तविकता है कि खाद्य संप्रभुता और सुरक्षा पर अध्ययन के लिए मिली स्वीडिश अनुदान सरकार की मंजूरी के बाद ही ग्रहण किया गया था। तब सरकार ने इसे गलत नहीं माना था।

## आपकी बात

### बढ़ती अवैध कालोनियां

प्रदेश में विकास प्राधिकरणों एवं आवास विकास की कारस्तानी के कारण अब आम आदमी को घर मिलना मुश्किल हो गया है। विकास प्राधिकरणों के इंजीनियरों ने कमीशन के खेल में बड़े-बड़े अपार्टमेंट खड़े कर दिये जिन्हें न तो कोई लेने वाला मिल रहा है और न ही लेना आर्थिक रूप से व्यवहारिक है। शहरों को विकसित कर सजाने संवारने की जिम्मेदारी जिन प्राधिकरणों पर है वे पूरी तरह भ्रष्टाचार के अड्डे बन गये हैं। सबसे बड़े प्रदेश की राजधानी में अवैध कालोनियों का मकड़जाल फैल रहा है। इनमें अनेक समस्याएं पैदा होती हैं लेकिन प्राधिकरण के इंजीनियर और बाबू इसे चलने देते हैं। जब कोई अदालती आदेश आता है तो बेमन से कार्रवाई करते हैं। विकास प्राधिकरणों में जब कोई अभियंता या बाबू घोटाले में पकड़ा जाता है तो सौ, दो सौ करोड़ की संपत्ति मिलना आम बात है। नोएडा अथारिटी में यादव सिंह और उनके परिजनों के भारी गोलमाल की जांच और मुकदमा अभी चल ही रहा है। सवाल है कि विकास प्राधिकरणों में घोटालों की इतनी छूट कैसे मिल जाती है कि जो भी बाबू, अभियंता या अधिकारी पकड़ा जाता है वह करोड़ों का खेल कर चुका होता है। आज विकास प्राधिकरण प्राइवेट एजेंसियों से महंगे फ्लैट बेच रहे हैं। ऐसे में इनकी जरूरत क्या है? जब गरीबों को घर दे नहीं पाते तो इनको खत्म किया जाये। जब विकास प्राधिकरण ही जनता को चूना लगाने पर तुले हों तो इनको खत्म कर प्राइवेट क्षेत्र को ही आगे बढ़ाया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना कई सालों से चल रही है लेकिन प्राधिकरणों एवं आवास एजेंसियों की कारस्तानी के कारण ही गरीबों को घर नहीं मिल रहा है। दूसरे गरीबों के घर को इतना छोटा कर दिया गया है कि महज 20-22 मीटर में ही बना दिया जाता है। इससे घर मिल भी जाता है तो भी शांति नहीं मिलती है। इसलिए अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को शहरों में घर दिया जाता है तो उसका आकार कम से कम 30-40 वर्ग मीटर तो रखा ही जाना चाहिए जिससे कि गरीब आसानी से अपना जीवन यापन इन घरों में कर सकें। कम से कम दो छोटे-छोटे कमरों का घर हरेक व्यक्ति के लिए जरूरी है। पीएम आवास योजना में जो घर बनाये जा रहे हैं उनसे आवास की समस्या हल होने वाली नहीं है।

**प्रमोद कुमार शुक्ल, लखनऊ.**

### विकास में देरी की कीमत

कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए इसमें होने वाले विलंब की चर्चा की, दरअसल प्रधानमंत्री जिस परियोजना का लोकार्पण कर रहे थे वह वर्षों पुरानी है। प्रधानमंत्री ने कई परियोजनाओं को अंजाम तक पहुंचाने का कार्य किया है, जो दशकों से लेटलतीफी की शिकार थीं। इसमें सरदार सरोवर परियोजना और हाल ही में लोकार्पित सरयू नहर परियोजना प्रमुख है। यह दोनों परियोजनाएं आधी शताब्दी से अधिक समय पुरानी थीं। जब विकास की योजनाओं में इतना विलंब हो जाता है तो देश को बहुत नुकसान होता है। अगर सरयू नहर परियोजना या फिर सरदार सरोवर परियोजना में चार-पांच दशक विलंब न होता तो इससे अब तक बहुत लाभ मिल चुका होता। इसलिए यह जरूरी है कि परियोजनाओं की शुरूआत के साथ ही उसके कंपलीट होने की तरीख भी तय हो और इसके लिए पर्याप्त बजट के साथ ही परियोजना के मार्ग में आने वाली बाधाओं को हल करने के लिए सक्षम प्रशासनिक ढांचा भी हो। केन्द्र सरकार बुनियादी विकास की परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए इनको समयबद्ध पूरा करने का संकल्प दिखाया है। इसका बेहतर परिणाम यह रहा है कि राजमार्ग, रेलवे, शहरी विकास व ऊर्जा क्षेत्र की परियोजनाएं बड़ी संख्या में पूरी होकर राष्ट्र की सेवा में समर्पित हो गयी हैं। परियोजनाएं पूरी होने की गति बढ़ने के बावजूद भी बहुत देरी होती है।

**आकाश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## परिवार को बेहोश कर लाखों के जेवरात चोरी

**आगरा।** थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के रामबाग चौराहे पर मोबाइल व्यापारी के घर में छत के रास्ते घुसे चोरों ने परिवार को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद अलमारी का ताला तोड़कर चार लाख से अधिक के आभूषण और नकदी चोरी कर ले गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। रामबाग निवासी राकेश कुशवाह ने बताया कि सोमवार देर रात करीब दो बजे चोर छत के रास्ते घर में घुस आए। कमरे में परिवार के सदस्य सो रहे थे। उन्होंने परिवार के सदस्यों को नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे सभी गहरी नींद में सो गए। इसके बाद पिता नीरज कुशवाह के कमरे की अलमारी का ताला तोड़कर चोर सोने की चार अंगूठियां, एक लर, पाजेब और करीब दस हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो घर का सामान बिखरा मिला और सभी के सिर भारी लग रहे थे। अलमारी खोलकर देखा तो आभूषण और नकदी गायब थे। चोरी गई वस्तुओं की कुल कीमत करीब चार लाख रुपये बताई गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**आगरा।** बासौनी के लखनपुरा गांव का अमित (20) रविवार की सुबह साहिबाबाद में मिठाई के गोदाम में फंदे पर लटका मिला था। मृतक के पिता मुकेश ने बताया कि शनिवार की शाम बेटे से वीडियो कॉल पर बात हुई थी। उसने दिवाली के बाद घर पर आने की बात कही थी। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद घर पर शव पहुंचा तो परिवार में मातमी कोहराम मच गया। लखनपुरा गांव का अमित 7-8 महीने से साहिबाबाद के गणेशपुरी स्थित बीकानेर स्वीट्स के गोदाम में काम कर रहा था। रविवार को सुबह अमित का शव गोदाम में फंदे पर लटका मिला। गले में अंगोछे का फंदा कसा था। मौके पर पहुंचे अमित के मामा रामकिशोर ने बताया कि जब पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा तो उसकी पेंट खून से सनी हुई थी। शरीर पर छीलन के निशान थे। मौके पर पहुंची शालीमार गार्डन पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। अमित की मौत की खबर पर गांव से उसके पिता मुकेश और बड़ा भाई अंकित साहिबाबाद पहुंच गए। उन्होंने बताया कि शनिवार की शाम अमित से वीडियो कॉल पर बात हुई थी। उसने दिवाली के बाद घर आने को बोला था। उन्होंने बताया कि गोदाम मालिक और साथ काम करने वाले लोग तब सामने नहीं आए हैं। उन्होंने बेटे की हत्या का शक जताया है। शालीमार गार्डन पुलिस ने उन्हें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मृतक अमित 3 भाई और 2 बहनों में मुकेश की दूसरे नंबर की संतान थी। बड़ा भाई अंकित गांव में खेतीबाड़ी करता है। छोटा भाई आनंद दिल्ली में डेयरी पर काम करता है।

## उटंगन नदी में 13 युवाओं की मौत के लिए खनन माफिया व पुलिस जिम्मेदार

**आगरा।** राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमा शंकर शर्मा ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान उटंगन नदी में 13 युवाओं की मौत के लिए खनन माफिया एवं स्थानीय पुलिस को जिम्मेदार बताते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ हत्या के केस दर्ज करने की मांग की है। श्री शर्मा ने कहा है कि पुलिस चंद पैसों की खातिर खनन माफियाओं को बढ़ावा देती है। और इसी का परिणाम है कि खनन माफियाओं ने नदी में खनन कर गड्ढे खोद दिए। जिससे 13 लोग काल के मुंह में समा गए। खनन माफियाओं यह खेल कई सालों से चल रहा है लेकिन शासन प्रशासन हाथ पर हाथ रखे बैठा है। अगर नदी में खनन नहीं होता तो 13 युवाओं की जान नहीं जाती। इस बाबत श्री शर्मा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर 13 लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं खनन माफियाओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग करेंगे और अगर ऐसा नहीं हुआ तो फिर दीवानी कचहरी के पास भारत माता की मूर्ति के समक्ष एक दिन का शांतिपूर्ण धरना उपवास कर जोरदारी से मांग उठाई जाएगी। श्री शर्मा ने मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपए मुआवजा एवं एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की है।

# दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति ने की बैठक



जिला संवाददाता (vol)

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में 30वें दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर आयोजन समिति के संयोजकों के साथ बैठक आयोजित की गई। कुलपति ने नवीन परिसर में चल रहे विकास कार्यों का कार्यदाई संस्थाओं से दीक्षांत समारोह के पहले पूरा करने के लिए निर्देश दिया। परिसर की साफ सफाई, पार्किंग व्यवस्था, मंच संचालन व्यवस्था, प्रदर्शनी आयोजन, मार्कशीट एवं डिग्री डिजिलॉकर पर अपलोड किए जाने के संदर्भ में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। आगामी 13 अक्टूबर को आयोजित दीक्षांत समारोह के पूर्व समिति के सभी संयोजकों से निर्धारित कार्यों को समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ला, प्रो. आशुतोष सिन्हा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो नीलम पाठक, प्रो सी के मिश्र, प्रो शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो हिमांशु शेखर सिंह, प्रो फरुख जमाल, प्रो सिद्धार्थ शुक्ल, प्रो अनूप कुमार, प्रो सुरेन्द्र मिश्र, प्रो तुहिना वर्मा, प्रो एस के रायजादा, प्रो विनोद कुमार श्रीवास्तव प्रो शैलेंद्र कुमार, डॉ. विनोद कुमार चैधरी, सहायक अभियंता आरके सिंह, रवि मालवीय, डॉ राजेश कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर किया रक्तदान

**अयोध्या।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर दि आयुष्मान फाउंडेशन द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय, अयोध्या स्थित ब्लड बैंक में किया गया। इस अवसर पर कुल 10 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया। शिविर का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों की मदद के लिए रक्त संग्रह करना था। आयुष्मान फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि भविष्य में भी इसी तरह के सेवा कार्यों का आयोजन किया जाता रहेगा। फाउंडेशन ने सभी रक्तदाताओं जिसमे पंकज पांडेय, अरविंद रावत, सुरेश कुमार, पवन पटेल, विश्वजीत सिंह, इति सोनकर, शनि कुमार पाल, धीरेंद्र प्रताप सिंह, दीपक सिंह, अनुज सिंह का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र और धन्यवाद पत्र देकर सम्मानित किया।

## आगरा का उटंगन हादसा: छठे दिन नदी से निकाले दो और शव, गांव में मातम

**आगरा।** खेरागढ़ थाना क्षेत्र के कुसियापुर गांव के पांस उटंगन नदी हादसे में डूबे 12 युवकों में से अब तक दस शव बरामद किए जा चुके हैं। सोमवार शाम तक आठ शव मिले थे जबकि मंगलवार सुबह से चले सर्च अभियान में दो और शव निकल लिए गए। अब केवल दो युवक लापता हैं, जिनकी तलाश सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की संयुक्त टीमें निरंतर कर रही हैं। कुसियापुर गांव में मौके पर मौजूद सांसद राज कुमार चाहर, विधायक भगवान सिंह कुशवाह, पूर्व विधायक महेश गोयल, चेयरमैन सुधीर गर्ग एवं अधिकारी। मंगलवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे रेस्क्यू टीम को नदी में 15 से 20 फीट नीचे एक शव मिला, जिसकी पहचान सचिन पुत्र रामवीर के रूप में हुई। कुछ ही देर बाद दोपहर 12 बजे दीपक पुत्र सुक्खन का शव भी बरामद कर लिया गया। दोनों के शव नदी से बाहर निकलते ही परिजनों और ग्रामीणों में कोहराम मच गया। सांसद राज कुमार चाहर और एसीपी इमरान अहमद ने सचिन और दीपक के शव मिलने की पुष्टि की है। प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि घटनास्थल पर मौजूद हैं। दो लापता युवकों की तलाश में सेना की 411 पैरा फील्ड यूनिट, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोर लगातार जुटे हैं। मौसम साफ रहने के कारण मंगलवार को रेस्क्यू अभियान तेजी से चला। उम्मीद जताई जा रही है कि शेष युवकों के शव भी जल्द मिल जाएंगे। उत्तराखंड सहित कई बड़े बचाव अभियानों में शामिल रही 411 पैरा फील्ड यूनिट को इस सर्च मिशन में लगाया गया है। 19 सदस्यीय दल में एक मेजर, दो जेसीओ और विशेष रूप से प्रशिक्षित गोताखोर शामिल हैं। ये जवान 30 से 35 फीट गहराई तक ऑक्सीजन सिलिंडर के साथ जाकर पानी के नीचे लंबी अवधि तक खोज अभियान चला रहे हैं। हाल ही में राजस्थान के सरमथुरा में डूबे एयरफोर्स जवान की खोज में भी इसी यूनिट ने भाग लिया था। सांसद राजकुमार चाहर ने मंगलवार सुबह पुनः घटनास्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान की प्रगति की जानकारी ली। उनके साथ विधायक भगवान सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक महेश गोयल, चेयरमैन सुधीर गर्ग, उपजिलाधिकारी ऋषि राव, संदीप यादव, स्वाति शर्मा, एसीपी इमरान अहमद, मोहन गोयल, सोनू चौधरी, सतेन्द्र यादव सहित कई अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

● अभी दो और शवों को बरामद करने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी

## एफएच मेडिकल कॉलेज में हुआ टूंडला प्रेस क्लब के पत्रकारों का सम्मान



**टूंडला।** एफ.एच मेडिकल कॉलेज में टूंडला प्रेस क्लब के पत्रकारों का सम्मान किया गया। मंगलवार को एफ.एच मेडिकल कॉलेज में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज ग्रुप की तरफ से शहजाद खान ने टूंडला प्रेस क्लब के पत्रकारों संरक्षक राजू उपाध्याय राधेश्याम चौहान, अध्यक्ष सोमेंद्र पौनियां, उपाध्यक्ष महेश ठैनुआ सचिव विवेक शर्मा, महामंत्री रामपाल चौधरी, कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा, मीडिया प्रभारी जाविद अली, महासचिव राष्ट्रदीप जैन, अंकित श्रोतिया, सह सचिव गिरधारी लाल, संगठन मंत्री विमल किशोर बॉबी, उपेंद्र यादव ताहिर सिद्दीकी योगेंद्र सिंह कपिल देव आदि टूंडला प्रेस क्लब के सभी पत्रकारों का माला पहना कर शाल उड़ाकर व शील्ड प्रदान कर जोरदार स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर शहजाद खान ने पत्रकारों की भूमिका उनके योगदान और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में पत्रकारिता का महत्व बढ़ चुका है। पत्रकार समाज के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य करते हैं और समाज के हर मुद्दे को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। पत्रकार समाज का आईना है जो दिन रात विकट परिस्थितियों में काम करते हुए जनता की आवाज बन उनकी समस्याओं को शासन तक पहुंचाते हैं। आज टूंडला प्रेस क्लब के सभी पत्रकारों का सम्मान करते हुए हमें हर्ष हो रहा है। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां ने कहा कि समाज को जागरूक करना और सही जानकारी प्रदान करना पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य है। हमें इस सम्मान से और अधिक प्रेरणा मिली है और हम आगे भी अपनी जिम्मेदारी को निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभी पत्रकारों ने इस सम्मान के लिए शहजाद खान का धन्यवाद दिया।

## जीआरपी का सिपाही 2 करोड़ की लूट में शामिल

**आगरा।** फिरोजाबाद में 30 सितंबर को हुई दो करोड़ रुपए की लूट में दो पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। इसमें एक सिपाही आगरा जीआरपी में तैनात है। पुलिस ने अंकुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से लूटी गई रकम में से 5 लाख रुपए बरामद किए हैं। दूसरा आरोपी मनोज कुमार अभी फरार है। 30 सितंबर को कानपुर से आगरा जा रही जीके कंपनी की कैश वैन को नरेश ने अपने साथियों के साथ लूट लिया था। जिसमें लगभग 2 करोड़ रुपए थे। पुलिस ने 4 अक्टूबर शनिवार रात इस मामले का खुलासा करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनमें नरेश भी था। बदमाशों के पास से लगभग 1 करोड़ रुपए और दो कारें बरामद की थीं। 5 अक्टूबर रविवार दोपहर रामगढ़ थाने के इंस्पेक्टर चमन शर्मा तीन सिपाहियों के साथ आरोपी नरेश को माल बरामदगी के लिए ले जा रहे थे। थाना मक्खनपुर क्षेत्र के खेड़ा गणेशपुर के पास नरेश ने पेट दर्द का बहाना बनाया। पुलिस ने उसे बाजरे के खेत में हथकड़ी लगाकर बैठाया और सिपाही पानी लेने चले गए। इसी दौरान नरेश खेतों के रास्ते फरार हो गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की गईं। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। रविवार को ही रात करीब 8 बजे थाना मक्खनपुर क्षेत्र में पुलिस टीम ने आरोपी नरेश को घेर लिया। खुद को बचाने के लिए नरेश ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान एक गोली थाना प्रभारी संजीव दुबे को लगी और दूसरी एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी की बुलेट प्रूफ जैकेट में फंस गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली नरेश के सीने में लगी। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी ने बताया कि लूट की घटना की जांच में दो पुलिसकर्मियों का नाम सामने आया है। इन दोनों को घटना के बारे में पहले से ही जानकारी थी। यह दोनों 30 सितंबर को नई दिल्ली गए थे। जहां से अपराधियों से यह नगद रकम लेकर वापस आए थे। उन्होंने अपराधियों से वादा किया था कि लूट की घटना की रिपोर्ट पुलिस में होने पर पुलिस द्वारा जो भी कार्रवाई की जाएगी उसकी सारी जानकारी अपराधियों से साझा करेंगे। नाम सामने आने पर एक सिपाही अंकुर प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से लूट की रकम के 5 लाख रुपए भी बरामद हुए हैं। अंकुर मूल रूप से अलीगढ़ के हरदुआगंज का रहने वाला है। वर्तमान में वो ट्रांस यमुना कॉलोनी रामबाग आगरा में रहता है। अंकुर के पिता गिरीशपाल भी पुलिस में थे।

# पीड़ित परिवार को समाजसेवी अमरनाथ तिवारी ने दी मदद



जिला संवाददाता (vol)

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर ब्लॉक के ग्राम गोकुला पूरे बेचई निवासी 35 वर्षीय अरविंद पाण्डेय की दर्दनाक मौत ने उनके पूरे परिवार को बेसहारा कर दिया। परिवार के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अरविंद की मृत्यु लुधियाना में पलाई का काम करते हुए चोट लगने से हो गई, जिससे पत्नी, पांच वर्षीय मंदबुद्धि पुत्र और एक मासूम बेटी का सहारा छिन गया। घर की स्थिति इतनी दयनीय है कि तेरहवीं संस्कार करने तक के लिए पैसे नहीं बचे हैं। अरविंद की पत्नी अनपढ़ हैं और परिवार का कोई सहारा नहीं है। जो थोड़ी-बहुत पूंजी थी, वह इलाज में ही खत्म हो गई। इस दुखद खबर की जानकारी मिलने पर जिले के वरिष्ठ समाजसेवी अमरनाथ तिवारी ह्यमानसह्ल घटना के पांचवें दिन स्वयं परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने न सिर्फ आर्थिक सहायता दी, बल्कि परिवार को भावनात्मक संबल भी दिया। मानस भैया ने कहा कि ह्लपरिवार को इस विपत्ति की घड़ी में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी में आगे भी पूरा सहयोग किया जाएगा। जो मदद अभी संभव थी, वह तत्काल की गई है।ह्व अमरनाथ तिवारी ह्यमानसह्ल की इस संवेदनशील पहल ने गांव के लोगों के दिल को छू लिया। हर किसी की आंखें नम हो गईं, जब उन्होंने देखा कि समाजसेवा के वास्तविक अर्थ को किसी ने अपने कर्मों से साकार किया है। इस मौके पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंगठन के जिलाध्यक्ष बलराम तिवारी, हरिश्चंद्र द्विवेदी एडवोकेट, सामाजिक कार्यकर्ता लवलेश मिश्रा, वीरेंद्र मिश्रा मुन्ना, आशीष सिंह प्रधान इसौलीभारी एवं लवलेश पान्डेय उपस्थित रहे।

## नाबालिग को अश्लील मैसेज भेजने में शिक्षक निलंबित

**आगरा।** मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजने के आरोपी शिक्षक ब्रज किशोर उर्फ बंटी शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। आरोप यह भी है कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद से जांचों को छिपाकर उन्होंने बहाली ले ली थी। बेसिक शिक्षाधिकारी ने सुनवाई कर उन्हें दोषी मानते हुए कार्रवाई की और उच्च न्यायालय को रिपोर्ट भेजी है। कंपोजिट विद्यालय विकास खंड एत्मादुपर में तैनात शिक्षक ब्रज किशोर उर्फ बंटी शर्मा पर आरोप लगे थे कि उन्होंने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नाबालिग पुत्री के मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजे हैं। शिक्षक के आरोपों की जांच के लिए समिति का गठन किया गया। जिसमें कल्पना कुमारी, नरेश पारस, महेश कांत शर्मा शामिल थे। उनकी रिपोर्ट के आधार पर ही शिक्षक को निलंबित किया गया है। वहीं इस निलंबन आदेश के खिलाफ ब्रज किशोर उर्फ बंटी शर्मा उच्च न्यायालय से बहाली का आदेश ले आए थे। जिसके आधार पर शिक्षक को बहाल कर दिया गया था। प्रकरण के निस्तारण के लिए बेसिक शिक्षाधिकारी जितेंद्र गोंड ने शिक्षक को कई बार उपस्थित होने के नोटिस भेजे। विभाग की ओर से इस संबंध में आखिरी चेतावनी जारी की गई जिसके बाद शिक्षक उपस्थित हुए। उन्होंने अपने पक्ष में कोई स्पष्ट साक्ष्य नहीं पेश किया। इसके बाद शिक्षक को दोषी पाते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

## मौसी के साथ दरिंदगी के भतीजे पर लगे गंभीर आरोप, साक्ष्य के अभाव में हो गया बरी

**आगरा।** मौसी के साथ दुराचार करने के मामले में एडीजे-23 ने सुनवाई की। उन्होंने साक्ष्य के अभाव में दुराचार, अप्राकृतिक कृत्य व अन्य के आरोपी हिमांशू रावत को बरी करने के आदेश किए। थाना सदर बाजार में दर्ज मामले के अनुसार, महिला का आरोप था कि उसके ताऊ की लड़की के बेटे हिमांशू रावत की उसके पति से भी दोस्ती थी। वह घर आने लगा और अकेला पाकर दुराचार किया। थाना मलपुरा में 1 जुलाई 2022 को दुराचार व अन्य धारा में केस लिखा गया। आरोपी हिमांशू रावत जेल गया। इस प्रकरण के बाद पति ने उनसे दूरी बना ली। महिला ने बताया कि मजबूरी में वह अपने बच्चों के साथ किराये के मकान में रहने लगी। आरोपी हिमांशू जमानत पर रिहा होने के बाद अपने पिता, दादा, चाचा और भाई के साथ घर आया। माफी मांगकर केस समाप्त कराने पर दोनों की शादी कराने का वादा किया। इस पर आरोपी के पक्ष में बयान देकर केस समाप्त करा दिया। इसके बाद आरोपी घर आने लगा। जल्द शादी करने की बात कह शारीरिक शोषण करने लगा। अप्राकृतिक कृत्य भी किया। आरोपी के अन्य युवती से शादी करने पर महिला ने केस दर्ज कराया।

## लाइसेंसी पिस्टल व 50 हजार रुपये लेकर पत्नी फरार

**आगरा।** पति के नहाने जाते ही पत्नी ने अपने भाई के साथ मिलकर बड़ा कांड कर डाला। इसके बाद घर का दरवाजा बाहर से बंद कर वो दोनों फरार हो गए। थाना सदर क्षेत्र में पति के नहाने जाते ही पत्नी और साले लाइसेंसी पिस्टल और नकदी चुरा ले गए। यही नहीं घर के बाहर ताला भी बंद कर दिया। किसी तरह बाहर आने पर पति ने दोनों पर केस दर्ज कराया है। पीड़ित पुष्पेंद्र ने पुलिस को बताया सेवला जाट स्थित घर में 11 जुलाई को वह बाथरूम में नहाने गए। उसी समय पत्नी ने अपने भाई नरेंद्र सिंह (निवासी मनकेड़ा, थाना मलपुरा) को घर बुला लिया। दोनों 50 हजार रुपये, सोने-चांदी के गहने, मोबाइल फोन, फौज से संबंधित दस्तावेज और लाइसेंसी पिस्टल चुरा ले गए। वह बड़ी मुश्किल से बाहर निकल पाए और पुलिस को सूचना दी। पुष्पेंद्र का कहना है कि साला नरेंद्र आपराधिक प्रवृत्ति का है। जिस पर पहले से ही कई केस दर्ज हैं। आशंका है कि नरेंद्र लाइसेंसी पिस्टल का गलत इस्तेमाल कर सकता है। थाना प्रभारी का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

# आठ पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज

**आगरा।** भ्रष्टाचार के आरोपों में छह पुलिसकर्मियों को पुलिस आयुक्त ने निलंबित किया है। इसके अलावा दो पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है। निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में थाना सिकंदरा के इंस्पेक्टर क्राइम, दो दरोगा सहित अन्य शामिल है। आगरा पुलिस कमिश्नरेट के भ्रष्टाचार विरोधी हेल्पलाइन नंबर 7839860813 पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायतों की संख्या बढ़ रही है। सोमवार को पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने पहली कार्रवाई करते हुए एक इंस्पेक्टर, दो दरोगा और तीन सिपाहियों को निलंबित किया। वहीं पीआरवी में तैनात दो सिपाहियों को लाइन हाजिर किया गया है। हेल्पलाइन नंबर पर पासपोर्ट सत्यापन से लेकर विवेचना में रुपये मांगने तक की शिकायतें आई थीं। पुलिस आयुक्त ने बताया कि शिकायतों का सत्यापन डीसीपी स्तर के अधिकारी से कराया जा रहा है। जिन लोगों के खिलाफ साक्ष्य मिल रहे हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। घूस मांगने के मामले में पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्रारंभिक जांच के बाद केस भी दर्ज होंगे। आरोपी पुलिसकर्मियों को जेल भेजा जाएगा। थाना सिकंदरा में तैनात निरीक्षक शैलेंद्र सिंह को विवेचना में रुपयों का लेन-देन करने का दोषी पाया गया। उनके खिलाफ पीड़ित ने शिकायत की थी। बताया था कि उससे विवेचना के लिए रुपयों की मांग की जा रही है। थाना निबोहरा में तैनात एसआई सुमित राठी को भ्रष्टाचार और अपराधी किस्म के लोगों से मेलजोल रखने के मामले में दोषी पाया गया। उन्होंने भी रुपयों की मांग की थी। इसी तरह थाना फतेहाबाद में तैनात एसआई ज्ञान प्रकाश को भ्रष्टाचार एवं विवेचना संबंधी लापरवाही के लिए दोषी पाने पर निलंबित किया गया। मुख्य आरक्षी रिंकू, आरक्षी हरपाल सिंह और संजीव कुमार पीआरवी 112 पर तैनात थे। उन पर जनता से रुपयों की वसूली की शिकायत की गई थी। यह जांच में सही पाई गई। इस पर उनके खिलाफ भी निलंबन की कार्रवाई की गई। उधर, आगरा से संबद्ध 30वीं वाहिनी पीएसी गोंडा के सिपाही राहुल सिंह कुंतल और अलीगढ़ के सिपाही अभिलाख को जनता से रुपयों की वसूली करने के मामले में लाइन हाजिर किया गया है। उनके निलंबन की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट संबंधित जिलों में भेजी जाएगी। पुलिस आयुक्त ने बताया कि भ्रष्टाचार विरोधी हेल्पलाइन नंबर पर हर दिन 100 से अधिक शिकायतें मिल रही हैं। इनमें काफी शिकायतें अन्य विभागों की हैं। इस पर अपील की जाती है कि लोग आगरा कमिश्नरेट में तैनात पुलिसकर्मियों के भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत ही दर्ज कराएं। यह कार्रवाई निरंतर चलती रहेगी। शिकायत के संबंध में लोग कॉल रिकार्डिंग, सीसीटीवी फुटेज, वीडियो फोटो, स्क्रीनशाट, पैसों के लेन-देन से संबंधित कोई भी साक्ष्य उपलब्ध करा सकते हैं। शिकायत सही मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

● इंस्पेक्टर और दो दरोगा समेत छह निलंबित

## सरकारी भूमि पर हो रहा था निर्माण, नगर निगम के बुलडोजर ने कर दिया ध्वस्त

**आगरा।** सरकारी भूमि पर कब्जा करने के लिए निर्माण किया जा रहा था। सूचना मिलते ही नगर निगम की टीम मौके पर पहुंच गई। बुलडोजर चलाकर निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। मौजा बाबरपुर स्थित गाटा संख्या-एक पर हो रहे अवैध निर्माण पर नगर निगम ने बुलडोजर चला दिया। भूमि को लेकर सुनील नामक व्यक्ति का नगर निगम के साथ न्यायालय में वाद विचाराधीन है। इसके बावजूद उसने जमीन पर दीवार खड़ी कर कब्जा करने का प्रयास किया। निगम ने बन रही दीवार को जमींदोज कराने के साथ ही निर्माण सामग्री को भी जब्त कर लिया। सोमवार तड़के निगम प्रशासन को विवादित जमीन पर अवैध निर्माण होने की जानकारी मिली। सहायक नगर आयुक्त श्रद्धा पांडेय ने राजस्व निरीक्षक शिप्रा गुप्ता को कार्रवाई के लिए मौके पर भेजा।

निरीक्षण के दौरान पता चला कि भूमि पर अवैध रूप से दीवार खड़ी की जा रही है। राजस्व निरीक्षक ने तुरंत काम रुकवाकर निर्माण को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त करा दिया। साथ ही संबंधित वाद निस्तारित होने तक निर्माण करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। निगम अधिकारियों ने कहा कि दोबारा ऐसा करने पर न्यायालय की अवमानना का मुकदमा भी दायर किया जाएगा। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने बताया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है इसलिए विपक्षियों को किसी भी स्थिति में निर्माण का अधिकार नहीं है। नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी सरकारी भूमि की सुरक्षा करना है।

● निगम ने बन रही दीवार को जमींदोज कराने के साथ ही निर्माण सामग्री को भी जब्त कर लिया

## जेठ के घर नहाने गयी थी महिला बाथरूम में बन गया वीडियो

आगरा। जिले में एक विवाहिता ने पड़ोसी पर नहाने का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना सदर क्षेत्र की एक महिला ने पड़ोसी युवक पर नहाने के समय चुपके से वीडियो बनाने और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि वह सबमर्सिबल खराब होने पर जेठ के घर नहाने गई थी। उसी समय पड़ोसी शिवम ने नहाने की वीडियो बना ली। आरोपी बाद में वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करने लगा। विरोध करने पर छेड़छाड़ की। पुलिस से 29 सितंबर को शिकायत की। पुलिस ने समझाकर समझौता करा दिया। इसके बाद आरोपी 2 अक्तूबर को फिर से परेशान करने लगा। अब पुलिस ने केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत टूंडला विधानसभा सम्मेलन संपन्न

**टूंडला।** भाजपा द्वारा आत्म निर्भर भारत अभियान के अंतर्गत टूण्डला विधानसभा का सम्मेलन बेनीवाल गार्डन टूण्डला में जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन दीपक चौधरी व आकाश शर्मा जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्विजय सिंह शाक्य क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा ब्रज क्षेत्र ने प्रबुद्धजनों व्यापारियों पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुऐ कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनानें की दिशा में जीएसटी की दरें कम होने से, नियम और प्रक्रियाएं और आसान बनने से हमारे लघु एवं कुटीर उद्योगों को बहुत फायदा होगा, उनकी बिक्री बढ़ेगी और टैक्स भी कम देना होगा। हम सभी प्रदेशवासी भारत में बने सामान का ही उपयोग करें, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती मिले। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' स्वदेशी के जिस मॉडल पर आधारित होगा, वही आत्मनिर्भर भारत और 'विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करेगा, स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत की आत्मा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत के आह्वान ने बीते पाँच वर्षों में हर भारतीय के मन में नया आत्मविश्वास जगाया है। आत्मनिर्भर भारत केवल एक अभियान नहीं बल्कि किसानों कारीगरों, उद्यमियों और स्टार्ट-अप्स की शक्ति को पहचानने और अपनाने का संकल्प है। आइए, हम सभी गर्व से स्वदेशी उत्पादों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएँ और स्थानीय उद्योगों को नई ऊँचाई दें।




जब हर घर स्वदेशी बनेगा, तभी भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर और अधिक दमक उठेगा। हमारा संकल्प है, हमारा मंत्र है, आत्मनिर्भर भारत, भारत को आत्मनिर्भर बनाना ही होगा, हर वो प्रोडक्ट जो हम भारत में बना सकते हैं, वो हमें भारत में ही बनाना है। जीएसटी की दरों में कमी से व्यापारियों को सीधा लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार व्यापारियों के हित में निरंतर प्रयासरत है, जिससे व्यापारिक माहौल और भी सहज हो रहा है। साथ ही उन्होंने व्यापारियों से आग्रह किया कि वे ग्राहकों को भी इसके बारे में जागरूक करें। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर बल देते हुए उसके सामाजिक और आर्थिक लाभों को विस्तार से बताया जीएसटी बचत उत्सव में कम टैक्स, ज्यादा तरक्क ी कृषि उपकरणों पर घटे जीएसटी से किसानों को मिलेगी राहत, जिससे वे आधुनिक तरीकों को अपनाकर उपज बढ़ा सकें और खेती को और मजबूत बना सकें। यह पहल कृषि को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। जीएसटी 2.0 ने जीवनरक्षक दवाओं, स्वास्थ्य उपकरण एवं स्वास्थ्य बीमा को सस्ता करके देश के आम नागरिक को राहत पहुँचायी है। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व प्रेमपाल सिंह घनगर विधायक टुंडला ने सम्बोधित करते हुऐ कहा कि नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म का लाभ प्रदेश एवं देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के साथ ही महंगाई को न्यूनतम स्तर पर लाने में सहायक सिद्ध होगा। आज देश में हर ओर से एक ही आवाज आ रही है। घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार' स्वदेशी अब केवल एक नारा नहीं है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में स्वदेशी की अवधारणा को विराट और व्यापक स्वरूप प्राप्त हुआ है। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान-2025 के तहत 'आत्मनिर्भर भारत-स्वदेशी संकल्प' को सफल बनाने के जिले व मण्डल स्तर पर अभियान टोली की संरचना की, स्वदेशी का मतलब- जो भारत में निर्मित हो, जिसमें भारत के श्रमिकों का पसीना लगा हो एवं जिसके निर्माण में भारत की युवा शक्ति की प्रतिभा लगी हो।

## कृषि विश्वविद्यालय में वन हेल्थ पीयर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज के वेटनरी ऑडिटोरियम में मंगलवार, को पशु चिकित्सा विज्ञान, पशुजन स्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान विभाग द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ, गांधीनगर, गुजरात के सहयोग से एक दिवसीय वन हेल्थ पीयर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के स्नातक छात्रों ने हिस्सा लिया, जिसका मुख्य उद्देश्य मनुष्यों, जानवरों और पर्यावरण के स्वास्थ्य को संरक्षित करने के लिए जागरूकता और प्रशिक्षण प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विजेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कुलपति ने अपने संबोधन में वन हेल्थ की अवधारणा पर जोर देते हुए कहा कि मनुष्य, पशु और पर्यावरण का स्वास्थ्य एक-दूसरे पर निर्भर है। किसी एक के स्वास्थ्य में कमी का असर अन्य पर भी पड़ता है। कार्यक्रम की आयोजक सचिव डॉ. नमिता जोशी ने अपने संबोधन में बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों को वन हेल्थ की अवधारणा से अवगत कराना और उनके अंदर इस विषय के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों के ज्ञानवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और उन्हें भविष्य में इस क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा।

संक्षेप

## 10 को लॉन्च होगा सैमसंग का गैलेक्सी एम17 5जी

नयी दिल्ली। सैमसंग 10 अक्टूबर को अपना नया स्मार्टफोनगैलेक्सी एम17 5जी लॉन्च करने जा रहा है। यह लॉन्च ऐसे समय में हो रहा है जब इसका पिछला मॉडलगैलेक्सी एम16 5जी भारत में पूरी तरह बिक चुका है। नया गैलेक्सी एम17 5जी खासतौर पर उन युवाओं के लिए बनाया गया है जो हमेशा गतिशील रहते हैं और अपने फोन से बेहतरीन परफॉर्मेंस की उम्मीद करते हैं। यह फोन अपने सेगमेंट में अग्रणी 50 मेगापिक्सल डक्र ट्रिपल कैमरा सिस्टमके साथ आता है, जो तस्वीरों और वीडियोज को धुंधला या हिलने से बचाता है। इसका हाई-रेजोल्यूशन प्राइमरी सेंसर औरऑप्टिकल इमेज स्टेबलाइजेशनतकनीक मिलकर हर रोशनी में साफ और स्थिर परिणाम देती हैं। तीन लेंस वाला यह सेटअप अलग-अलग सीन के लिए लचीलापन देता है, जबकि इनबिल्टएआई एन्हांसमेंट्सअपने आप एक्सपोजर, रंग और फोकस को समायोजित कर शानदार परिणाम प्रदान करते हैं। गैलेक्सी एम17 5जी सेगमेंट का सबसे उन्नतकॉर्निंग॰ गोरिल्ला ग्लास विक्टस प्रोटेक्शन और आईपी54 रेटिंगदी गई है, जो धूल और पानी की छींटों से सुरक्षा सुनिश्चित करती है। यह फोन रोजमर्रा की परिस्थितियों – जैसे आकस्मिक झटकों या हल्की गिरावटों – में भी भरोसेमंद सुरक्षा देता है। 7.5 मिमी कीस्लिम प्रोफाइलऔर प्रीमियम मेटल फिनिश वाला यह फोन हाथ में हल्का और स्टाइलिश महसूस होता है, वहीं इसकी मजबूत बॉडी रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए टिकाऊ बनाती है।

## फोनपे स्मार्ट पीओडी लॉन्च

बंगलुरु। फोनपे ने आज ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में अपना नेक्स्ट-जेन स्मार्टस्पीकर फोनपे स्मार्ट पीओडी लॉन्च किया। यह नया हाइब्रिड डिवाइस मर्चेंट और ग्राहकों, दोनों के लिए पेमेंट की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इंडस्ट्री इवेंट में इसको लॉन्च करना दिखाता है कि फोनपे, भारतीय मर्चेंट के लिए व्यावहारिक समाधान विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में बना स्मार्ट पीओडी, फोनपे का पहला ऐसा प्रोडक्ट है जिसमें स्मार्टस्पीकर और अभी तक उपयोग किए जा रहे पॉइंट ऑफ सेल डिवाइस, दोनों की बेहतरीन सुविधाएं मौजूद हैं। साथ ही यह किफायती भी है। यह नया मॉडल पहले के स्मार्टस्पीकर का अपग्रेड है, जिसमें कोई यूपीआई पेमेंट मिलने पर ऑडियो अलर्ट मिलते थे। स्मार्ट पीओडी उन मर्चेंट के लिए डिजाइन किया गया है जो मुख्य रूप से यूपीआई पेमेंट स्वीकार करते हैं।

## जावा येजदी मोटरसाइकिलों को बना रही है लुभावनी

मुम्बई । जावा येजदी मोटरसाइकिल्स इस त्योहार के सीजन में अपने ग्राहकों का जश्न मनाने और उनकी खुशियों को और यादगार बनाने के लिए आकर्षक ऑफर्स के साथ लाइव हो रही है। कंपनी दुनिया के सबसे बड़े मोटरसाइकिल बाजार में जीएसटी 2.0 के रेशनलाइजेशन से सबसे बड़ा लाभ पाने वाले उत्पाद रेंज पर उद्योग में पहली बार सिर्फ 999 रुपये में प्रीबुकिंग की पेशकश कर रही है। एडवेंचर, रोडस्टर, बॉबर से लेकर स्क्रैम्बलर तक के वेरिएंट्स में फैली आठ मॉडलों की कीमत अब 2 लाख रुपये से कम है। जावा और येजदी मोटरसाइकिल्स में या तो 293 सीसी या 334 सीसी का अल्फा2 लिक्विड-कूल्ड इंजन है।

## रोहिताश्व ने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता

मुंबई। रोहिताश्व गौड़ ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। हालांकि, उनकी सबसे अलग पहचान बनाने वाली भूमिका रही है एण्डटीवी के लोकप्रिय कॉमेडी शो भाबीजी घर पर हैं में निभाया गया किरदार मनमोहन तिवारी। इस किरदार ने उन्हें इतनी लोकप्रियता दिलाई है कि लोग अब भी उन्हें प्यार से तिवारी जी कहकर पुकारते हैं - चाहे वो कैमरे के सामने हों या पीछे !सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की शूटिंग के दौरान, जहां वे वरुण धवन के पिता की भूमिका निभा रहे हैं, रोहिताश्व जी ने एक मजेदार अनुभव साझा किया। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, यह देखकर हमेशा अच्छा लगता है कि लोग भाबीजी घर पर हैं से कितना प्यार करते हैं। फिल्म के सेट पर भी सभी लोग- क्रू से लेकर कास्ट तक - मुझे तिवारी जी कहकर बुला रहे थे। वरुण भी अक्सर मजाकिया अंदाज में मुझे इसी नाम से पुकारते थे। रोहिताश्व गौड़ को मनमोहन तिवारी के रूप में देखिये भाबीजी घर पर हैं में हर सोमवार से शुक्रवार, रात 10:30 बजे सिर्फ एण्डटीवी पर।

# सेंसेक्स में 137 अंकों की उछाल



मुंबई। प्रमुख बैंकों के शेयरों में खरीदारी आने और घरेलू संस्थागत निवेशकों का समर्थन मिलने से स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 137 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 31 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद 136.63 अंक यानी 0.17 प्रतिशत बढ़कर 81,926.75 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 519.44 अंक बढ़कर 82,309.56 अंक पर पहुंच गया था लेकिन ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली होने से यह अपनी बढ़त काफी हद तक गंवा बैठा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी उतार-चढ़ाव के बाद 30.65 अंक यानी 0.12 प्रतिशत चढ़कर 25,108.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, ट्रेंट और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। घरेलू इक्विटी बाजार अनुकूल वैश्विक संकेतों से मजबूती के साथ खुला लेकिन दूसरी तिमाही के नतीजे औसत रहने की संभावना बढ़ने से बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार अल्पावधि में तीसरी तिमाही में हालात बेहतर होने से संबंधित टिप्पणियों पर नजरें रखेगा। मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.45 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.15 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में दूरसंचार खंड सर्वाधिक 2.13 प्रतिशत उछल गया जबकि रियल्टी खंड में 1.09 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 0.47 प्रतिशत की तेजी रही। दूसरी तरफ, एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान), जिंस, आईटी और बैंकिंग खंड में गिरावट रही। हाल ही में आई तेजी के बाद बाजारों में उतार-चढ़ाव रहा। क्षेत्रवार स्तर पर, मिले-जुले रुझान ने कारोबारियों को आकर्षित किया और रियल्टी, दवा एवं ऊर्जा शेयरों में अच्छी बढ़त दर्ज की गई जबकि एफएमसीजी एवं धातु शेयरों में गिरावट रही। शेयर बाजार में तेजी का यह लगातार चौथा दिन रहा। इन चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स कुल।,659.13 अंक यानी 2.06 प्रतिशत चढ़ चुका है जबकि निफ्टी में 497.2 अंक यानी 2.02 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुआ। चीन और दक्षिण कोरिया के बाजार अवकाश के कारण बंद रहे।

# सोना 700 रुपये उछलकर नये शिखर पर और चांदी 3400 रुपये फिसली



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 700 रुपये उछलकर 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई।

अमेरिका में वित्त पोषण को लेकर विवाद के बीच विभिन्न विभागों में कामकाज ठप होने और फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में और कटौती की बढ़ती संभावनाओं के साथ सोने में तेजी आई। हालांकि, चांदी अपने अपने उच्चतम स्तर से 3,400 रुपये की गिरावट के साथ 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 1,23,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 700 रुपये बढ़कर 1,23,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,22,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी अपने अपने उच्चतम स्तर से 3,400 रुपये की गिरावट के साथ 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। सोमवार को चांदी 1,57,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना गिरावट के साथ 3,958.18 डॉलर प्रति औंस पर रहा। मंगलवार को सोने की कीमत 3,977.45 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। मंगलवार को सोने की कीमतों में तेजी आई और हाजिर सोना 4,000 डॉलर प्रति औंस के महत्वपूर्ण पड़ाव के करीब पहुंच गया। फेडरल रिजर्व की नरम मौद्रिक नीति की अपेक्षााओं और सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की निरंतर मांग के कारण सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं।

# सरकार फिर बढ़ा सकती है पीएम-कुसुम की समय-सीमा

नयी दिल्ली। सरकार पीएम-कुसुम योजना की समयसीमा एक बार फिर बढ़ा सकती है क्योंकि इस पहल के दो प्रमुख घटक अपने लक्ष्य का 50 प्रतिशत भी हासिल नहीं कर पाए हैं। आधिकारिक सूत्र ने यह जानकारी दी।

प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना 2019 में शुरू की गई थी। इसका लक्ष्य 2022 तक 30,800 मेगावाट की सौर क्षमता जोड़ना था। इसमें कार्यान्वयन एजेंसियों के लिए सेवा शुल्क सहित कुल 34,422 करोड़ रुपये की केंद्रीय वित्तीय सहायता शामिल थी। केंद्र ने बाद में पीएम-कुसुम योजना को मार्च 2026 तक बढ़ा दिया क्योंकि वैश्विक महामारी के कारण इसका कार्यान्वयन काफी प्रभावित हुआ था। लक्ष्य को भी संशोधित कर 34,800 मेगावाट कर दिया गया था। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए पीएम कुसुम के कार्यान्वयन की समय-सीमा को और बढ़ाए जाने के आसार हैं। यह इस योजना का दूसरा विस्तार होगा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस महत्वाकांक्षी योजना के किसी भी घटक ने 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल नहीं किया है। यद्यपि योजना का घटक ख (जो मार्च 2026 को समाप्त होगा) नौ सितंबर तक लक्ष्य का 71 प्रतिशत पूरा करने में सक्षम रहा है।

# डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे टूटा



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 88.78 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशों में डॉलर के मजबूत होने तथा निरंतर विदेशी पूंजी की बाजार से निकासी के कारण रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक व्यापार को लेकर अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों के बाजार से अलग रहने के कारण घरेलू मुद्रा सीमित दायरे में रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मामूली बढ़त के साथ 88.72 पर खुला और कारोबार के दौरान 88.79 के निचले स्तर और 88.79 के उच्च स्तर को छूने के बाद अंत में 88.78 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से चार पैसे की गिरावट है। सोमवार को रुपया पांच पैसे बढ़कर 88.74 पर बंद हुआ था। अमेरिकी सीनेट (अमेरिकी संसद का उच्च सदन) में सरकार को वित्तपोषित करने के डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों प्रस्तावों को एक बार फिर खारिज होने के बाद, निवेशकों ने सतर्कता बरती। वित्त पोषण प्रस्तावों पर सहमति नहीं बनने से विभिन्न विभागों में कामकाज ठप (शटडाउन) है। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर इंडेक्स 0.34 प्रतिशत बढ़कर 98.13 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65.25 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर निरंतर बातचीत कर रहे हैं और नवंबर तक बातचीत पूरी करने की सभी संभावनाएं मौजूद हैं। गोयल की यह टिप्पणी विदेश मंत्री एस जयशंकर के उस बयान के एक दिन बाद आई है।

# विश्व बैंक ने किया भारत के वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत

नयी दिल्ली। विश्व बैंक ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया। पूर्व में इसके 6.3 प्रतिशत प्रतिशत रहने की संभावना जतायी गयी थी।

साथ ही यह अनुमान भी जताया कि उपभोग वृद्धि में लगातार मजबूती के बल पर भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। विश्व बैंक ने हालांकि आगाह किया कि अमेरिका के भारतीय निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क का आने वाले वर्ष में देश पर प्रभाव पड़ेगा। इसने 2026-27 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया। विश्व बैंक के दक्षिण एशिया विकास सूचना (अक्टूबर 2025) में कहा गया, उपभोग वृद्धि में लगातार मजबूती के बल पर भारत के दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने की उम्मीद है। इसके मुताबिक घरेलू परिस्थितियां, विशेष रूप से कृषि उत्पादन और ग्रामीण वेतन वृद्धि, अपेक्षा से बेहतर रही हैं। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया, वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूर्वानुमान घटा दिया गया है। भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले लगभग तीन-चौथाई माल पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के चलते ऐसा किया गया।

# नवरात्र में वाहनों की खुदरा बिक्री 35 प्रतिशत बढ़ी



नयी दिल्ली। यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री इस साल नौ दिन की नवरात्र अवधि में सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़ी जिससे पिछले महीने कुल पंजीकरण में छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वाहन डीलर के संगठन फाडा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फेडेरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, सितंबर महीने के पहले 21 दिन में बिक्री धीमी रही और 22 सितंबर को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के बाद इसमें तेजी आई।

नवरात्रि के दौरान यात्री वाहन की कुल खुदरा बिक्री 2,17,744 इकाई रही जबकि पिछले वर्ष नवरात्रि अवधि में यह।,61,443 इकाई रही थी। वाहन डीलर के संगठन के अनुसार, इस उच्च बिक्री के कारण सितंबर में यात्री वाहन खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 2,82,945 इकाई से छह प्रतिशत बढ़कर 2,99,369 इकाई हो गई। 22 सितंबर के बाद नई जीएसटी दर लागू होने के बाद कीमतों में कटौती की उम्मीद कर रहे ग्राहकों ने महीने के पहले हिस्से में खरीदारी नहीं की। देश के मोटर वाहन खुदरा उद्योग के लिए सितंबर 2025 एक असाधारण रूप से अनूठा महीना था। पहले तीन सप्ताह काफी हद तक शांत रहे क्योंकि ग्राहक जीएसटी 2.0 सुधारों की प्रत्याशा में पीछे हट गए। हालांकि, अंतिम सप्ताह में स्थिति नाटकीय रूप से बदल गई क्योंकि नवरात्रि उत्सव कम जीएसटी दरों के कार्यान्वयन के साथ मेल खाता था जिससे ग्राहक भावना में सुधार हुआ और अधिकतर वाहन श्रेणियों की बिक्री में तेजी आई। परिणामस्वरूप माह का अंत कुल मिलाकर पांच प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ हुआ जिसमें तिपहिया और निर्माण उपकरण को छोड़कर सभी खंडों में सकारात्मक गति देखी गई। फाडा के अनुसार, सितंबर के अंतिम दिन में बनी गति दीपावली तक जारी रहेगी जिससे त्यौहार की इस 42 दिन की अवधि के सकारात्मक रुख के साथ खत्म होने की उम्मीद है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 12,87,735 इकाई रही जो सितंबर 2024 में 12,08,996 इकाइयों के मुकाबले सात प्रतिशत अधिक है। नवरात्र अवधि में बिक्री 36 प्रतिशत बढ़कर 8,35,364 इकाई हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 6,14,460 इकाई थी। सितंबर 2025 में तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 98,866 इकाई रही, जो सितंबर 2024 की।,06,534 इकाई की तुलना में सात प्रतिशत कम है।

# देश का कोयला निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 23 प्रतिशत बढ़कर हुआ 19.08 लाख टन



नयी दिल्ली। देश का कोयला निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 23.4 प्रतिशत बढ़कर 19.08 लाख टन रहा।

सरकार जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोल) की बढ़ती वैश्विक मांग का लाभ उठाने के लिए कोयला निर्यात को बढ़ावा दे रही है। इस लिहाज से यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़े अस्थायी हैं। देश का कोयला निर्यात 2023-24 में 15.46 लाख टन रहा था। आंकड़ों के अनुसार, मूल्य के संदर्भ में वित्त वर्ष 2023-24 में कोयला निर्यात।,828.2 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में।,643.4 करोड़ रुपये का था। भारत...नेपाल, बांग्लादेश और भूटान जैसे देशों को कोयला निर्यात करता है। एक अध्ययन में पहले कहा गया था कि भारत में नेपाल सहित अपने पड़ोसी देशों को 1.5 करोड़ टन कोयला निर्यात करने की क्षमता है। अध्ययन के अनुसार, देश में बांग्लादेश को 80 लाख टन, म्यांमा को 30 लाख टन, नेपाल को 20 लाख टन और अन्य देशों को 20 लाख टन कोयला निर्यात करने की क्षमता है। कोयला उत्पादन और निर्यात में वृद्धि से आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार सृजन होगा और सरकार के लिए राजस्व में वृद्धि होगी।

## पेज एक का शेष

### जॉन क्लार्क

समिति के अध्यक्ष ओले एरिक्सन ने कहा, सदियों पुरानी क्वांटम यांत्रिकी ने जिस तरह से लगातार नये आश्चर्य प्रस्तुत किए हैं, उसका जश्न मनाना शानदार है। यह बेहद उपयोगी भी है, क्योंकि क्वांटम यांत्रिकी सभी डिजिटल प्रौद्योगिकी का आधार है। क्वांटम यांत्रिकी का यह 100 साल पुराना क्षेत्र, असंभव प्रतीत होने वाले उप-परमाणु जगत से संबंधित है, जहां स्विच एक ही समय पर चालू और बंद हो सकते हैं और परमाणुओं के कुछ हिस्से अभेद्य प्रतीत होने वाली बाधाओं को भेदकर सुरंग बना सकते हैं। पुरस्कार विजेता तिकड़ी के काम ने इसे विश्व फलक पर व्यापक रूप से ले जाने में मदद की है, जहां इसमें कंप्यूटिंग और संचार को गति देने की क्षमता है। फिजिक्स टुडे के प्रधान संपादक रिचर्ड फिट्जगेराल्ड, जिन्होंने 1990 के दशक में एक प्रतिस्पर्धी समूह के साथ इस क्षेत्र में काम किया था, ने कहा कि तीनों भौतिकविदों ने किसी ऐसी चीज पर काम किया जिसे हम देख नहीं सकते, छू नहीं सकते, महसूस नहीं कर सकते, और उसे पहचानने योज्ञ कर उसे कुछ ऐसा बना दिया जिस पर हम आगे बढ़ सकें। खगोल भौतिकी के प्रोफेसर और नोबेल भौतिकी समिति के सदस्य मार्क पीयर्स ने बताया, क्वांटम कंप्यूटर का उपयोग बहुत ही स्पष्ट है, लेकिन इनका उपयोग क्वांटम सेंसर के लिए भी किया जा सकता है, जिससे चुंबकीय क्षेत्रों के बारे में बहुत संवेदनशील मापन किया जा सके, और शायद क्रिप्टोग्राफी के लिए भी, ताकि सूचना को इस प्रकार कूटबद्ध किया जाए जा सके कि उसे कोई तीसरा पक्ष आसानी से न सुन सके। यह 119वीं बार है जब यह पुरस्कार दिया जा रहा है। अब तक 226 वैज्ञानिकों को भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

### सफाईकर्मियों की

वाल्मीकि ने हर स्थिति में जो आदर्श रखा, वह मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का था। उन्होंने राम के चरित्र को दिया, जो हर काल, देश, परिस्थिति में प्रासंगिक है। भाई-भाई, पिता-पुत्र, मां-बेटे, राजा-प्रजा में क्या रिश्ते होने चाहिए, उन्होंने मयार्दा पुरुषोत्तम कहकर यह भाव भरा। राम ने मयार्दा की लक्ष्मण रेखा का कभी उल्लंघन नहीं किया। सीएम योगी ने कहा कि भगवान वाल्मीकि की फोटो लगाकर आज हर देव मंदिर में अखंड रामायण पाठ चल रहा है। सीएम ने अपील की कि महर्षि वाल्मीकि का चित्र हर भारतीय के घर में होना चाहिए। भारत का हर कथावाचक सबसे पहली वंदना भगवान वाल्मीकि की करते हैं। वह जिस पीठ पर बैठते हैं, वह सबसे पवित्र व्यास पीठ कही जाती है। भारत के देवतुल्य ऋषियों की परंपरा ने सभी कालखंड में समाज का मार्गदर्शन किया। रामायण कालखंड में महर्षि वाल्मीकि, महाभारत कालखंड में महर्षि वेदव्यास, मध्यकाल में सद्गुरु रविदास और देश जब आजादी की लड़ाई लड़ रहा था तो बाबा साहेब समाज का मार्गदर्शन करते दिखाई देते थे। सभी की दृष्टि एक है। पीएम मोदी इसे एक भारत-श्रेष्ठ भारत, सबका साथ और सबका विकास कहते हैं। सीएम ने कहा कि रामराज्य वही है, जहां जाति, मजहब, संप्रदाय के नाम पर भेदभाव न हो। आज यही कार्य भाजपा की डबल इंजन सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग श्रीराम को गाली देते हैं, वे भगवान वाल्मीकि का अपमान करते हैं। भगवान वाल्मीकि का अपमान करने वाले भगवान राम का भी अपमान करते हैं। उन्होंने वोटबैंक के नाम पर जाति का सहारा लेने वालों पर हमला किया। सीएम ने कहा कि 2012 में जब सपा सरकार आई थी तो सामाजिक न्याय के पुरोधाओं के स्मारक को तोड़ने की धमकी दी थी, तब भाजपा ने कहा था कि इन स्मारकों को तोड़ने वालों को यूपी की जनता तोड़कर रख देगी। आज यह लोग प्रत्येक प्रेसवार्ता में बाबा साहेब का स्मरण करते हैं, लेकिन तब सपा के मुख्यमंत्री ने कन्नौज मेडिकल कॉलेज से बाबा साहेब का नाम बदल दिया था। हमने फिर उसे बाबा साहेब के नाम पर रख दिया। लखनऊ का भाषा विश्वविद्यालय मान्यवर कांशीराम के नाम पर था, सपा ने उसे भी बदल दिया। सहारनपुर मेडिकल कॉलेज का नाम भी बदल दिया। इनके दोहरे चेहरे हैं।

### नारी सशक्तीकरण

है। यह शरद पूर्णिमा का पावन पर्व है, जो महर्षि वाल्मीकि की जयंती और मीराबाई के जन्मदिन के साथ-साथ स्वर्गीय डी.पी. बोरा की जयंती के रूप में भी मनाया जा रहा है। मैं इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि और मीराबाई को नमन करता हूं और स्वर्गीय डी.पी. बोरा को प्रदेश सरकार और प्रदेशवासियों की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। कार्यक्रम में सीएम योगी ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत 15 सेवा शक्ति केंद्रों का उद्घाटन किया, जो महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इन केंद्रों का संचालन डी.पी. बोरा स्मृति समिति के सहयोग से किया जा रहा है। सीएम योगी ने इन केंद्रों को नारी स्वावलंबन का प्रतीक बताते हुए कहा कि ये केंद्र महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली मातृ शक्तियों को सम्मानित किया गया। इनमें पद्मश्री हिन्दी साहित्यकार प्रो. विद्या बिन्दु सिंह, शास्त्रीय संगीतज्ञ सुनीता झींगरन, शीला मिश्रा, शालू सिंह और डॉ. चंद्रावती जैसी विभूतियां शामिल रहीं। इन महिलाओं ने शिक्षा, साहित्य, संगीत, स्वास्थ्य और समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी मेहनत और समर्पण से समाज को नई दिशा दी है। सीएम ने सम्मानित महिलाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन मातृ शक्तियों ने अपने कार्यों से समाज को प्रेरित किया है। इनका सम्मान हम सभी के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय डी.पी. बोरा को एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व बताते हुए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डी.पी. बोरा जी ने लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप में और बाद में विधायक के रूप में समाज के वंचित, दलित और शोषित वर्गों की आवाज को बुलंद किया।

### चार रेल

उनमें महाराष्ट्र के वर्धा से भुसावल के बीच 314 किलोमीटर की दूरी को कवर करने वाली तीसरी और चौथी लाइन हैं, महाराष्ट्र के गोंदिया और छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के बीच 84 किमी लंबी चौथी लाइन, गुजरात के वडोदरा और मध्य प्रदेश में रतलाम के बीच 259 किमी लंबी तीसरी और चौथी लाइन, और मध्य प्रदेश में इटारसी-भोपाल-बीना के बीच 84 किलोमीटर लंबी चौथी लाइन शामिल हैं। बयान के मुताबिक, स्वीकृत मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 3,633 गांवों, जिनकी जनसंख्या लगभग 85.84 लाख है, तथा दो आकांक्षी जिलों (विदिशा और राजनांदगांव) तक रेल संपर्क में वृद्धि होगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि बढ़ी हुई लाइन क्षमता से ट्रेन का परिचालन और सुलभ होगा, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा।

### 1,20,000

युद्ध के बदलते स्वरूप खासतौर पर ड्रोन जैसे नॉन-कॉन्टैक्ट वॉरफेयर (दूरस्थ युद्ध तकनीक) के महत्व को समझती है और उसके अनुसार तैयारी कर रही है। इस संदर्भ में उन्होंने विभिन्न सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत के अपने रक्षा उद्योगों को बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा 2021-22 में घरेलू स्रोतों से हमारी पूंजीगत खरीद लगभग 74,000 करोड़ रुपये की थी, लेकिन 2024-25 के अंत तक यह बढ़कर लगभग।,20,000 करोड़ रुपये हो गई है। यह बदलाव केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि मानसिकता के परिवर्तन का भी प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने पिछले दशक में भारत के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र की अभूतपूर्व वृद्धि को रेखांकित करते हुए कहा कि रक्षा उत्पादन 2014 में करीब 46,000 करोड़ रुपये का था जो 2025 में बढ़कर करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि इसमें से करीब 33,000 करोड़ रुपये का योगदान निजी क्षेत्र का है, जो स्पष्ट संकेत है कि उद्योग भी आत्मनिर्भरता मिशन में समान हितधारक बन गया है।

### छिंदवाड़ा में

रहने वाली थी और विगत एक हफ्ते से नागपुर के शासकीय चिकित्सालय में उसका इलाज हो रहा था। उन्होंने कहा, आज उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले के छह बच्चों का नागपुर के विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है और इनमें से पांच की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। इससे पहले, सोमवार को तामिया ब्लॉक के भरियाढना गांव की रहने ढाई साल की धानी डहेरिया की नागपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों ने बताया कि चिकित्सक द्वारा दिए गए कोल्ड्रिफ सिरप के सेवन के बाद बच्ची की तबीयत बिगड़ गई थी और उसकी किडनी फेल हो गई। उन्होंने बताया कि डहेरिया का इलाज पहले परासिया में डॉक्टर प्रवीण सोनी के पास कराया गया था लेकिन हालत बिगड़ने पर उसे नागपुर में भर्ती कराया गया। भोपाल में राज्य सरकार के एक अधिकारी ने इससे पहले बताया था कि पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के नागपुर के विभिन्न अस्पतालों में राज्य के नौ बच्चों का इलाज चल रहा है, जिनमें से सात छिंदवाड़ा और दो बैतूल के हैं। जयुषा यदुवंशी और धानी डहेरिया की मौत से पहले मध्यप्रदेश सरकार ने छिंदवाड़ा में 14 बच्चों की मौत की पुष्टि की थी।

### डेमोग्राफिक चेंज

कर रहे हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्य में रहने वाला हर बाहरी व्यक्ति समयबद्ध सत्यापन प्रक्रिया से गुजरे। सरकार चाहती है कि सत्यापन को अब एक अस्थायी अभियान नहीं, बल्कि एक स्थायी व्यवस्था बनाया जाए। विशेष रूप से देहरादून, हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर जैसे मैदानी जिलों में बाहरी राज्यों से आने वालों की संख्या अधिक है। पिछली सत्यापन कार्रवाइयों में कई संदिग्ध और अवैध प्रवासी, जिनमें बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल थे, पकड़े जा चुके हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अब देवभूमि की सुरक्षा और सांस्कृतिक पहचान से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा।

### सरकार के

पार्टी को पूर्ण बहुमत मिले, जो तीन दशकों के लंबे अंतराल के बाद पहली बार हुआ। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी नियुक्ति को याद करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने बहुत ही कठिन परिस्थितियों में पदभार संभाला था, क्योंकि राज्य में भीषण भूकंप आया था और लोगों की परेशानियां और भी बदतर हो गई थीं, क्योंकि वे इससे पहले एक बड़े चक्रवात, लगातार सूखे और राजनीतिक अस्थिरता से घिरे हुए थे। उन्होंने कहा, इन चुनौतियों ने लोगों की सेवा करने तथा नए उत्साह व आशा के साथ गुजरात के पुनर्निर्माण के संकल्प को मजबूत किया।

### कोर्ट ने मांगा

के रिकॉर्ड पर लाये, जब वह एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आगे की सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि सभी के पास मतदाता सूची का मसौदा है और अंतिम सूची भी 30 सितंबर को प्रकाशित हो चुकी है, इसलिए तुलनात्मक विश्लेषण के माध्यम से आवश्यक आंकड़े प्रस्तुत किए जा सकते हैं। न्यायमूर्ति बागची ने निर्वाचन आयोग का पक्ष रखने के लिए पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से कहा कि अदालती आदेशों के परिणामस्वरूप चुनावी प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और पहुंच बढ़ी है। पीठ ने कहा कि चूंकि अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या से ऐसा प्रतीत होता है कि मसौदा सूची की संख्या में वृद्धि की गई है, इसलिए किसी भी भ्रम से बचने के लिए, अतिरिक्त मतदाताओं की पहचान का खुलासा किया जाना चाहिए। आप हमसे सहमत होंगे कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और पहुंच में सुधार हुआ है।




# इंग्लैंड ने बांग्लादेश को हराया

## विश्व कप : हेदर नाइट ने फिफ्टी लगाकर जिताया, दूसरी जीत के साथ टॉप पर पहुंची

एजेंसी

गुवाहाटी। चार्ली डीन और हेदर नाइट ने 79 रन की पार्टनरशिप कर इंग्लैंड को जीत दिलाई। विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के 8वें मैच में इंग्लैंड ने बांग्लादेश को 4 विकेट से हरा दिया। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में मंगलवार को बांग्लादेश 178 रन ही बना सकी। टीम ने इंग्लैंड के 6 विकेट 103 पर ही गिरा दिए थे, लेकिन पूर्व कप्तान हेदर नाइट ने फिफ्टी लगाकर इंग्लिश टीम को जिता दिया। टूर्नामेंट में इंग्लैंड की लगातार दूसरी जीत रही, टीम ने पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 10 विकेट से हराया था। दूसरी जीत के साथ टीम पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई। दूसरी ओर, बांग्लादेश को पहली हार मिली, टीम ने अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया था। बांग्लादेश की शुरूआत खराब रही टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी बांग्लादेश की शुरूआत सही नहीं रही। ओपनर रुबिया हैदर 4 रन बनाकर आउट हो गई। उन्हें लॉरेन बेल ने पवेलियन भेजा। कप्तान निगर सुल्ताना को शून्य के स्कोर पर लिंसी स्मिथ ने आउट कर दिया। इसके बाद शरमीन अख्तर और सोभना मोस्तरी ने पारी को संभाला। दोनों ने मिलकर 60 बॉल पर 34 रन जोड़े। शरमीन 52 बॉल पर 30 रन बनाकर आउट हुई। सोफी एक्सेलेटन की अगुवाई में इंग्लैंड के स्पिनरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला विश्व कप के मैच में मंगलवार को बांग्लादेश को 178 रन पर आउट कर दिया। बांग्लादेश के लिये शोभना मोस्तारी ने 108 गेंद में 60 और राबिया खान ने नौवे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 27 गेंद में 43 रन बनाये। इंग्लैंड के लिये एक्सेलेटन ने 24 रन देकर तीन विकेट लिये।



इंग्लैंड के गेंदबाजों में आफ स्पिनर चार्लोट डीन ने दस ओवर में 28 रन देकर दो और एलिस कैपसी ने आठ ओवर में 31 रन देकर दो विकेट चटकाये। टूर्नामेंट के पहले मैच में पाकिस्तान को हराने वाली बांग्लादेश टीम की शुरूआत अच्छी रही और लॉरेन बेल के ओवर में शरमीन अख्तर ने 14 रन बनाये। बायें हाथ की स्पिनर लिंसे स्मिथ ने हालांकि शरमीन और रूबिया हैदर को खुलकर खेलने नहीं दिया। स्मिथ ने एक छोर से अच्छी गेंदबाजी जारी रखी।

### आथर्टन ने भारत-पाक मुकाबलों को खत्म करने की मांग की

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल आथर्टन ने आरोप लगाया है कि आर्थिक जरूरतों के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के टूर्नामेंटों में भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबलों को सुनिश्चित करने के लिए ड्रॉ सुव्यवस्थित तरीके से किया गया। उन्होंने दोनों चिर प्रतिद्वंद्वियों के बीच क्रिकेट को पूरी तरह से बंद करने की मांग की है क्योंकि खेल व्यापक तनाव और दुष्प्रचार का माध्यम बन गया है। द टाइम्स के लिए लिखे एक तीखे कॉलम में आथर्टन ने एशिया कप में हाल ही में हुए हंगामे का हवाला दिया जहां भारतीय टीम ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के पाकिस्तानी प्रमुख मोहसिन नकवी विजेता ट्रॉफी अपने साथ लेकर चले गए थे क्योंकि भारतीयों ने उनसे ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। आथर्टन ने कहा भारत और पाकिस्तान 2013 से हर आईसीसी टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में एक-दूसरे से भिड़ते रहे हैं जिसमें तीन 50 ओवर के विश्व कप, पांच टी20 विश्व कप और तीन चैंपियन्स ट्रॉफी शामिल हैं। उन्होंने कहा इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि शुरुआती चरण एकल राउंड रोबिन रहा हो- जिसकी एक वजह भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबले की अनिवार्यता है - या फिर कई ग्रुप जहां मुकाबले के कार्यक्रम के लिए ड्रॉ का आयोजन बड़े सुव्यवस्थित तरीके से किया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव अपने चरम पर है जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने 26 भारतीयों की हत्या कर दी थी।

# स्मृति मंधाना आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

दुबई। मौजूदा महिला एकदिवसीय विश्व कप के दो मैच में कमजोर प्रदर्शन के बावजूद भारत की स्टार क्रिकेटर स्मृति मंधाना आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं लेकिन उनकी बढ़त कम हो गई है। स्मृति के 791 रेटिंग अंक हैं और वह इंग्लैंड की नेट स्किवर ब्रंट से 60 अंक आगे हैं। विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन महिला एकदिवसीय मैच की श्रृंखला में लगातार दो शतक जड़ने वाली स्मृति श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ आठ जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 23 रन ही बना सकीं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 713 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की ताजमिना ब्रिट्स (706) और ऑस्ट्रेलिया की एश्लेग गार्डनर (697) न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़ने के बाद आईसीसी रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। ताजमिन को दो जबकि गार्डनर को सात स्थान का फायदा हुआ है और ये दोनों अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गई हैं। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन भी सात स्थान के फायदे से आठवें पायदान पर हैं जबकि शनिवार को कोलंबो में भारत के खिलाफ 81 रन की पारी खेलने वाली पाकिस्तान की दायें हाथ की बल्लेबाज सिदरा अमीन ने भी अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 10वीं रैंकिंग की बराबरी कर ली है। इंग्लैंड की सोफी एकलेस्टोन गेंदबाजी रैंकिंग में 792 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। स्पिनर दीप्ति शर्मा (640) शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। वह एक स्थान के नुकसान से छठे पायदान पर हैं। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां दो महत्वपूर्ण मैच खेलने वाली भारतीय टीम के बल्लेबाजों को संतुलित पिच से मिलने वाली मदद से राहत मिलेगी क्योंकि मेजबान टीम की बल्लेबाज मौजूदा महिला क्रिकेट विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम बृहस्पतिवार को दक्षिण अफ्रीका और 12 अक्टूबर को गत विजेता ऑस्ट्रेलिया क[े] खिलाफ यहां एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में भिड़ेगी। यह मैदान 23 जनवरी 2014 को श्रीलंका के खिलाफ भारत के मैच के बाद 11 साल के अंतराल पर किसी महिला एकदिवसीय मैच की मेजबानी कर रहा है। आंध्र क्रिकेट संघ (एसीए) के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, अगर आप आईपीएल सहित पिछले कुछ मैचों पर नजर डालें तो पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार होगी। अगर ओस नहीं होगी तो गेंदबाजों, विशेषकर स्पिनरों को मैच आगे बढ़ने पर कुछ मदद मिलेगी। यहां टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में आम तौर पर बड़े स्कोर देखने को मिलते हैं क्योंकि भारतीय पुरुष टीम और दिल्ली कैपिटल्स (आईपीएल में) दोनों ही 200 से अधिक रन का लक्ष्य हासिल करने में सफल रहे हैं। पुरुषों के वनडे में 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का पांच विकेट पर 387 रन का स्कोर इस स्टेडियम पर सर्वोच्च स्कोर है। इस स्टेडियम में चार बार 320 से अधिक और छह बार 280 से 299 के बीच स्कोर बना है। भारतीय महिला टीम इन आंकड़ों का तहे दिल से स्वागत करेगी क्योंकि उसे आईसीसी के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में गुवाहाटी और कोलंबो में क्रमशः आठ विकेट पर 269 रन (श्रीलंका के खिलाफ) और 247 रन (पाकिस्तान के खिलाफ) बनाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 12 अक्टूबर को होने वाले मैच से पहले एसीए-वीडीसीए स्टेडियम के स्टैंड को पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज और विकेटकीपर रवि कल्पना का नाम दिया जाएगा। यह फैसला भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना द्वारा अगस्त में ब्रेकिंग द बाउंड्रीज कार्यक्रम के दौरान आंध्र प्रदेश के आईटी मंत्री नारा लोकेश को दिए गए सुझाव के बाद लिया गया। एसीए ने एक बयान में कहा मिताली राज और रवि कल्पना को एसीए की सराहना उन खिलाड़ियों को सम्मानित करने की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है जिन्होंने भारत में महिला क्रिकेट को नया रूप दिया है और साथ ही अगली पीढ़ी को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया है। मिताली ने 232 एकदिवसीय मैच में 50.68 की औसत से सात शतक के साथ 7805 रन बनाए जबकि उन्होंने 89 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 17 अर्द्धशतक के साथ 2364 रन जोड़े।




## संक्षेप

### बैडमिंटन : भारत ने श्रीलंका को हराकर दर्ज की दूसरी जीत

गुवाहाटी। भारत ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां सुहानदिनाता कप के लिए बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप की मिश्रित टीम स्पर्धा के ग्रुप एच में श्रीलंका को हराकर नॉकआउट चरण में जगह बनाने की ओर कदम बढ़ाए। ग्रुप एच में शीर्ष पर रहने के प्रबल दावेदार और दूसरे वरीय भारत ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए श्रीलंका को 45-27, 45-21 से हराया। श्रीलंका ने सोमवार को करीबी मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को शिकस्त दी थी। अन्य शीर्ष देशों में 14 बार के चैंपियन चीन और पूर्व चैंपियन दक्षिण कोरिया ने अपने-अपने ग्रुप में दूसरी जीत दर्ज की जबकि फिलिपीन्स ने हांगकांग को 42-45, 45-28, 45-43 से हराकर उलटफेर किया।

### भारतीय खिलाड़ी न्यूयॉर्क स्क्वाश टूर्नामेंट में हारे

नयी दिल्ली। भारत के वेलावन सेंथिलकुमार, वीर चोटरानी और रमित टंडन को न्यूयॉर्क में 74 हजार डॉलर इनामी पीएसए कांस्य प्रतियोगिता ओपन स्क्वाश क्लासिक के प्री क्वार्टर फाइनल में सोमवार को अपने-अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। गत राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 45वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार को मैक्सिको के चौथे वरीय लियोनल कार्डेनास के खिलाफ 7-11, 6-11, 4-11 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि आठवें वरीय टंडन को इंग्लैंड के एड्रियन वालेर के खिलाफ 11-6, 9-11, 8-11, 11-8, 7-11 से हार मिली। चोटरानी को फ्रांस के दूसरे वरीय विक्टर क्रोइन के खिलाफ 1-11, 8-11, 5-11 से हार का समना करना पड़ा।

### आनंद और कास्परोव के बीच फिर होगा मुकाबला

सेंट लुई (अमेरिका)। पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और गैरी कास्परोव 30 साल बाद अपनी प्रतिद्वंद्विता को फिर जीवंत करेंगे जब वे बुधवार से यहां क्लच शतरंजः द लीजेंड्स टूर्नामेंट में आमने-सामने होंगे। इस 12 बाजी वाले शतरंज मुकाबले की कुल इनामी राशि 1,44,000 डॉलर होगी और इसका आयोजन नवीनीकृत सेंट लुई शतरंज क्लब में किया जाएगा। वर्ष 1995 में न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 107वीं मंजिल पर क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप मैच खेलने के बाद खेल के ये दो दिग्गज रैपिड एवं ब्लिट्ज प्रारूप में एक बार फिर आमने-सामने होंगे जिसे हाल ही में फ्रीस्टाइल शतरंज का नाम दिया गया है।

# ओसाका ने वुहान ओपन में लेला को हराया

एजेंसी

वुहान (चीन)। नाओमी ओसाका ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मंगलवार को यहां लेला फर्नांडिज को हराकर डब्ल्यूटीए 1000 लेवल वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। वर्ष 2017 के बाद यहां पहली बार खेल रही ओसाका ने सेंटर कोर्ट पर दिन के पहले मैच में फर्नांडिज के खिलाफ 4-6, 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। ऐमा राडुकानु जब आन ली के खिलाफ 1-6,1-4 से पिछड़ रहीं थीं तो उन्हें चक्कर आने के कारण मुकाबले के बीच से हटना पड़ा। सोफिया केनिन ने अनास्तासिया जखारोवा को 3-6, 7-6, 6-3 से हराया। वह दूसरे दौर में 16वें नंबर की खिलाड़ी लुइडमिला सैमसोनोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने एमिलियाना एरेंगो को 6-1, 7-5 से शिकस्त दी। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक मेरी बुजकोवा के खिलाफ दूसरे दौर के मुकाबले के साथ वुहान टूर्नामेंट में पदार्पण करेंगी।



### भारत में क्रिकेट की तरह कोरिया में तीरंदाजी की लोकप्रियता : एलिसन

कोलकाता। अमेरिका के दिग्गज तीरंदाज ब्रैडी एलिसन ने कहा कि दक्षिण कोरिया की तीरंदाजी में बादशाहत वहां के पेशेवर ढांचे का परिणाम है जहां इस खेल की लोकप्रियता की तुलना भारत में क्रिकेट की तरह है। कोरिया का दबदबा पेरिस 2024 ओलंपिक में भी कायम रहा जहां महिलाओं की टीम ने लगातार 10वां ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। कोरिया की महिला टीम 1988 सियोल ओलंपिक से अब तक अजेय रही है। पुरुष वर्ग में किम वू-जिन ने अपने करियर का पांचवां ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता जो किसी भी तीरंदाज द्वारा सबसे ज्यादा है। पांच बार के ओलंपियन एलिसन ने दिल्ली में आयोजित तीरंदाजी प्रीमियर लीग से इतर पीटीआई को दिये विशेष साक्षात्कार में कहा कोरिया दुनिया का इकलौता देश है जहां तीरंदाजी के लिए समर्पित पेशेवर प्रणाली है। उनके हर तीरंदाज का मुख्य पेशा यह है और उनकी रोजी रोटी इस खेल से चलती है, ।इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता की वह तीरंदाज राष्ट्रीय टीम में हो या नहीं। उन्होंने कहा वहां तीरंदाजी वैसी है जैसे भारत में क्रिकेट या अमेरिका में फुटबॉल। बच्चे काफी कम उम्र से ही पेशेवर तीरंदाज बनने का सपना देखते हैं। उनके 50वें रैंक के खिलाड़ी की आमदनी शायद मुझसे ज्यादा है।

### अजय बाबू विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 16वें स्थान पर

फोर्डे (नॉर्वे)। राष्ट्रमंडल चैंपियन भारोत्तोलक अजय बाबू वल्लूरी यहां विश्व चैंपियनशिप में पुरुष 79 किग्रा वर्ग में 16वें स्थान पर रहे जिससे मीराबाई चानू के 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक के बाद भारतीय खिलाड़ी प्रभावित करने में नाकाम रहे। बीस साल के अजय ने कुल 323 किग्रा (146 किग्रा स्नैच और 177 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाया और सोमवार को 39 प्रतिभागियों के बीच 16वां स्थान हासिल किया।

# पाक पर अपनी दावेदारी को मजबूत करने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी

कोलंबा। अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने वाला ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट में लय हासिल करने के लिए जूझ रही है। इस वैश्विक प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया का शानदार प्रदर्शन अन्य टीम के प्रदर्शन से

महिला विश्व कप 2025

बिल्कुल अलग रहा है। एलिसा हीली की अगुवाई वाली टीम अब तक टूर्नामेंट में 300 से अधिक का स्कोर बनाने वाली एकमात्र टीम रही है और पिछले दो मैच में बांग्लादेश और भारत के खिलाफ कमजोर दिखे पाकिस्तान के खिलाफ एक और बड़ा स्कोर खड़ा कर सकती है। ऑस्ट्रेलिया ने 300 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन की आसान जीत दर्ज की थी।

टीम की नजरें रिकॉर्ड में सुधार करने वाले आठवें विश्व कप खिताब पर टिकी हैं। हालांकि सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली, बेथ मूनी और एनाबेल सदरलैंड जैसी बल्लेबाज लड़खड़ा रही हैं लेकिन एश्ले गार्डनर ने इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में शानदार शतक जड़कर अंत में मुकाबला एकतरफा बना दिया। एनाबेल सदरलैंड की तेज गेंदबाजी और सोफी मोलिन्यु की स्पिन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गेंदबाजी विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और इंग्लैंड, भारत तथा दक्षिण अफ्रीका जैसी कड़ी टीमों से मुकाबला करने से पहले टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अपनी रणनीति को और मजबूत करने की कोशिश करेगी। भारत के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला ने ऑस्ट्रेलिया को उपमहाद्वीप के मैदानों पर कड़ी मेहनत के लिए अच्छी तरह तैयार किया है और पाकिस्तान के उसे परेशान करने की संभावना नहीं है। बांग्लादेश और भारत के खिलाफ हार के बाद पाकिस्तान आठ टीम के टूर्नामेंट में अभी अंतिम स्थान पर है। हालांकि शनिवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ रद्द हुआ मैच ऑस्ट्रेलिया के लिए निराशाजनक रहा क्योंकि इसने टीम से दो अंक अर्जित करने और तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका छीन लिया। फातिमा सना की अगुआई वाली पाकिस्तान की टीम बांग्लादेश और भारत (88 रन से हार) के खिलाफ मैच में खेल के सभी विभागों में कमजोर साबित हुई। टीम की बल्लेबाजी में गहराई की कमी और मध्यक्रम में अच्छे बल्लेबाजों की अनुपस्थिति के कारण पाकिस्तान टूर्नामेंट में अब तक दो मैच में 200 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया है। इन दो मैच में सिदरा अमीन, फातिमा सना और मुनीबा अली जैसी स्टार बल्लेबाज संघर्ष करती दिखीं।

कप्तान सना और डायना बेग की अगुवाई में टीम की गेंदबाज बांग्लादेश के खिलाफ लाइन और लेंथ के लिए जूझती दिखीं और 18 अतिरिक्त रन दे बैठीं। हालांकि चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया और बेग ने चार विकेट लिए। सिदरा अमीन के अर्धशतक के बावजूद बल्लेबाज उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाईं और टीम को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के संतुलन और अनुभव को देखते हुए पाकिस्तान के परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ होने के बावजूद उन्हें कड़ी टक्कर दे पाने की संभावना कम ही है।



### भारत अंडर 19 ने ऑस्ट्रेलिया पर बढ़त हासिल की

मैके (ऑस्ट्रेलिया)। हेनिल पटेल और खिलन पटेल की अगुवाई में अनुशासित गेंदबाजी प्रदर्शन से भारत अंडर-19 टीम ने मंगलवार को यहां दूसरे युवा टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को 135 रनों पर ऑलआउट करने के बाद पहली पारी में सात विकेट गंवाकर नौ रन की मामूली बढ़त हासिल कर ली।

दायें हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल पटेल और बाएं हाथ के स्पिनर खिलन पटेल ने क्रमशः 21 और 23 रन देकर तीन-तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के बल्लेबाजों को परेशान किया जिससे उनकी टीम 43.3 ओवर में सिमट गई। विकेटकीपर एलेक्स ली यंग ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा 66 रन (108 गेंदों में) बनाए। कप्तान विल मलाजचुक ने 10 और यश देशमुख ने 22 रन का योगदान दिया, जबकि अन्य बल्लेबाज दहाई के आंकड़े में भी नहीं पहुंच पाये। ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने सुबह के सत्र में 10वें ओवर तक 32 रन तक ही पांच विकेट गंवा दिए।

यंग और देशमुख ने इसके बाद छठे विकेट के लिए 59 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को वापसी दिलाने की कोशिश की। यह साझेदारी खिलन की गेंद पर देशमुख के आउट होने से टूटी जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने 44 रन के अंदर आखिरी के पांच विकेट गंवा दिये।

भारत के लिए तेज गेंदबाज उद्धव मोहन ने दो विकेट लिए जबकि दीपेश देवेंद्र को एक सफलता मिली। भारत ने दिन का खेल खत्म होने तक 40 ओवर में 144 रन तक सात विकेट गंवा दिये। स्टंप्स के समय हेनिल और दीपेश क्रमशः 22 और छह रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे।

### भारत व ऑस्ट्रेलिया एकदिवसीय मैच में स्टार्क की वापसी

मेलबर्न। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की 19 अक्टूबर से भारत के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैच की घरेलू श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई एकदिवसीय टीम में वापसी हुई है जबकि पैट कमिंस की अनुपस्थिति में मिचेल मार्श टीम की कप्तानी जारी रखेंगे। पिछले महीने टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से संन्यास लेने वाले स्टार्क वेस्टइंडीज के टेस्ट दौरे से लौटने के बाद अगस्त में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर रहे थे। एशेज से पहले उनके काम के बोझ को सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया जा रहा है। उन्होंने पिछला एकदिवसीय मैच नवंबर 2024 में एडीलेड में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1-2 से मिली हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई एकदिवसीय टीम में शामिल किए गए चार खिलाड़ियों में से स्टार्क एक हैं। इसके अलावा पदार्पण का इंतजार कर रहे बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ, मैट शॉर्ट और मिच ओवेन को भी टीम में जगह मिली है। शॉर्ट पिछली श्रृंखला में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण नहीं खेल पाए थे और ओवेन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय चरण के दौरान कन्कशन का शिकार हो गए थे। कमिंस की अनुपस्थिति में मार्श एकदिवसीय टीम की कप्तानी जारी रखेंगे जो एशेज की तैयारी के लिए कमर की हड्डी में खिंचाव से उबर रहे हैं।

# बीएफआई कप के पुरुष वर्ग में सेना के मुक्केबाजों का दबदबा

एजेंसी

चेन्नई। सेना के मुक्केबाजों ने पहले बीएफआई कप के मंगलवार को यहां संपन्न पुरुष वर्ग में दबदबा कायम किया जिसमें एस विश्वनाथ, मोहम्मद हुसामुद्दीन, वंशज, सचिन और अंकुश ने फाइनल में शानदार जीत दर्ज की। एशियाई अंडर-22 चैंपियन सेना के एस विश्वनाथ ने 47-50 किग्रा वर्ग के फाइनल में हरियाणा के आशीष पर 5-0 की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। सेना के आशीष ने 50-55 किग्रा वर्ग के करीबी मुकाबले में एआईपी के नवराज को 3-2 से हराया। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सेना के हुसामुद्दीन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 55-60 किग्रा वर्ग के मुकाबले में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के सागर जाखड़ को 5-0 से हराया। सेना के वंशज ने 60-65 किग्रा वर्ग में अपनी ही टीम के प्रीत मलिक को 3-2 से शिकस्त दी जबकि साइ के सुमित कुमार ने 65-70 किग्रा के फाइनल में सेना के रजत को 5-0 से हराया। सेना के सचिन ने 70-75 किग्रा के फाइनल में हरियाणा के नीरज के खिलाफ 5-0 की आसान जीत के साथ टीम का दबदबा बनाए रखा जबकि टीम के उनके साथी अंकुश ने 75-80 किग्रा के फाइनल में चंडीगढ़ के अमन पर 5-0 की एकतरफा जीत दर्ज की। सेना के नवीन बूरा ने 80-85 किग्रा वर्ग में रेलवे के विनीत को हराया जबकि साइ के दक्ष ने सेना के विशाल गुप्ता को 3-2 से हराकर 85-90 किग्रा का खिताब जीता। प्रतियोगिता के अंतिम फाइनल में 90 किग्रा से अधिक के सुपर हैवीवेट वर्ग में चंडीगढ़ के सावन गिल ने साइ के लक्ष्य राठी को 3-2 से हराया। सेना की टीम सात स्वर्ण पदक के साथ शीर्ष पर रही जबकि हरियाणा और रेलवे ने पदक तालिका में क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। व्यक्तिगत पुरस्कारों में 54 किग्रा वर्ग की विजेता महाराष्ट्र की खुशी जाधव को महिलाओं में सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज चुना गया जबकि राजस्थान की पार्थवी ग्रेवाल (65 किग्रा) को सर्वश्रेष्ठ चैलेंजर और तमिलनाडु की जी रेसिका (80 किग्रा से अधिक) को सबसे होनहार मुक्केबाज चुना गया। पुरुष वर्ग में सेना के आशीष (55 किग्रा) ने सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज का खिताब जीता जबकि साइ के लक्ष्य राठी (90 किग्रा से अधिक) को सर्वश्रेष्ठ चैलेंजर और तमिलनाडु के लुकास (50 किग्रा) को सबसे होनहार मुक्केबाज का पुरस्कार मिला।

# नेटवर्क सुरक्षा प्रणाली की मजबूती जरूरी



मुंबई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपने भी कई डीपफेक वीडियो की मौजूदगी का उल्लेख करते हुए लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का आह्वान किया। सीतारमण ने यहां वार्षिक ग्लोबल फिनटेक फेस्ट को संबोधित करते हुए कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) वित्त एवं शासन के साथ रोजमर्रा की जिंदगी को भी बदल रहा है। हालांकि उन्होंने यह सुनिश्चित करने की जरूरत पर बल दिया कि प्रौद्योगिकी उन्नति मानवता की सेवा करे। वित्त मंत्री ने उन्नत प्रौद्योगिकी के अंधेरे पहलू से भी निपटने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

सीतारमण ने कहा, जो उपकरण नवाचार को शक्ति प्रदान करते हैं, उन्हीं का इस्तेमाल धोखे और जालसाजी के लिए भी किया जा सकता है। मैं इसे व्यक्तिगत नहीं बना रही हूं, लेकिन मैं कह सकती हूं कि मैंने अपने कई डीपफेक वीडियो को ऑनलाइन प्रसारित होते हुए देखा है। इन डीपफेक वीडियो का इस्तेमाल नागरिकों को गुमराह करने और तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि ये वीडियो इस बात की याद दिलाते हैं कि हमें ऐसे लोगों के खिलाफ अपनी सुरक्षा व्यवस्था को तत्परता से बढ़ाने की कितनी जरूरत है। डीपफेक वीडियो में एआई एवं मशीन लर्निंग तकनीकों के इस्तेमाल से किसी व्यक्ति के चेहरे, आवाज या हाव-भाव को किसी अन्य व्यक्ति या परिस्थिति में नकली रूप से जोड़ा जाता है। इसे देखकर आम लोग अक्सर इसे असली वीडियो समझ लेते हैं। उन्होंने कहा, नई पीढ़ी की धोखाधड़ी अब फायरवॉल तोड़ने के बारे में नहीं, बल्कि विश्वास को तोड़ने के बारे में है। अपराधी आवाज की नकलकरने, पहचान की नकल करने और लोगों को गुमराह करने वाले असली लगने वाले वीडियो बनाने के लिए एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। सीतारमण ने कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी में सक्रिय नवोन्मेषकों, निवेशकों और नियामकों सहित पूरे परिवेश की इस मोर्चे पर महत्वपूर्ण भूमिका है। वित्त मंत्री ने कहा कि नवोन्मेषी होने के साथ वित्तीय प्रणालियों को लचीला, सुरक्षित और समावेशी होना चाहिए। उन्होंने समर्पित एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) हैंडल के जरिये निवेशकों को लक्षित करने वाले नकली वीडियो और झूठे प्रतिनिधित्व के मुद्दे को हल करने के लिए बाजार नियामक सेबी के प्रयासों की सराहना की।

## सीतारमण ने गिफ्ट सिटी में विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली की शुरुआत की

मुंबई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गिफ्ट आईएफएससी में विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली की मंगलवार को शुरुआत की जो वास्तविक समय में निर्बाध लेनदेन की सुविधा प्रदान करेगी। साथ ही यह नगदी प्रबंधन को बेहतर बनाएगी और अनुपालन सुनिश्चित करेगी। विदेशी मुद्रा लेनदेन वर्तमान में आमतौर पर 36 से 48 घंटों के अंतराल में पूरा हो पाता है। ग्लोबलफिनटेक फेस्ट 2025 में वित्त मंत्री ने कहा कि विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली के संचालन के साथ गिफ्ट सिटी हांगकांग, तोक्यो, मनीला सहित कुछ अन्य चुनिंदा वित्तीय केंद्रों की सूची में शामिल हो गई है जिनके पास स्थानीय स्तर पर विदेशी मुद्रा लेनदेन को पूरा करने का बुनियादी ढांचा है। वित्तीय प्रौद्योगिकी ने देश में वित्त का लोकतंत्रीकरण किया है।

# ब्रिटिश प्रधानमंत्री आज से भारत यात्रा पर व्यापार और निवेश संबंधों पर रहेगा जोर



लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर की बुधवार से शुरू होने वाली भारत की पहली आधिकारिक भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग समेत समग्र द्विपक्षीय साझेदारी पर बातचीत होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर होने वाली इस दो-दिवसीय यात्रा के दौरान दोनों नेता भारत-ब्रिटेन समग्र रणनीतिक साझेदारी के सभी पहलुओं का आकलन विजन 2035 को ध्यान में रखते हुए करेंगे। इस 10-वर्षीय रोडमैप पर जुलाई में भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के साथ सहमति जताई गई थी। मुख्य रूप से समग्र आर्थिक एवं व्यापारिक समझौता (सीईटीए) मोदी और स्टार्मर की द्विपक्षीय वार्ता के केंद्र में होगा। यह समझौता ब्रिटिश संसद का अनुमोदन मिलने के बाद 90 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर सीमा शुल्क हटाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री के साथ 100 से अधिक व्यापारिक नेताओं, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और सांस्कृतिक प्रमुखों का एक प्रतिनिधिमंडल भी भारत दौरे पर जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल व्यापार, निवेश, शिक्षा और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने की कोशिश करेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में ब्रिटिश तेल कंपनी बीपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मरे ऑकिनक्लॉस भी शामिल हैं। यह इस साल की उनकी तीसरी भारत यात्रा होगी जो बीपी की नजर में भारतीय बाजार की अहमियत को दर्शाती है। ब्रिटेन-भारत गलियारा वैश्विक स्तर पर सबसे आशाजनक आर्थिक संबंधों में से एक है। हम नवाचार, अवसर और आपसी महत्वाकांक्षा पर आधारित इसकी निरंतर वृद्धि का समर्थन करने के लिए तत्पर हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, स्टार्मर की यह यात्रा रणनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। भारत और ब्रिटेन की नौसेनाएं इस समय अरब सागर में संयुक्त अभ्यास कोंकण में जुटी हुई हैं। इससे दोनों देशों के रक्षा, तकनीकी और औद्योगिक साझेदारी के अवसर भी चर्चा में आएंगे।

## संक्षेप

### दिल्ली में भारी बारिश, येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी

नयी दिल्ली। दिल्ली के कई हिस्सों में मंगलवार दोपहर आसमान में बादल छा गए और भारी बारिश हुई। राष्ट्रीय राजधानी में अचानक बदले मौसम के मिजाज से लोग हैरान रह गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राष्ट्रीय राजधानी के लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया तथा हल्की गरज व बिजली के साथ मध्यम बारिश का अनुमान जताया। मौसम विभाग ने बताया कि मध्य, दक्षिण-पश्चिम, पश्चिम, उत्तर-पश्चिम और उत्तरी दिल्ली के कुछ हिस्सों में मध्यम गरज के साथ बिजली, ओलावृष्टि और 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलने का अनुमान है। राजधानी में मंगलवार सुबह बारिश हुई और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री कम 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने क्षेत्र को प्रभावित करने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण दिन में हल्की बारिश का अनुमान जताया है। आईएमडी के अनुसार, मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे समाप्त हुए 24 घंटों में सफदरजंग में 12.6 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई जबकि पालम और रिज में क्रमशः 11 मिमी और 11.7 मिमी बारिश हुई। आईएमडी ने बताया कि अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

# हिमाचल प्रदेश में लगातार तीसरे दिन बर्फबारी, तापमान गिरा

शिमला। हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन बर्फबारी हुई, जबकि मध्यम और निचले पहाड़ी इलाकों में रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश हुई, जिससे पारा नीचे आ गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी।

लाहौल और स्पीति जिले के गोंडला में 26.5 सेमी, केलांग में 20 सेमी और कुकुम्सेरी में 5.6 मिमी बर्फबारी हुई, जबकि चंबा जिले के सुदूर जनजातीय पांगी क्षेत्र में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। पांगी घाटी के सुराल, कुमार, सेइचू, शून, उदिन और चसक के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी की खबर है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और स्थानीय प्रशासन ने लोगों को ऊंचे स्थानों पर जाने से बचने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने मंगलवार को चंबा, कांगड़ा और कुल्लू जिलों के अलग-अलग इलाकों में भारी बारिश, बिजली कड़कने और तेज हवाओं (40-50 किमी प्रति घंटे) के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। लाहौल और स्पीति जिले में तेज हवाओं के साथ भारी बारिशाबर्फबारी के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

# मोदी ने तीन राष्ट्रीय चुनाव जिताया : शाह



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि कर्म योगी नरेन्द्र मोदी ने 24 साल पहले आज ही के दिन गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में संविधान की शपथ ली थी और जनसेवा की अपनी लंबी पारी के दौरान उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि जब दृष्टि राष्ट्र प्रथम और मिशन विकसित भारत हो, तो नेतृत्व करोड़ों लोगों के जीवन में कैसे बदलाव ला सकता है।

गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में लगातार तीन विधानसभा चुनावों में भाजपा को जीत दिलाने के बाद, मोदी 2014 से प्रधानमंत्री के रूप में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का नेतृत्व कर रहे हैं और लगातार तीन राष्ट्रीय चुनाव जिता चुके हैं। शाह ने एक्स पर लिखा, राष्ट्र और जनसेवा को समर्पित 24 वर्षउ यह दिन पूरे देश के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है, जब निःस्वार्थ भाव से जनसेवा को समर्पित एक कर्मयोगी ने संविधान की शपथ लेकर लोगों की समस्याओं को अपना माना, उनका निवारण शुरू किया और ये समस्याएं इतिहास बनती चली गईं। गृह मंत्री ने कहा कि इन 24 वर्षों में, चाहे गुजरात के किसानों, महिलाओं, उद्योग और शिक्षा का कायाकल्प करना हो या फिर प्रधानमंत्री के रूप में देश की सुरक्षा, गरीबों के कल्याण और पिछड़े, दलित व जनजातीय समुदाय सहित सभी वर्गों का उत्थान करना हो, मोदी जी ने यह सिद्ध कर दिया कि जब विजन राष्ट्रप्रथम हो और मिशन विकसित भारत, तब एक नेतृत्व कैसे करोड़ों लोगों के जीवन में परिवर्तन ला सकता है।

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों ने एकजुटता का प्रदर्शन किया: राष्ट्रपति



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि देश के सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एकजुटता और रणनीतिक दूरदर्शिता की ताकत का प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार आतंकवादी बुनियादी ढांचे को ध्वस्त किया गया।

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान के नियंत्रण वाले इलाकों में आतंकी ढांचों को निशाना बनाया गया। इस हमले के बाद चार दिनों तक भीषण झड़पें हुईं, जो 10 मई को सैन्य कार्वाई रोकने पर सहमति के साथ समाप्त हुईं। यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के 65वें पाठ्यक्रम के संकाय और पाठ्यक्रम सदस्यों को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि बदलते भू-राजनीतिक माहौल और सुरक्षा संदर्भ गतिशील प्रतिक्रियाओं की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत सशस्त्र बलों को तकनीकी रूप से उन्नत युद्ध के लिए तैयार बल के रूप में परिवर्तित करने में लगा हुआ है, जो बहु-क्षेत्रीय एकीकृत अभियान में सक्षम हो। राष्ट्रपति ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सशस्त्र बलों ने एकजुटता और रणनीतिक दूरदर्शिता की ताकत का प्रदर्शन किया। सेना के तीनो अंगों की बेहतर प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप प्रभावी तालमेल स्थापित हुआ। मुर्मू ने सशस्त्र बलों के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा, नियंत्रण रेखा के पार और सीमा पार के क्षेत्रों में अंदर तक आतंकी बुनियादी ढांचे को ध्वस्त करने के सफल अभियान के पीछे यही तालमेल था। राष्ट्रपति ने कहा कि एकजुटता को बढ़ावा देने की प्रक्रिया सैन्य मामलों के विभाग के गठन के साथ शुरू हुई, जिसके सचिव प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) हैं। उन्होंने कहा, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि एकीकृत थिएटर कमांड और एकीकृत युद्धक समूहों की स्थापना के माध्यम से सशस्त्र बलों के पुनर्गठन के प्रयास चल रहे हैं। मुर्मू ने कहा कि सार्वभौमिक मूल्य हमारे राष्ट्रीय हितों को परिभाषित करने के मूल में हैं और भारतीय परंपरा ने हमेशा पूरी मानवता को एक परिवार के रूप में देखा है। संपूर्ण विश्व एक परिवार है, यह समृद्ध भावना वसुधैव कुटुम्बकम में व्यक्त होती है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वार्ता लगातार जारी : गोयल



दोहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर लगातार बातचीत कर रहे हैं। नवंबर में वार्ता पूरी करने की सभी संभावनाएं मौजूद हैं।

गोयल ने अगले दौर की व्यापार वार्ता प्रत्यक्ष रूप से होने की संभावना पर कहा कि हर संभावना मौजूद है, लेकिन अमेरिका में इस समय शटडाउन यानी विभागों के लिए वित्त पोषण पर सहमति नहीं होने से कामकाज ठप होने से यह देखना बाकी है कि अगले दौर की वार्ता कैसे, कहां और कब हो सकती है। आप सब जानते हैं कि अमेरिका में आजकल सरकार शटडाउन मोड में है, तो उसके मद्देनजर देखना पड़ेगा कि कैसे बातचीत हो सकती है, कहां हो सकती है और कब हो सकती है। अमेरिका में एक अक्टूबर की आधी रात से कुछ विभागों में कामकाज ठप हुआ है। इसका कारण कांग्रेस (अमेरिकी संसद) वित्त पोषण विधेयक पारित करने में विफल रही है। सैद्धांतिक रूप से, इसका मतलब है कि कई सरकारी कर्मचारियों को अभी वेतन नहीं मिलेगा और सेवा केंद्र बंद हैं। हालांकि, रक्षा और सामाजिक क्षेत्र जैसे महत्वपूर्ण कार्य जारी रहेंगे। गोयल एक दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आए हैं। हम (व्यापार समझौते पर) अमेरिका के साथ लगातार बातचीत कर रहे हैं और विभिन्न स्तरों पर बातचीत चल रही है। हम जल्द ही इस बारे में और जानकारी देंगे कि हम इसे कैसे आगे बढ़ाने की सोच रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या दोनों पक्ष वार्ता समाप्त करने के लिए नवंबर की समय-सीमा का पालन कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा, इसकी पूरी संभावना है। पिछले महीने गोयल ने व्यापार वार्ता के लिए न्यूयॉर्क में एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था। उस बैठक के बाद भारत और अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर शीघ्र निष्कर्ष निकालने के लिए बातचीत जारी रखने का निर्णय लिया। कतर में भारतीय व्यवसायों के साथ साझेदारी को लेकर काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि यह उत्सुकता न केवल दोनों देशों में निवेश के लिए है, बल्कि तीसरे देशों की परियोजनाओं में सहयोग के लिए भी है। कतर स्थित अल बालाघ, लार्सन एंड टुब्रो का भागीदार है।

## इंटरटेनमेंट...

# धोखाधड़ी मामले में शिल्पा शेट्टी से पूछताछ



- साढ़े 4 घंटे तक ईओडब्ल्यू के सवाल-जवाब, पति राज कुंद्रा समेत 5 के बयान भी दर्ज

**मुंबई।** बिजनेसमैन ने अगस्त 2025 में शिल्पा और राज के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत की थी। शिल्पा शेट्टी से 60 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में ईओडब्ल्यू (इकोनॉमिक ऑफेंस विंग) की टीम ने पूछताछ की है। ईओडब्ल्यू की टीम करीब साढ़े 4 घंटे तक एक्ट्रेस से सवाल-जवाब करती रही। उनके अलावा शिल्पा के पति राज कुंद्रा का बयान भी दर्ज किया गया है। उनका नाम भी शिकायत में दर्ज है। अफसरों ने शिल्पा और राज कुंद्रा समेत 5 लोगों के बयान लिए हैं। उनसे पूरे लेन-देन की जानकारी ली गई। ये पूछताछ शिल्पा शेट्टी के मुंबई स्थित घर में हुई थी। फिलहाल जांच टीम उस कंपनी का ब्योरा निकाल रही है, जिससे उस समय शिल्पा और राज जुड़े हुए थे। इसी मामले में राज से बीते हफ्ते भी पूछताछ हुई थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि बेस्ट डील को दीपक कोठारी द्वारा दी गई रकम को बिपाशा बसु, नेहा धूपिया और प्रोड्यूसर एकता कपूर को बतौर प्रोफेशनल फीस दी जा चुकी थी। अगस्त में मुंबई के एक बिजनेसमैन दीपक कोठारी ने शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा पर 60 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में शिकायत दर्ज करवाई है। दीपक कोठारी के मुताबिक, उनकी मुलाकात 2015 में एजेंट राजेश आर्या के जरिए शिल्पा और कुंद्रा से हुई थी। उस समय दोनों बेस्ट डील टीवी के डायरेक्टर थे और शिल्पा के पास कंपनी के 87% से ज्यादा शेयर थे। शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ दर्ज मामले की एफआईआर की कॉपी। शिकायत के अनुसार, एक मीटिंग में तय हुआ कि शिल्पा और राज कुंद्रा की कंपनी को दीपक लोन देंगे। कंपनी के लिए 75 करोड़ रुपए का लोन मांगा था, जिस पर 12% सालाना ब्याज तय हुआ। दीपक कोठारी का आरोप है कि बाद में शिल्पा और कुंद्रा ने उनसे कहा कि लोन पर टैक्स की परेशानी आ सकती है, इसलिए इसे इन्वेस्टमेंट के रूप में दिखाते हैं और हर महीने रिटर्न देंगे।

# बिग बॉस कन्नड़-12 को तुरंत बंद करने के आदेश

- जिस स्टूडियो में शूटिंग हो रही है, वो सील होगा; 16 कंटेस्टेंट सेट में मौजूद, किच्चा सुदीप हैं होस्ट

**मुंबई।** कन्नड़ सिनेमा के सबसे ज्यादा देखे जा रहे शो बिग बॉस कन्नड़ सीजन 12 को बंद किया जा रहा है। ये आदेश कर्नाटक के ङरढउइ (कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) द्वारा दिया गया है। आरोप हैं कि बिदादी स्थित जिस स्टूडियो में शो की शूटिंग चल रही है, वहां पर्यावरण संबंधी नियमों का गंभीर उल्लंघन किया गया है।

बोर्ड द्वारा 6 अक्टूबर को वेल्स स्टूडियोज एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड को निर्देश दिया है कि साइट पर चल रहीं सभी गतिविधियां (शूटिंग समेत) तत्काल बंद की जाएं। बोर्ड के बयान के अनुसार, परिसर में बड़े पैमाने पर मनोरंजन और स्टूडियो चलाया जा रहा है, जबकि इसके लिए आवश्यक स्थापना की अनुमति और कंसेंट ऑफ ऑपरेशन नहीं लिया गया है। जो जल प्रदूषण निवारण और नियंत्रण अधिनियम 1974 और वायु प्रदूषण निवारण और नियंत्रण अधिनियम 1981 के विरुद्ध है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि अगर स्टूडियो द्वारा आदेश का पालन नहीं किया जाता और स्टूडियो तत्काल बंद नहीं किया जाता तो उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। बता दें कि इस स्टूडियो में बिग बॉस कन्नड़ के 12वें सीजन की शूटिंग जारी है।

### यौन शोषण के आरोप में कन्नड़ फिल्ममेकर हेमंत कुमार गिरफ्तार

मुंबई। बेंगलुरु पुलिस ने कन्नड़ फिल्ममेकर बीआई हेमंत कुमार को एक टीवी एक्ट्रेस की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। एक्ट्रेस ने उनके खिलाफ यौन शोषण, धोखाधड़ी, धमकी देने और ब्लैकमेलिंग जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। नवभारत टाइम्स के मुताबिक, एक्ट्रेस का आरोप है कि साल 2022 में हेमंत कुमार ने उन्हें अपनी फिल्म रिजी में लीड रोल का ऑफर दिया था। इस संबंध में एक कॉन्ट्रैक्ट साइन किया गया, जिसमें एक्ट्रेस को दो लाख रुपए देने का वादा किया गया था। इसमें से 60,000 रुपए एडवांस में दिए गए थे।

# 'कांतारा' की बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई




लखनऊ : ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा- चैप्टर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी जबरदस्त कमाई जारी रखी है। कांतारा: चैप्टर 1 भारत और विदेशों में हाउसफुल रही। 2022 की ब्लॉकबस्टर फिल्म की यह बहुप्रतीक्षित प्रीक्वल देश भर के सिनेमाघरों में धूम मचा रही है, जिसके धीमा पड़ने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। दशहरा पर अपनी शानदार रिलीज के बाद, फिल्म को असाधारण प्रतिक्रिया मिली है और तब से इसने अपनी गति को मजबूती से बनाए रखा है। फिल्म का चार दिनों का कलेक्शन बेहद प्रभावशाली रहा है और इसने ?235 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है, जबकि नाइट शो के आंकड़े उपलब्ध होने के बाद अंतिम कलेक्शन में और वृद्धि होने की भी संभावना है। फिल्म को विभिन्न विदेशी बाजारों में भी बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है। ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित, निर्देशित और अभिनीत, 'कांतारा: चैप्टर 1' उस गहन लोककथा की गहराई में उतरती है जिसने मूल ₹'कांतारा ₹ को एक सांस्कृतिक घटना बना दिया। 2022 में आई इस फिल्म की घटनाओं से एक हजार साल पहले की कहानी, जिसने 100 करोड़ रुपये के मामूली बजट पर 400 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की और दुनिया भर में 15 करोड़ रुपये की कमाई की, यह नया अध्याय इसके रहस्यमय और आध्यात्मिक ब्रह्मांड की उत्पत्ति की पड़ताल करता है। कांतारा: चैप्टर 1 एक आदिवासी समुदाय और एक जालिम राजा के बीच संघर्ष को दशार्ते हुए, संरक्षक देवता पांजुरली दैव की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इस फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों दोनों से खूब प्रशंसा मिल रही है, कई लोगों ने इसे एक सिनेमैटिक मास्टरपीस बताया है। इस फिल्म में रुक्मिणी वसंत, जयराम और गुलशन देवैया भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com